BBNL

एक्सेस एक्रॉस इंडिया
Access Across India

5वीं वार्षिक रिपोर्ट
(2016-17)

5th Annual Report
(2016-17)

भारत ब्रॉडबैन्ड नेटवर्क लिमिटेड
BHARAT BROADBAND NETWORK LIMITED

निदेशक मंडल / BOARD OF DIRECTORS

श्री संजय सिंह
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
Sh. Sanjay Singh
Chairman-Cum-Managing Director
DIN 07484614

श्री शशी रंजन कुमार
सरकारी निदेशक
Sh. Shashi Ranjan Kumar
Government Director
DIN 01911656

श्री महमूद अहमद
सरकारी निदेशक
Sh. Mahmood Ahmed
Government Director
DIN 07694375

श्री मनोज आनंद
निदेशक (वित्त)
Sh. Manoj Anand
Director (Finance)
DIN 07583289

श्री एन.के. जोशी
निदेशक (प्रचालन)
Sh. N.K. Joshi
Director (Operation)
DIN 03250336

श्री ए.के. सक्सैना
निदेशक (योजना)
Sh. A.K. Saxena
Director (Planning)
DIN 08007046

श्री आई. एस. शास्त्री
सरकारी निदेशक
Sh. I. S. Sastry
Government Director
(From 25.02.2012 to 16.12.2016)
DIN 00236807

श्री बी. के. मित्तल
निदेशक (प्रचालन एवं योजना)
Sh. B. K. Mittal
Director (Operation and Planning)
(From 29.07.2015 to 31.10.2017)
DIN 07251326

श्रीमती अरूणधती पांडा
निदेशक (वित्त)
Ms. Arundati Panda
Director (Finance)
(From 26.07.2012 to 25.07.2016)
DIN 05355640

पंजीकृत कार्यालय / Registered Office

कमरा सं. 306, तृतीय तल, सी–डॉट परिसर, मांडी गाँव रोड, महरौली, नई दिल्ली–110030

Room No. 306, 3rd Floor, C-DOT Campus, Mandi Gaon Road, Mehrauli, New Delhi-110030

कंपनी सचिव एवं विधि प्रमुख / Company Secretary & Head Legal

श्री ए.सी. उपाध्याय / Sh. A. C. Upadhyay

सांविधिक लेखापरीक्षक / Statutory Auditors

मै. रावला एंड कंपनी, सनदी लेखाकार

M/s Rawla & Company , Chartered Accountants

सचिवीय लेखाकार / Secretarial Auditor

मै. जे.के. गुप्ता एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिवीय

M/s J. K. Gupta & Associates, Company Secretaries

बैंकर / Banker

केनरा बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया / Canara Bank, State Bank of India

विषय–वस्तु

1.	अध्यक्ष का भाषण	1
2.	पांचवीं वार्षिक आम बैठक की नोटिस (सदस्यों के लिए सूचना)	4
3.	सदस्यों के लिए निर्देशकों की रिपोर्ट	9
4.	कारपोरेट अभिशासन के संबंध में कम्पनी की रिपोर्ट	28
5.	कारपोरेट गवर्नेंस मानदंडों के अनुपालन संबंधी प्रमाण–पत्र	35
6.	प्रबंधन का विचार–विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट	36
7.	आचार संहिता के अनुपालन संबंधी घोषणा	39
8.	सीईओ–सीएमडी / सीएफओ – निदेशक (वित्त) द्वारा वित्तीय विवरण का प्रमाण–पत्र / घोषणा	40
9.	सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट	41
10.	स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट	43
11.	तुलन–पत्र	47
12.	लाभ एवं हानि विवरण	48
13.	वित्तीय विवरणों का भाग बनने वाली टिप्पणियां	49
14.	नगद प्रवाह विवरण	67
15.	लेखापरीक्षकों की टिप्पणियों पर प्रबंधन का उत्तर	69
16.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां	71

CONTENTS

1.	Chairperson's Speech	73
2.	5th Annual General Meeting Notice (Notice to the Members)	76
3.	Board's Report to the Members	81
4.	Company's Report on Corporate Governance	100
5.	Certificate on Compliance of Corporate Governance Norms	107
6.	Management Discussion and Analysis Report	108
7.	Declaration Regarding Compliance with Code of Conduct	111
8.	Certification/declaration of financial statements by the CEO-CMD/CFO - Director (F)	112
9.	Secretarial Audit Report	113
10.	Independent Auditor's Report	115
11.	Balance Sheet	119
12.	Statement of Profit and Loss	120
13.	Notes forming part of the Financial Statements	121
14.	Cash Flow Statements	139
15.	Management's Reply to the Comments of the Statutory Auditors	141
16.	Comments of Comptroller and Auditor General of India	143

अस्वीकरण: हिन्दी संस्करण की व्याख्या की कठिनाई के मामले में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।
Disclaimer: In case of difficulty in the Interpretation of Hindi Version, English Version will prevail.

अध्यक्ष का भाषण

प्रिय शेयरधारकों,

मुझे आपकी कंपनी भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क के निदेशक मंडल की ओर से 5वीं वार्षिक आम बैठक में आपका स्वागत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। इस अवसर पर हमारे साथ आने के लिए मैं आप सबका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बोर्ड की रिपोर्ट, लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण और लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के साथ वार्षिक रिपोर्ट पहले ही आपके पास है।

1. प्रगतिः–

1.1 भारतनेट चरण–। (अद्यतन प्रगति)

बीबीएनएल भारतनेट परियोजना का निष्पादन कर रहा है जो देश में सभी 2,50,000 ग्राम पंचायतों को गैर–भेदभावपूर्ण आधार पर बैंडविथ और डार्क फाइबर दोनों के प्रावधान के लिए ब्लॉक मुख्यालयों तक जोड़ने का प्रमुख कार्यक्रम है। यह नेटवर्क प्रत्येक ग्राम पंचायत में वायर्ड मीडिया (ओएफसी) से 1 जीबीपीएस बैंडविथ प्रदान करने और वॉयरलैस मीडिया (रेडियो) से न्यूनतम 100 एमबीपीएस बैंडविथ जिसे 1 जीबीपीएस तक बढ़ाया जा सकता है, प्रदान करने में सक्षम है। भारतनेट द्वारा डिजिटल कनेक्टिविटी के प्रसार का विस्तार करने की आशा है जिसमें ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार की संभावनाएं पैदा करने की क्षमता है। ब्रॉडबैंड और इंटरनेट तथा ई–सेवाओं के प्रावधान का तीव्र, पारदर्शी और लागत प्रभावी अभिशासन के अतिरिक्त जीडीपी वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव है।

यह परियोजना 2011 में अनुमोदित की गई थी परंतु परियोजना के कार्यान्वयन का कार्य सर्वेक्षण किए जाने के पश्चात और तीन कार्यान्वयन सीपीएसयू द्वारा प्रायोगिक कार्य किए जाने के पश्चात 2014 के दूसरे भाग में आरंभ हुआ चूंकि इतनी बड़े स्तर की परियोजना के लिए उपकरण की प्रापण की प्रक्रिया में विलंब हो रहा था इसलिए सीपीएसयू के माध्यम से मई, 2016 में विकेंद्रीकृत प्रापण की प्रक्रिया और विकेंद्रीकृत निर्णय–निर्धारण की प्रक्रिया आरंभ की गई। निम्नलिखित की स्थापना करते हुए परियोजना के कार्यान्वयन की गति में तेजी आई–

i) सचिव, डीओटी के अंतर्गत अधिकार प्राप्त समिति।

ii) प्रशासक, यूएसओएफ के अंतर्गत अनुवीक्षण समिति की प्रत्येक पखवाड़े में बैठक।

iii) राज्य स्तरीय मुद्दों को हल करने के लिए मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम), बीएसएनएल के अंतर्गत राज्य समिति।

ये समितियां अंतर–एजेंसी संबंधी मुद्दों और कार्यान्वयन की गति में बाधा पहुंचाने वाले मुद्दों को हल करने में और साथ ही परियोजना की निगरानी में उपयोगी सिद्ध हुई हैं।

चरण–1 की प्रगति में समर्पित टीमों के गठन और विकेंद्रीकरण के माध्यम से प्रापण की प्रक्रिया में तेजी लाने और मुद्दों को हल करने से पिछले दो वर्षों में तेजी आई है। वर्तमान में चरण–1 में लिए गए 1,25,000 ग्राम पंचायतों (25,000 ग्राम पंचायतों के अतिरिक्त कार्य सहित) में से 1,13,469 ग्राम पंचायतों में डक्ट/पाइप पहले ही बिछा दी गयी हैं, 1,08,237 ग्राम पंचायतों में ओएफसी बिछाया गया है (25,0197 किलोमीटर), 1,00,364 ग्राम पंचायतों में उपकरण स्थापित किए गए हैं, 96,039 ग्राम पंचायतों में सेवा तैयार है ओर 59,124 ग्राम पंचायतों में सेवा खोल दी गई है।

कार्यान्वयन के दौरान यह पाया गया था कि चरण–1 के अंतर्गत इंटरकनेक्ट के फाइबर प्वाइंट (एफपीओआई) और ब्लॉक के बीच मौजूदा फाइबर (अर्थात लॉसी फाइबर) की अपर्याप्त गुणवत्ता एंड–टू–एंड कनेक्टिविटी को प्रभावित कर रही थी। यह नोट किया जाता है कि ओएफसी बिछाने तथा जीपोन उपकरण की उपलब्धता के बावजूद जीपी परियोजना में प्रयुक्त किए जा रहे मौजूदा फाइबर की अपर्याप्त गुणवत्ता के कारण ये सेवा के लिए तैयार नहीं किए जा सके। इन फाइबर को बदला जाना मंत्रिमंडल के आरंभिक अनुमोदन का भाग नहीं था परंतु अप्रैल, 2016 में दूरसंचार आयोग की अग्रिम योजना और अनुमोदन तथा बाद में 19.07.2017 को मंत्रिमंडल के अनुमोदन के साथ ऐसे अपर्याप्त गुणवत्ता वाले 50,000 किलोमीटर फाइबर को बदले जाने का कार्य किया जा रहा है। इससे सर्विस तैयारी की गति और ब्लॉक से ग्राम पंचायतों तक एंड–टू–एंड कनेक्टिविटी में वृद्धि हुई है जिसके परिणामस्वरूप 1,03,768 ग्राम पंचायतों को अब एंड–टू–एंड कनेक्टिविटी प्रदान की गई है तथा 96,039 ग्राम पंचायतें सेवा के लिए तैयार है।

इसके अतिरिक्त परियोजना का कार्यान्वयन केवल 3 सीपीएसयू नामतः बीएसएनएल, रेलटेल और पीजीसीआईएल के माध्यम से किया गया था और ग्राम पंचायतों तक कनेक्टिविटी केवल अंडरग्राउंड ओएफसी बिछाकर प्रदान की गई थी जो एक बाध्यकारी कारक बना। कार्यान्वयन के दौरान यह देखा गया कि सभी जीपी को अंडरग्राउंड ओएफसी द्वारा जोड़ा नहीं जा सका और सेवा स्थापित करना परियोजना का भाग नहीं था।

1.2 भारतनेट परियोजना चरण–2 (मंत्रिमंडल का अनुमोदन और उसकी प्रगति)

बीबीएनएल चरण–1 में पहुंच में खामियों को दूर करने के लिए निरंतर कार्य करता रहा है, कार्यान्वयन की संशोधित नीति के लिए मंत्रिमंडल का अनुमोदन जुलाई, 2017 में लिया गया। कार्यान्वयन के उद्देश्य से सभी 2,50,000 ग्राम पंचायतों को शामिल करते हुए भारतनेट परियोजना चरण–1 (1 लाख जीपी) और चरण–2 (1.5 लाख जीपी) में बांटी गई थीं।

भारतनेट चरण–2 के लिए संशोधित कार्यान्वयन नीति की मुख्य विशिष्टताएं निम्नानुसार हैं:

(क) ब्लॉक से ग्राम पंचायत तक सीधे ओ.एफ. केबल बिछाना।

(ख) चरण–1 के अनुसार अंडरग्राउंड ओएफसी के अतिरिक्त ऐरियल ओ.एफ. केबल, रेडियो लिंक तथा सेटेलाइट कनेक्टिविटी का उपयोग करना।

(ग) मार्च, 2019 तक समूची 2,50,000 ग्राम पंचायतों के लिए परियोजना पूर्ण करना।

(घ) सेवाओं की त्वरित डिलिवरी के लिए वाई–फाई अथवा अन्य समुचित प्रौद्योगिकी के माध्यम से अंतिम मील तक कनेक्टिविटी का प्रावधान और समूची 2,50,000 ग्राम पंचायतों का ओएंडएम अब कर लिया गया है।

(ड) सीपीएसयू के अतिरिक्त चरण–1 के अनुसार राज्यों, निजी क्षेत्र के माध्यम से कार्यान्वयन।

(च) राज्यों द्वारा अपने स्वयं के कोष से क्षैतिज कनेक्टिविटी।

संशोधित नीति में अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू परियोजना के कार्यान्वयन में सीपीएसयू के साथ राज्यों और निजी क्षेत्र की भागीदारी है। राज्यों के सेवाओं की स्थापना में अति महत्वपूर्ण भागीदार होने के नाते उन्हें चरण–2 के कार्यान्वयन में शामिल किया गया है। राज्यों की भागीदारी के साथ कार्यान्वयन अधिक तेजी से और सुकर तरीके से किए जाने की संभावना है। इस दिशा में कार्रवाई की गई थी जैसे कि विभिन्न राज्य सरकारों के साथ परामर्श, उन्हें इलैक्ट्रिसिटी पोल के सर्वेक्षण हेतु निधियां प्रदान करना जहां ऐरियल केबल प्रदान की जा सकती हैं और ऐसी अन्य गतिविधियां। चूंकि मौजूदा इलैक्ट्रिसिटी पोल पर ऐरियल ओएफसी चरण–2 में ओएफसी बिछाने के लिए विचार किया जा रहा है इसलिए सर्वेक्षण तथा कुछ राज्यों के लिए ऐरियल ओएफसी बिछाने हेतु विद्युत पोल की जीआईएस मैपिंग के लिए अग्रिम निधि प्रदान की गई है।

राज्यों से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के आधार पर महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और तमिलनाडु राज्यों के प्रस्तावों के लिए सितम्बर, 2017 और दिसम्बर, 2017 में दूरसंचार आयोग द्वारा अनुमति प्रदान की गई थी। बीबीएनएल ने राज्यों के साथ तकनीकी, वाणिज्यक और वित्तीय मुद्दों को तेजी से हल करने के लिए कार्य किया जोकि इस प्रकृति की परियोजनाओं में आम होते हैं। सभी भागीदारों अर्थात यूएसओएफ, डीओटी, राज्य तथा बीबीएनएल की समय पर की गई कार्रवाई के कारण क्रमशः कम समय में दूरसंचार आयोग का अनुमोदन प्राप्त हुआ। मंत्रिमंडल द्वारा राज्य डीपीआर के अनुमोदन हेतु प्रदान की गई पांच माह की सीमा के प्रतिकूल दूरसंचार आयोग द्वारा अधिकांश राज्यों के लिए डेढ़ माह में चार स्तरीय जांच के पश्चात राज्य स्तरीय डीपीआर हेतु अनुमोदन प्रदान कर दिया गया।

राज्य–मॉडल के कार्यान्वयन के लिए चुर्तपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का कार्य 13 नवम्बर, 2017 को आरंभ हुआ जिसमें माननीय संचार (स्वतंत्र प्रभार) और रेलवे राज्य मंत्री तथा अन्य केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों की उपस्थिति में आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। तदंतर 09.12.2017 को झारखंड तथा महाराष्ट्र राज्यों के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। अन्य राज्यों के साथ समझौता ज्ञापन पर दिसम्बर, 2017 के अंत में हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है।

निजी क्षेत्र संचालित मॉडल के अंतर्गत दूरसंचार आयोग के अनुमोदन के आधार पर 15.12.2017 को निजी क्षेत्र मॉडल के अंतर्गत बिहार और पंजाब राज्यों के लिए प्रस्तावों का अनुरोध (आरएफपी) जारी किया गया है।

सीपीएसयू संचालित मॉडल के लिए बीएसएनएल को असम, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू और कश्मीर और सिक्किम राज्यों में नामांकन आधार पर दूरसंचार आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है। इसी प्रकार हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी राज्यों जिनमें ऐरियल ओएफसी विद्युत पोल पर बिछाया जाना है, पीजीसीआईएल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। सीपीएसयू संचालित मॉडल के लिए बीएसएनएल और पीजीसीआईएल के साथ विचार–विमर्श अंतिम चरण में है। सीपीएसयू के साथ 1 दिसम्बर, 2017 और 9 दिसम्बर, 2017 को दो कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं।

चरण–2 के अंतर्गत विशेष जोर सेवाओं की स्थापना पर है। मंत्रिमंडल ने 2.5 लाख ग्राम पंचायतों के लिए अंतिम मील तक कनेक्टिविटी के लिए मॉडल को अनुमोदित किया है। अंतिम मील कनेक्टिविटी के लिए आयोजना कार्य पूरा हो गया है और इस उद्देश्य के लिए आरएफपी जल्द लाए जाने की आशा है। राज्य ग्राम पंचायतों के स्तर पर सरकारी संस्थाओं को नेटवर्क से जोड़कर, एफटीटीएच कनेक्शन लेते हुए, जीपी में वाई–फाई हॉटस्पॉट स्थापित करके भारतनेट के लिए स्वॉन नेटवर्क जोड़कर इस नेटवर्क का उपयोग करने के लिए सटीक कदम उठा रहे हैं। टी.एस.पी. तथा अन्य सेवा प्रदाताओं ने भी सेवाओं के प्रावधान के लिए भारतनैट का उपयोग करने के लिए रूचि दिखाई है तथा टीएसपी ने बैंडविथ का प्रयोग करने के लिए अग्रिम भुगतान भी किया गया है। बीबीएनएल द्वारा विशेष टैरिफ भी तैयार और तैनात किया गया है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 42,068 करोड़ रूपए की कुल अनुमानित लागत (जीएसटी, चूंगी और स्थानीय कर को छोड़कर) अनुमोदित की है जिसमें चरण–1 के लिए 11,148 करोड़ रूपए और चरण–2 तथा यूएसओएफ द्वारा वित्तपोषित की जाने वाली अन्य गतिविधियों के लिए 30,920 करोड़ रुपए शामिल हैं।

1.3 नेटवर्क का रख–रखाव

ग्रामीण क्षेत्रों में अवसंरचना के विस्तार के कारण इंक्रीमेंटल फाइबर का रख–रखाव एक चुनौती है। यह महत्वपूर्ण है कि इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए एक समर्पित एजेंसी आवंटित की जाए। चरण–1 में जीपी के लिए बीएसएनएल को ओएंडएम की जिम्मेदारी दी गई है जहां बीएसएनएल ने इंक्रीमेंटल फाइबर बिछाया है। इस आशय के करार पर 4 अक्टूबर, 2017 को हस्ताक्षर किए गए हैं। बीबीएनएल नेटवर्क के ओएंडएम के लिए अन्य तंत्रों को भी पता लगा रहा है।

चरण–2 में नेटवर्क के प्रबंधन और आपरेशन और रख–रखाव का कार्य परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए) द्वारा किया जाना अपेक्षित है। परियोजना का कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी को परियोजना के जीवन चक्र हेतु प्रबंधन, आपरेशन और रख–रखाव की जिम्मेदारी देने में वरीयता दी जाएगी।

1.4 नेटवर्क का उपयोग

भारतनेट की सेवा स्थापना और उपयोग का पहलू संशोधित कार्यान्वयन नीति का प्रमुख मुद्दा है। वाई–फाई अथवा अन्य व्यापक आधारित प्रौद्योगिकी के आधार पर अंतिम मील कनेक्टिविटी मॉडल की प्रत्येक जीपी हेतु मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। इस उद्देश्य के लिए आरएफपी का प्रस्ताव किया जा रहा है और शीघ्र ही इसे जारी किया जाएगा।

इस नेटवर्क के मुख्य उपभोक्ता टेलीकॉम सेवा प्रदाता, आईएसपी, एमएसओ, एलसीओ इत्यादि हैं जो ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड की स्थापना तथा मोबाइल नेटवर्क के विस्तार हेतु भारतनेट का उपयोग कर सकते हैं। बीबीएनएल ने 13.11.2017 को विज्ञान भवन में भारतनेट के उपयोग के संबंध में एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। चार राष्ट्रीय स्तर के टीएसपी ने भारतनेट के बैंडविथ और डार्क फाइबर प्रावधान के लिए इकट्ठे 17.86 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की।

इस नेटवर्क के अन्य मुख्य उपभोक्ता राज्य सरकारें हैं जो विभिन्न नागरिक केंद्रीत सेवाओं के लिए नेटवर्क का उपयोग कर सकती हैं जैसे कि ई–स्वास्थ्य, ई–शिक्षा, ई–चिकित्सा इत्यादि। भारतनेट राज्यों की ग्रामीण क्षेत्रों में उनके सभी नागरिकों तक डिजिटल पहुंच प्रदान करने और डिजिटल अंतर को पाटने में सहायक होगा। कई राज्य (राज्य संचालित मोड के अंतर्गत चरण–2 में कार्यान्वयन करने वाले राज्यों सहित) ने राष्ट्रीय सम्मेलन में भारतनेट के उपयोग की रणनीति दर्शायी।

1.5 भारतनेट के निधियन के लिए यूएसओएफ के साथ करार

भारतनेट के लिए विशेष उद्देश्य साधन (एसपीवी) के रूप में बीबीएनएल ने यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लीगेशन फंड (यूएसओएफ), दूरसंचार विभाग (डीओटी) के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए। इस करार के अंतर्गत यूएसओएफ ने बीबीएनएल के पहले 5 वर्षों के लिए समूचे कैपेक्स और नेट औपेक्स (अर्थात राजस्व से निवल औपेक्स) हेतु निधियां प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की। इस प्रबंध को 2020 तक बढ़ाया गया है।

2. वित्तीय निष्पादन

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने 1,06,32,86,043 रूपए का कुल राजस्व दर्ज किया है, (जिसमें 1,06,00,61,543 रूपए अर्थात यूएसओएफ पर संचालन व्यय के लिए दावे पर मुख्यतः अन्य आय शामिल है) और 22,84,80,486 रूपए के स्तर का कर पश्चात लाभ दर्ज किया है। पिछले वित्तीय वर्ष 2015–16 में कंपनी ने पश्चात अवधि मदों और कर से पहले 8,43,11,888 रूपए का घाटा उठाया था।

3. मानव संसाधन की भूमिका

कंपनी के लिए सरकार द्वारा तय किए गए चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिभावान व्यक्तियों और मानव संसाधन द्वारा सक्रिय भूमिका निभानी अपेक्षित है। अपने कर्मचारियों संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बीबीएनएल प्रतिनियुक्ति आधार पर डीओटी, यूएसओएफ, बीएसएनएल और एमटीएनएल से वरिष्ठ प्रबंधन को नियुक्त करते रहे है। बीबीएनएल ने युवा स्नातक इंजीनियरों और वित्तीय व्यावसायिकों की भर्ती करने के भी प्रयास किए हैं। राज्यों के मॉडल के निष्पादन हेतु सरकार/पीएसयू के सेवानिवृत्त अधिकारियों को भर्ती करने के अतिरिक्त बीबीएनएल लघु अवधि रिक्तियों को भरने के लिए हाल ही में चार वरिष्ठ परामर्शदाताओं की नियुक्ति की है (सेवानिवृत्त एचएजी और डीओटी के उससे ऊपर के अधिकारी)।

4. कारपोरेट अभिशासन

आपकी कंपनी ने सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए कारपोरेट अभिशासन संबंधी यथा–निर्धारित दिशा–निर्देशों का ईष्टतम स्तर तक अनुपालन किया है।

5. दृष्टिकोण

भारतनेट 2018 तक गैर–भेदभावपूर्ण आधार पर अत्यधिक मापनीय नेटवर्क अवसंरचना की राष्ट्रीग महत्व की परियोजना होगी जो सभी संस्थाओं के लिए मांग क्षमता पर और सभी घरों के लिए 2 एमबीपीएस से 20 एमबीपीएस की कनेक्टिविटी प्रदान करेगी जिससे राज्यों और निजी क्षेत्र की भागीदारी से डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण को प्राप्त किया जा सकेगा।

6. आभार

आपकी कंपनी के निदेशक मंडल की ओर से मैं निरंतर समर्थन और विश्वास के लिए हमारे बहुमूल्य शेयरधारकों के रूप में आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह हमें हमारे कार्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करने और आपके लिए तथा साथ ही राष्ट्र के लिए निरंतर मूल्य सृजित करने में हमें प्रेरित करता है। मैं संचार मंत्रालय और दूरसंचार विभाग, भारत सरकार से प्राप्त बहुमूल्य मार्गदर्शन और निरंतर सहायता के लिए उनकी प्रशंसा करता हूं। मैं यूएसओएफ, भागीदार सीपीएसयू, सी–डॉट, एनआईसी, सीएंडएजी, लेखापरीक्षकों और बैंकरों का हृदय से दिये गये सहयोग और समर्थन के लिए गहन आभार व्यक्त करता हूं।

आपका बहुत बहुत धन्यवाद,

संजय सिंह
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड
डीआईएन–07484614

दिनांकः 27.12.2017
स्थानः नई दिल्ली

सीआईएन : यू64100डीएल2012जीओआई232070

सदस्यों के लिए सूचना

कंपनी की निम्नलिखित कार्यों के लिए बुधवार, दिनांक 27 दिसम्बर, 2017 को 16:00 बजे, समिति कक्ष, दूसरा तल, संचार भवन, 20 अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 में आयोजित होने वाली पांचवी (5वीं) वार्षिक आम बैठक के लिए सूचना दी जाती है:–

सामान्य कार्य

मद संख्या 1

दिनांक 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कंपनी के तुलन–पत्र को शामिल करते हुए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों और 31 मार्च, 2017 को समाप्त अवधि के लिए लाभ एवं हानि विवरण तथा उस पर लेखापरीक्षकों की टिप्पणियां और निदेशकों की रिपोर्ट के साथ कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के अंतर्गत भारत के नियंत्रण एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों को प्राप्त करना, उन पर विचार करना तथा उन्हें स्वीकार करना।

मद संख्या 2

वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों के पारिश्रमिक में संशोधन करना और कंपनी के निदेशक मंडल को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139(5) के साथ पठित धारा 142 के प्रावधानों के अनुसरण में वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों का पारिश्रमिक तय करना।

विशेष कार्य

मद संख्या 3

निम्नलिखित संकल्प को संशोधनों के साथ अथवा उसके बगैर, यदि कोई हो, **सामान्य संकल्प** के रूप में विचार करना और यदि उपयुक्त समझा जाए तो उसे पारित करना:

"संकल्प लिया जाता है कि श्री एन.के. जोशी (डीआईएन–03250336) जिन्हें दिनांक 15 नवम्बर, 2017 से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के अंतर्गत अपर निदेशक एवं निदेशक (प्रचालन)–पूर्णकालीन निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और जो अगली आम वार्षिक बैठक समाप्त होने तक पद धारित करते हैं, उन्हें कंपनी के निदेशक एवं निदेशक (प्रचालन)–पूर्णकालीन निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है।

मद संख्या 4

निम्नलिखित संकल्प को संशोधनों के साथ अथवा उसके बगैर, यदि कोई हो, **सामान्य संकल्प** के रूप में विचार करना और यदि उपयुक्त समझा जाए तो उसे पारित करना:

"संकल्प लिया जाता है कि श्री ए.के. सक्सेना (डीआईएन–08007046) जिन्हें दिनांक 15 नवम्बर, 2017 से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के अंतर्गत अपर निदेशक एवं निदेशक (योजना) – पूर्णकालीन निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और और जो अगली आम वार्षिक बैठक समाप्त होने तक पद धारित करते हैं, उन्हें कंपनी के निदेशक एवं निदेशक (योजना) के रूप में नियुक्त किया जाता है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
कृते भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड

ए.सी. उपाध्याय
सीएस एवं विधि प्रमुख
एफसीएस–4324

दिनांक: 20.12.2017
स्थान: नई दिल्ली

सेवा में,

1. बीबीएनएल के सभी सदस्य
2. सांविधिक लेखापरीक्षक
3. सचिवालय लेखापरीक्षक
4. बीबीएनएल के सभी निदेशक

संलग्नक:

1. **प्रबंधन विचार–विमर्श तथा विश्लेषण और निगम अभिशासन रिपोर्ट सहित निदेशक की रिपोर्ट**
2. **वित्तीय विवरण तथा वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए निदेशक की रिपोर्ट में निदेशक की रिपोर्ट–परिशिष्ट के संलग्नक सांविधिक लेखापरीक्षकों की टिप्पणियां और उस पर प्रबंधन के उत्तर**
3. **निदेशक की रिपोर्ट के संलग्नक–सीएंडएजी की टिप्पणियां**

टिप्पणी:

1. **बैठक में भाग लेने और मतदान करने का पात्र कोई सदस्य उसके बजाय बैठक में भाग लेने और मतदान करने (चुनाव की स्थिति में) के लिए किसी अन्य व्यक्ति, जो अनिवार्य रूप से कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है, को प्रोक्सी के रूप में नियुक्त करने का पात्र होगा। प्रभावी होने के लिए प्रोक्सी कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में बैठक आरंभ होने से 48 घंटे पहले जमा करवाई जानी चाहिए।**
2. ऐसे कॉरपोरेट सदस्य जो अपने अधिकृत प्रतिनिधियों को भेजना चाहते है उनसे बैठक में भाग लेने और मतदान करने के लिए अपने प्रतिनिधियों को प्राधिकृत करते हुए बोर्ड के संकल्प की एक समुचित रूप से प्रमाणित प्रति भेजने का अनुरोध किया जाता है।
3. नोटिस में निर्धारित विशेष कार्य के संबंध में, जहां भी लागू हो, कंपनी अधिनियम, 2013 के खंड 102(2) के अनुसरण में व्याख्यात्मक टिप्पणी संलग्न है।
4. संलग्न नोटिस तथा व्याख्यात्मक टिप्पणी में संदर्भित दस्तावेज वार्षिक आम बैठक की तारीख तक शनिवार और रविवार (सार्वजनिक अवकाश सहित) को छोड़कर सभी कार्य दिवसों को सामान्य कार्य घंटों (9:30 प्रातः से 06:00 सांय तक) के दौरान कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में निरीक्षण के लिए खुले होंगे।
5. नियुक्ति/पुनः नियुक्ति के इच्छुक निदेशकों के संक्षिप्त प्रोफाइल संलग्न है तथा नोटिस का भाग है।
6. सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर हस्तांतरण पुस्तकें 22.12.2017 से 27.12.2017 (दोनों दिनों को शामिल करते हुए) बंद रहेंगे।
7. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों तथा उनके द्वारा धारित शेयर का रजिस्टर और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 170 के अंतर्गत तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 189 के अंतर्गत रखे गए अनुबंध अथवा करार रजिस्टर वार्षिक आम बैठक के स्थान पर सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे।
8. कंपनी अधिनियम की धारा 139(5) के साथ पठित धारा 142 के अनुसरण में किसी सरकारी कंपनी के लेखापरीक्षकों की नियुक्ति अथवा पुनः नियुक्ति भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा की जाती है और उनका पारिश्रमिक वार्षिक आम बैठक में कंपनी द्वारा निर्धारित किया जाता है। सदस्य बोर्ड को कार्य की मात्रा में वृद्धि पर विचार करने के पश्चात् वर्ष 2017–18 के लिए लेखापरीक्षकों का समुचित पारिश्रमिक निर्धारित करने हेतु प्राधिकृत कर सकते हैं।
9. कंपनी का कोई भी निदेशक किसी भी प्रकार एक दूसरे से संबद्ध नहीं है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसरण में व्याख्यात्मक टिप्पणी

मद संख्या 3

श्री एन.के. जोशी, अपर निदेशक एवं निदेशक (प्रचालन)–पूर्णकालीन निदेशक की नियुक्ति

श्री एन.के. जोशी की भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) के बोर्ड में 15 नवम्बर, 2017 से अपर निदेशक एवं निदेशक (प्रचालन)–पूर्णकालीन निदेशक के रूप में नियुक्ति की गई थी। कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 161 के अनुसार वे कंपनी की आगामी वार्षिक आम सभा समाप्त होने तक पद धारण करेंगे।

श्री एन.के. जोशी ने भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार में इंजीनियरिंग डिग्री पूर्ण करने के पश्चात 1985 में भारतीय दूरसंचार सेवा में कार्य ग्रहण किया। उन्होंने भारत में विशेषकर पंजाब और हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों में कार्य ग्रहण किया है। उन्हें कुवैत में टीसीआईएल की परियोजना के प्रमुख के रूप में तैनात किया गया था। निदेशक (प्रचालन), बीबीएनएल के रूप में कार्य ग्रहण करने के पूर्व उन्होंने डीओटी मुख्यालयों में डीडीजी, (एसयू) और ईडी, एमटीएनएल, दिल्ली का पद धारित किया। इन्हें महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड, भारतीय टेलीफोन उद्योग एवं मिलिनियम टेलिकॉम लिमिटेड में सरकारी निदेशक के रूप में नामित किया गया था।

उनका केंद्र सरकार और विभिन्न पीएसयू में विविध अग्रणी भूमिकाओं में 32 से अधिक वर्षों का अनुभव है।

उनके पास कंपनी में इक्विटी शेयर शून्य है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसरण में श्री एन.के. जोशी को छोड़कर कंपनी का कोई भी प्रोमोटर, निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक और उनके संबंधी किसी भी प्रकार से प्रस्तावित संकल्प से संबद्ध अथवा हितबद्ध नहीं है।

निदेशक मंडल श्री एन.के. जोशी की पृष्ठभूमि और अनुभव–पूर्णकालिक निदेशक को देखते हुए यह मानते है कि उन्हें कंपनी के निदेशक (प्रचालन) के रूप में नियुक्त करना कंपनी के हित में होगा। बोर्ड संकल्प को आपके अनुमोदन की सिफारिश करते है।

मद संख्या 4:

श्री ए.के. सक्सेना, अपर निदेशक एवं निदेशक (योजना)–पूर्णकालीन निदेशक की नियुक्ति

श्री ए.के. सक्सेना जिन्हें भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) के बोर्ड में दिनांक 15 नवम्बर, 2017 से कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के अंतर्गत अपर निदेशक एवं निदेशक (योजना)–पूर्णकालीन निदेशक, के रूप में नियुक्त किया गया था और और जो अगली आम वार्षिक बैठक समाप्त होने तक पद धारित करते हैं।

श्री ए.के. सक्सेना, 1981 बैच के आईटीएस अधिकारी हैं जिन्होंने वर्ष 1983 में दूरसंचार विभाग में कार्य ग्रहण किया था। उन्होंने अपना कैरियर पूर्वोत्तर कार्य बल में पहली तैनाती के साथ आरंभ किया था। तब से उन्होनें उत्तर प्रदेश (पश्चिमी), दूरसंचार इंजीनियिरिंग केंद्र, नई दिल्ली, एमटीएनएल मुम्बई और बीबीएनएल में कार्य किया है। श्री ए.के. सक्सेना ने एमटीएनएल मुम्बई में मार्केटिंग, एचआर एवं प्रशासन तथा मोबाइल सर्विस इत्यादि जैसे विभिनन पदों पर महाप्रबंधक तथा भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड राज्य प्रमुख महाराष्ट्र के रूप में कार्य किया है। अगस्त, 2017 माह में उन्हें दूरसंचार विभाग में वरिष्ठ डीडीजी के रूप में एचएजी ग्रेड में पदोन्नत किया गया।

इसके अतिरिक्त, श्री ए.के. सक्सेना सीजीएम, बीबीएनएल का कार्यभार जारी रखते है।

उनके पास कंपनी में इक्विटी शेयर शून्य है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसरण में श्री ए.के. सक्सेना को छोड़कर कंपनी का कोई भी प्रोमोटर, निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक और उनके संबंधी किसी भी प्रकार से प्रस्तावित संकल्प से संबद्ध अथवा हितबद्ध नहीं है।

निदेशक मंडल श्री सक्सेना की पृष्ठभूमि और अनुभव को देखते हुए यह मानते है कि उन्हें कंपनी के निदेशक (योजना)–पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त करना कंपनी के हित में होगा। बोर्ड संकल्प को आपके अनुमोदन के लिए सिफारिश करते है।

वार्षिक आम बैठक में नियुक्त किए जा रहे निदेशकों का संक्षिप्त वृत्त–चित्र

पांचवीं वार्षिक आम बैठक में पुनः चयनित होने के इच्छुक निदेशकः

1.

नाम	श्री निर्मल कुमार जोशी
डीआईएन	03250336
जन्म तिथि	06.10.1959
नियुक्ति की तारीख	15.11.2017
योग्यता	आईटीएस एवं बी.टेक
विशिष्ट संचालन क्षेत्र में विशेषज्ञता	श्री एन.के. जोशी ने भारतीय विज्ञान संस्थान, बंग्लौर से इलेक्ट्रानिक्स एवं संचार में इंजीनियरिंग डिग्री पूर्ण करने के पश्चात 1985 में भारतीय दूरसंचार सेवा में कार्य ग्रहण

	किया। उन्होंने भारत में विशेषकर पंजाब और हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों में कार्य ग्रहण किया है। उन्हें कुवैत में टीसीआईएल की परियोजना के प्रमुख के रूप में तैनात किया गया था। निदेशक (प्रचालन), बीबीएनएल के रूप में कार्य ग्रहण करने के पूर्व उन्होंने डीओटी मुख्यालयों में डीडीजी, (एसयू) और ईडी, एमटीएनएल, दिल्ली का पद धारित किया। इन्हें महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड, भारतीय टेलीफोन उद्योग एवं मिलिनियम टेलिकॉम लिमिटेड में सरकारी निदेशक के रूप में नामित किया गया था।
31.03.2017 के अनुसार अन्य कंपनियों में धारित निदेशक पद (अंशकालीन)	शून्य
31.03.2017 के अनुसार अन्य कपनियों में सदस्यता/समितियों की अध्यक्षता	शून्य
धारित शेयरों की संख्या	शून्य

2.

नाम	श्री ए.के. सक्सेना
डीआईएन	08007046
जन्म तिथि	11.09.1958
नियुक्ति की तारीख	15.11.2017
योग्यता	आईटीएस एवं बी.टेक
विशिष्ट संचालन क्षेत्र में विशेषज्ञता	श्री ए.के. सक्सेना, 1981 बैच के आईटीएस अधिकारी हैं जिन्होंने वर्ष 1983 में दूरसंचार विभाग में कार्य ग्रहण किया था। उन्होंने अपना कैरियर पूर्वोत्तर कार्य बल में पहली तैनाती के साथ आरंभ किया था। तब से उन्होनें उत्तर प्रदेश (पश्चिमी), दूरसंचार इंजीनियरिंग केंद्र, नई दिल्ली, एमटीएनएल मुम्बई और बीबीएनएल में कार्य किया है। श्री ए.के. सक्सेना ने एमटीएनएल मुम्बई में मार्केटिंग, एचआर एवं प्रशासन तथा मोबाइल सर्विस इत्यादि जैसे विभिन्न पदों पर महाप्रबंधक तथा भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड राज्य प्रमुख महाराष्ट्र के रूप में कार्य किया है। अगस्त, 2017 माह में उन्हें दूरसंचार विभाग में वरिष्ठ डीडीजी के रूप में एचएजी ग्रेड में पदोन्नत किया गया।
31.03.2017 के अनुसार अन्य कंपनियों में धारित निदेशक पद (अंशकालीन)	शून्य
31.03.2017 के अनुसार अन्य कपनियों में सदस्यता/समितियों की अध्यक्षता	शून्य
धारित शेयरों की संख्या	शून्य

उपस्थिति स्लिप

मैं समिति कक्ष, दूसरा तल, संचार भवन, 20, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 में बुधवार 27 दिसम्बर, 2017 को 16:00 बजे आयोजित कंपनी की पांचवीं (5वीं) वार्षिक आम बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज करता हूं।

शेयर धारक का नाम _____

_____

प्रोक्सी का नाम _____

_____

(यदि शेयरधारक के स्थान पर प्रोक्सी भाग लेता है तो भरा जाए)

लेजर फोलियो संख्या _____

धारित शेयरों की संख्या _____

शेयरधारक/प्रोक्सी के हस्ताक्षर _____



फॉर्म संख्या एमजीटी–11 – प्रोक्सी फॉर्म

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 105(6) और कंपनी (प्रबंधन तथा प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 19(3) के अनुसरण में,

सीआईएन : **यू64100डीएल2012जीओआई232070**

कंपनी का नाम : **भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : **कमरा संख्या 306, तीसरा तल, सी–डॉट कैम्पस, मान्डी गांव रोड, महरौली, नई दिल्ली–1100 30**

सदस्य (यों) का नाम: _____

पंजीकृत पता: _____

ई–मेल आईडी: _____ **फोलियो संख्या / ग्राहक आईडी:** _____ **डीपी आईडी:** _____

मैं / हम भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड के ..... इक्विटी शेयर का सदस्य, निम्निलिखित को

1. नाम: .....
   पता: .....
   ई–मेल आईडी: .....
   हस्ताक्षर: ....., अथवा उसके न होने पर

2. नाम: .....
   पता: .....
   ई–मेल आईडी: .....
   हस्ताक्षर: ....., अथवा उसके न होने पर

3. नाम: .....
   पता: .....
   ई–मेल आईडी: .....
   हस्ताक्षर: ....., अथवा उसके न होने पर

बुधवार दिनांक 27 दिसम्बर, 2017 को 16:00 बजे समिति कक्ष, दूसरे तल, संचार भवन, 20 अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 में आयोजित होने वाली कंपनी की पांचवी आम बैठक तथा निम्नानुसार बैठक के संचालन के नोटिस में निर्धारित संकल्पों के संबंध में किसी स्थगन में मेरे लिए और मेरी तरफ से मेरे / हमारे प्रोक्सी के रूप में भाग लेने तथा मतदान करने (मतदान की स्थिति में) के लिए नियुक्त करता हूं:

क्र.सं.	संकल्प
	सामान्य कार्य
1.	दिनांक 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कंपनी के तुलन–पत्र को शामिल करते हुए लेखापरीक्षित लेखों और उक्त तारीख को समाप्त अवधि के लिए लाभ एवं हानि विवरण तथा लेखापरीक्षकों की टिप्पणियां और निदेशकों की रिपोर्ट के साथ कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के अंतर्गत भारत के नियंत्रण एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों को प्राप्त करना, उन पर विचार करना तथा उन्हें स्वीकार करना।
2.	कंपनी के निदेशक बोर्ड को वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए सांविधिक लेखापरीक्षकों के पारिश्रमिक में संशोधन करना और वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139(5) के साथ पठित धारा 142 के प्रावधानों के अनुरूप कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों के पारिश्रमिक में संशोधन करना और उन्हें निर्धारित करने हेतु प्राधिकृत करना।
	विशेष कार्य
3.	श्री एन.के. जोशी की पूर्णकालीन निदेशक के रूप में नियुक्ति
4.	श्री ए.के. सक्सेना की पूर्णकालीन निदेशक के रूप में नियुक्ति

2017 के ..... की ..... तारीख को हस्ताक्षरित

रसीदी टिकट लगाए

अंशधारक के हस्ताक्षर

प्रोक्सी धारक के हस्ताक्षर

टिप्पणी: प्रभावी होने के लिए प्रोक्सी का यह फॉर्म पूरी तरह से भरकर बैठक आरंभ होने के न्यूनतम 48 घंटे पहले कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा करवाया जाना चाहिए।

सदस्यों के लिए निदेशकों की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यों,

निदेशक मंडल की ओर से दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी की पांचवीं वार्षिक रिपोर्ट तथा संपरीक्षित वार्षिक लेखों के साथ उस पर सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की समीक्षा की रिपोर्ट प्रस्तुत करना मेरा सौभाग्य है।

1. वित्तीय परिणाम

विवरण	राशि (भारतीय रुपए में)	
	31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए
संचालन से राजस्व	32,24,500	41,33,354
अन्य आय	1,06,00,61,543	12,89,45,157
कुल राजस्व	**1,06,32,86,043**	**13,30,78,511**
कर्मचारियों की पारिश्रमिक तथा भत्ता	4,64,86,754	2,42,42,488
वित्तीय लागत	43,07,166	29,20,761
ह्रास तथा परिशोधन व्यय	50,01,242	5,70,12,102
प्रशासनिक, संचालन तथा अन्य व्यय	72,29,72,554	8,55,43,903
कुल व्यय	**77,87,67,716**	**16,97,19,254**
पूर्व अवधि मद व कर से पूर्व लाभ/(हानि)	**28,45,18,327**	**(3,66,40,743)**
पूर्व अवधि मदें	**(34,31,885)**	**(1,99,56,412)**
कर से पूर्व लाभ/(हानि)	**28,10,86,442**	**(5,65,97,155)**
कर व्ययः		
चालू वर्ष के लिए चालू कर व्यय	7,91,15,040	-
पूर्व अवधि से संबंधित चालू कर व्यय	-	16,40,967
डेफर्ड कर	(2,65,09,084)	2,60,73,766
कर पश्चात लाभ/(हानि)	**22,84,80,486**	**(8,43,11,888)**
प्रति शेयर अर्जनः		
मूल	3.81	(1.41)
सरलीकृत	3.81	(1.41)
सामान्य आरक्षित में हस्तांतरित	**5,00,00,000**	**-**

2. निष्पादन झलकियां और सिंहावलोकन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आपकी कंपनी ने कुल 1,06,32,86,043 रुपए का राजस्व (जिसमें 1,06,00,61,543 अर्थात् अन्य आय मुख्यत यूएसओएफ पर संचालन व्यय हेतु दावे के लिए है) और कर पश्चात लाभ 22,84,80,486 रुपए है। पिछले वित्तीय वर्ष 2015–16 में कंपनी को कर पश्चात 8,43,11,888 रुपए का घाटा हुआ था।

3. लाभांश

कंपनी ने वित्त वर्ष के लिए लाभांश प्रस्तावित नहीं किया है क्योंकि कम्पनी अभी बन रही है और वाणिज्यिक प्रचालन अभी शुरू होना है।

4. आरक्षितों में हस्तांतरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सामान्य आरक्षित खाते में 5,00,00,000 रुपए की राशि हस्तांतरित की गई है।

5. मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण

कंपनी के लिए सरकार द्वारा तय किए गए चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिभावान व्यक्तियों और मानव संसाधन को एक सक्रिय भूमिका निभानी अपेक्षित है। अपने कर्मचारियों संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बीबीएनएल प्रतिनियुक्ति आधार पर डीओटी, यूएसओएफ, बीएसएनएल और एमटीएनएल से वरिष्ठ प्रबंधन को लेती रही है। बीबीएनएल ने युवा स्नातक इंजीनियरों और वित्तीय व्यावसायिकों की भर्ती करने के भी प्रयास किए हैं। सरकार/पीएसयू के सेवानिवृत्त अधिकारियों को भर्ती करने के अतिरिक्त बीबीएनएल लघु अवधि रिक्तियों को भरने के लिए हाल ही में चार वरिष्ठ परामर्शदाताओं की नियुक्ति की है (सेवानिवृत्त एचएजी और डीओटी के उससे ऊपर के अधिकारी)।

प्रशिक्षण

विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विभिन्न वर्गों कार्यकारियों के लिए अवसर प्रदान करने हेतु कदम उठाए गए थे। आपकी कंपनी ने सभी स्तरों पर कार्यकारियों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं। परियोजना के कम समय को देखते हुए और लचीले संगठनात्मक ढांचे के कारण प्रवेश के पश्चात् नौकरी प्रशिक्षण पर सीधे भर्ती के लिए अवसर सृजित किए गए हैं।

6. कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अनुसार प्रकटन

कंपनी में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के मामलों में शून्य सहनशीलता हैं और उसने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुरूप कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध और निवारण से संबंधित नीति अपनाई है।

वित्तीय वर्ष 2016–17 के दौरान कंपनी को यौन उत्पीड़न के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। बीबीएनएल में सीजीएम (योजना एवं समन्वय) सीजीएम (लेखा) और सहायक प्रबंधक (लेखा), एक्जीक्यूटिव ट्रैनिंग (एचआर) और उपाध्यक्ष, वाईडब्ल्यूसीए की एक आंतरिक समिति का कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित मामलों को देखने हेतु गठन किया गया है।

7. वेबसाइट पर रखे गए दस्तावेज (www.bbnl.nic.in)

अधिनियम के अनुसरण में वेबसाइट पर निम्नलिखित दस्तावेज डाले गए है:

(i) आचार संहिता (बीबीएनएल के निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधकों के लिए व्यापार आचार संहिता और नीति);

(ii) सिटीजन चार्टर;

(iii) बीबीएनएल प्रापण पुस्तिका;

(iv) स्वतंत्र बाह्य मॉनीटरों का विवरण (आईईएमएस);

(v) एजीएम की सूचना के साथ कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट;

(vi) विसल ब्लोअर नीति/सतर्कता तंत्र;

(vii) उद्यम जोखिम प्रबंधन नीति।

8. अब तक हुई प्रगति

8.1 भारतनेट चरण–1 (अद्यतन प्रगति)

बीबीएनएल भारतनेट परियोजना का निष्पादन कर रहा है जोकि गैर–भेदभाव के आधार पर बैंडविथ और डार्क फाइबर दोनों के प्रावधान हेतु ब्लॉक मुख्यालयों के लिए देश में लगभग सभी 2,50,000 ग्राम पंचायतों को जोड़ने के लिए प्रमुख कार्यक्रम है। यह नेटवर्क प्रत्येक ग्राम पंचायत में वायर्ड मीडिया (ओएफसी) से 1 जीबीपीएस बैंडविथ प्रदान करने और वॉयरलैस मीडिया (रेडियो) से न्यूनतम 100 एमबीपीएस बैंडविथ जिसे 1 जीबीपीएस तक बढ़ाया जा सकता है, प्रदान करने में सक्षम है। भारतनेट की डिजिटल कनेक्टिविटी का प्रसार किए जाने की आशा है जिसमें ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में रोजगार की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष संभावनाएं पैदा करने की क्षमता है। ब्रॉडबैंड और इंटरनेट तथा ई–सेवाओं के प्रावधान का तेज, पारदर्शी और लागत प्रभावी अभिशासन के अतिरिक्त जीडीपी वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव है।

यह परियोजना 2011 में अनुमोदित की गई थी परंतु परियोजना के कार्यान्वयन का कार्य सर्वेक्षण किए जाने के पश्चात और तीन कार्यान्वयन सीपीएसयू द्वारा प्रायोगिक कार्य किए जाने के पश्चात 2014 के दूसरे मध्य भाग में आरंभ हुआ चूंकि इतनी बड़े स्तर की परियोजना के लिए उपकरण की प्रापण की प्रक्रिया विलंब उत्पन्न कर रही थी इसलिए सीपीएसयू के माध्यम से विकेंद्रीकृत प्रापण की प्रक्रिया और विकेंद्रीकृत निर्णय –निर्धारण की प्रक्रिया मई, 2016 में आरंभ की गई। निम्न की स्थापना करते हुए परियोजना के कार्यान्वयन की गति में तेजी आई–

i) सचिव, डीओटी के अंतर्गत अधिकार प्राप्त समिति।

ii) प्रशासक, यूएसओएफ के अंतर्गत अनुवीक्षण समिति की प्रत्येक तिमाही में बैठक।

iii) राज्य स्तरीय मुद्दों को हल करने के लिए मुख्य महा प्रबंधक (सीजीएम), बीएसएनएल के अंतर्गत राज्य समिति।

ये समितियां अंतर–एजेंसी संबंधी मुद्दों और कार्यान्वयन की गति में बाधा पहुंचाने वाले मुद्दों को हल करने में और साथ ही परियोजना की निगरानी में उपयोगी सिद्ध हुई हैं।

चरण–1 की प्रगति में समर्पित टीमों के गठन और विकेंद्रीकरण के माध्यम से प्रापण की प्रक्रिया में तेजी लाने और मुद्दों को हल करने से पिछले दो वर्षों में तेजी आई है। वर्तमान में चरण–1 में लिए गए 1,25,000 ग्राम पंचायतों में से (25,000 ग्राम पंचायतों के अतिरिक्त कार्य सहित), 1,13,469 ग्राम पंचायतों में डक्ट/पाइप पहले ही बिछा दिया गया है, 1,08,237 ग्राम पंचायतों में ओएफसी बिछाया गया है (25,0197 किलोमीटर), 1,00,364 ग्राम पंचायतों में उपकरण स्थापित किए गए हैं, 96,039 ग्राम पंचायतों में सेवा तैयार है ओर 59,124 ग्राम पंचायतों में सेवा खोल दी गई है।

कार्यान्वयन के दौरान यह पाया गया था कि चरण–1 के अंतर्गत इंटरकनेक्ट के फाइबर प्वाइंट (एफपीओआई) और ब्लॉक के बीच मौजूदा फाइबर (अर्थात लॉसी फाइबर) की अपर्याप्त गुणवत्ता एंडटूएंड कनेक्टिविटी को प्रभावित कर रही थी। यह नोट किया जाता है कि ओएफसी बिछाने तथा जीपोन उपकरण के उपलब्धता के बावजूद कई जीपी परियोजना में प्रयुक्त किए जा रहे मौजूदा फाइबर की अपर्याप्त गुणवत्ता के कारण सेवा के लिए तैयार नहीं किए जा सके। इन फाइबर को बदला जाना मंत्रिमंडल के आरंभिक अनुमोदन का भाग नहीं था परंतु अप्रैल, 2016 में दूरसंचार आयोग की अग्रिम योजना और अनुमोदन तथा बाद में 19.07.2017 को मंत्रिमंडल के अनुमोदन के साथ ऐसे अपर्याप्त गुणवत्ता वाले 50,000 किलोमीटर फाइबर को बदले जाने का कार्य किया जा रहा है। इससे सर्विस तैयारी की गति और ब्लॉक से ग्राम पंचायतों तक एंडटूएंड कनेक्टिविटी में वृद्धि हुई है इसके परिणामस्वरूप 1,03,768 ग्राम पंचायतों को अब एंडटूएंड कनेक्टिविटी प्रदान की गई है तथा 96,039 ग्राम पंचायतें सेवा के लिए तैयार है।

इसके अतिरिक्त परियोजना का कार्यान्वयन केवल 3 सीपीएसयू नामतः बीएसएनएल, रेलटेल और पीजीसीआईएल के माध्यम से किया गया था और ग्राम पंचायतों तक कनेक्टिविटी केवल अंडरग्राउंड ओएफसी बिछाकर प्रदान की गई थी जो एक बाध्यकारी कारक बना। कार्यान्वयन के दौरान यह देखा गया कि सभी जीपी को अंडरग्राउंड ओएफसी द्वारा जोड़ा नहीं जा सका और सेवा स्थापित करना परियोजना का भाग नहीं था।

8.2 भारतनेट परियोजना चरण–2 (मंत्रिमंडल का अनुमोदन और उसकी प्रगति)

बीबीएनएल चरण–1 में पहुंच में खामियों को दूर करने के लिए निरंतर कार्य करता रहा है, कार्यान्वयन की संशोधित नीति के लिए मंत्रिमंडल का अनुमोदन जुलाई, 2017 में लिया गया। कार्यान्वयन के उद्देश्य

से सभी 2,50,000 ग्राम पंचायतों को शामिल करते हुए भारतनेट परियोजना चरण–1 (1 लाख जीपी) और चरण–2 (1.5 लाख जीपी) में बांटी गई थीं।

भारत नेट चरण–2 के लिए संशोधित कार्यान्वयन नीति की मुख्य विशिष्टताएं निम्नानुसार हैं:

(क) ब्लॉक से ग्राम पंचायत तक सीधे केबल बिछाना।

(ख) चरण–1 के अनुसार अंडरग्राउंड ओएफसी के अतिरिक्त ऐरियल ऑफ केबल, रेडियो लिंक तथा सेटेलाइट कनेक्टिविटी का उपयोग करना।

(ग) मार्च, 2019 तक समूची 2,50,000 ग्राम पंचायतों के लिए परियोजना पूर्ण करना।

(घ) सेवाओं की त्वरित डिलिवरी के लिए वाई–फाई अथवा अन्य समुचित प्रौद्योगिकी के माध्यम से अंतिम मील तक कनेक्टिविटी का प्रावधान और समूची 2,50,000 ग्राम पंचायतों का ओएंडएम अब कर लिया गया है।

(ड) सीपीएसयू के अतिरिक्त चरण–1 के अनुसार राज्यों, निजी क्षेत्र के माध्यम से कार्यान्वयन।

(च) राज्यों द्वारा अपने स्वयं के संसाधनों से क्षैतिज कनेक्टिविटी।

संशोधित नीति में अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू परियोजना के कार्यान्वयन में सीपीएसयू के साथ राज्यों और निजी क्षेत्र की भागीदारी है। राज्यों के सेवाओं की स्थापना में अति महत्वपूर्ण भागीदार होने के नाते उन्हें चरण–2 में कार्यान्वयन में शामिल किया गया है। राज्यों की भागीदारी के साथ कार्यान्वयन अधिक तेजी से और सुकर तरीके से किए जाने की संभावना है। इस दिशा में कार्रवाई की गई थी जैसे कि विभिन्न राज्य सरकारों के साथ परामर्श, उन्हें इलैक्ट्रिसिटी पोल के सर्वेक्षण हेतु निधियां प्रदान करना जहां ऐरियल केबल प्रदान की जा सकती हैं और ऐसी अन्य गतिविधियां। चूंकि मौजूदा इलैक्ट्रिसिटी पोल पर ऐरियल ओएफसी चरण–2 में ओएफसी बिछाने के लिए विचार किया जा रहा है इसलिए सर्वेक्षण तथा कुछ राज्यों के लिए ऐरियल ओएफसी बिछाने हेतु विद्युत पोल की जीआईएस मैपिंग के लिए अग्रिम निधि प्रदान की गई है।

राज्यों से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के आधार पर महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और तमिलनाडु राज्यों के लिए सितम्बर, 2017 और दिसम्बर, 2017 में दूरसंचार आयोग द्वारा अनुमति प्रदान की गई थी। बीबीएनएल ने राज्यों के साथ तकनीकी, वाणिज्यक और वित्तीय मुद्दों को तेजी से हल करने के लिए कार्य किया जोकि इस प्रकृति की परियोजनाओं में आम होते हैं। सभी भागीदारों अर्थात यूएसओएफ, डीओटी, राज्य तथा बीबीएनएल की समय पर की गई कार्रवाई के कारण क्रमशः कम समय में दूरसंचार आयोग का अनुमोदन प्राप्त हुआ। मंत्रिमंडल द्वारा राज्य डीपीआर के अनुमोदन हेतु प्रदान की गई पांच माह की सीमा के विरुद्ध दूरसंचार आयोग द्वारा अधिकांश राज्यों के लिए डेढ़ माह में चार स्तरीय जांच के पश्चात राज्य स्तरीय डीपीआर हेतु अनुमोदन प्रदान कर दिया गया।

राज्य–मॉडल के कार्यान्वयन के लिए चुर्तपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का कार्य 13 नवम्बर, 2017 को आरंभ हुआ जिसमें माननीय संचार (स्वतंत्र प्रभार) और रेलवे राज्य मंत्री तथा अन्य केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों की उपस्थिति में आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। तदंतर 09.12.2017 को झारखंड तथा महाराष्ट्र राज्यों के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। अन्य राज्यों के साथ समझौता ज्ञापन पर दिसम्बर, 2017 के अंत में हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है।

निजी क्षेत्र संचालित मॉडल के अंतर्गत दूरसंचार आयोग के अनुमोदन के आधार पर निजी क्षेत्र मॉडल के अंतर्गत बिहार और पंजाब राज्यों के लिए प्रस्तावों का अनुरोध (आरएफपी) जारी किया गया है।

सीपीएसयू संचालित मॉडल के लिए बीएसएनएल को असम, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू और कश्मीर और सिक्किम राज्यों में नामांकन आधार पर दूरसंचार आयोग द्वारा अनुमोदित किया गया है। इसी प्रकार हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी राज्यों जिनमें ऐरियल ओएफसी विद्युत पोल पर बिछाया जाना है, पीजीसीआईएल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। सीपीएसयू संचालित मॉडल के लिए बीएसएनएल और पीजीसीआईएल के साथ विचार–विमर्श अंतिम चरण में है। सीपीएसयू के साथ 1 दिसम्बर 2017 और 9 दिसम्बर, 2017 को दो कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं।

चरण–2 के अंतर्गत विशेष जोर सेवाओं की स्थापना पर है। मंत्रिमंडल ने 2.5 लाख ग्राम पंचायतों के लिए अंतिम मील तक कनेक्टिविटी के लिए मॉडल को अनुमोदित किया है। अंतिम मील कनेक्टिविटी के लिए आयोजना कार्य पूरा हो गया है और इस उद्देश्य के लिए आरएफपी लाए जाने की आशा है। राज्य ग्राम पंचायतों के स्तर पर सरकारी संस्थाओं को नेटवर्क से जोड़कर, एफटीटीएच कनेक्शन लेते हुए, जीपी में वाई–फाई हॉटस्पॉट स्थापित करके भारतनेट के लिए स्वॉन नेटवर्क जोड़कर इस नेटवर्क का उपयोग करने के लिए सटीक कदम उठा रहे हैं। टीएसपी को बैंडविथ का प्रयोग करने के लिए अग्रिम भुगतान भी किया गया है। बीबीएनएल द्वारा विशेष टैरिफ भी तैयार और तैनात किया गया है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 42,068 करोड़ रूपए की कुल अनुमानित लागत (जीएसटी, चूंगी और स्थानीय कर को छोड़कर) अनुमोदित की है जिसमें चरण–1 के लिए 11,148 करोड़ रूपए और चरण–2 तथा यूएसओएफ द्वारा वित्तपोषित की जाने वाली अन्य गतिविधियों के लिए 30,920 करोड़ रुपए शामिल हैं।

8.3 नेटवर्क का रख–रखाव

ग्रामीण क्षेत्रों में अवसंरचना के विस्तार के कारण इंक्रीमेंटल फाइबर का रख–रखाव एक चुनौती है। यह महत्वपूर्ण है कि इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए एक समर्पित एजेंसी आवंटित की जाए।

चरण–1 में जीपी के लिए बीएसएनएल को ओएंडएम की जिम्मेदारी दी गई है जबकि बीएसएनएल ने इंक्रीमेंटल फाइबर बिछा दी गई है। इस आश्य के करार पर 4 अक्टूबर, 2017 को हस्ताक्षर किए गए हैं। बीबीएनएल नेटवर्क के ओएंडएम के लिए अन्य तंत्रों को भी पता लगा रहा है।

चरण–2 में नेटवर्क के प्रबंधन और आपरेशन और रख–रखाव का कार्य परियोजना कार्यान्वयन एजेंसी (पीआईए) द्वारा किया जाना अपेक्षित है। परियोजना का कार्यान्वयन करने वाली एजेंसी को परियोजना के जीवन चक्र हेतु प्रबंधन, आपरेशन और रख–रखाव की जिम्मेदारी देने में वरीयता दी जाएगी।

8.4 नेटवर्क का उपयोग

भारत नेट की सेवा स्थापना और उपयोग का पहलू संशोधित कार्यान्वयन नीति का प्रमुख मुद्दा है। वाई–फाई अथवा अन्य ब्रॉड आधारित प्रौद्योगिकी के आधार पर अंतिम मील कनेक्टिविटी मॉडल की प्रत्येक जीपी हेतु मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। इस उद्देश्य के लिए आरएफपी का प्रस्ताव किया जा रहा है और शीघ्र ही इसे जारी किया जाएगा।

इस नेटवर्क के मुख्य उपभोक्ता टेलीकॉम सेवा प्रदाता, आईएसपी, एमएसओ, एलसीओ इत्यादि हैं जो ग्रामीण एवं सुदूर क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड की स्थापना तथा मोबाइल नेटवर्क के विस्तार हेतु भारतनेट का उपयोग कर सकते हैं। बीबीएनएल ने 13.11.2017 को विज्ञान भवन में भारतनेट के उपयोग के संबंध में एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। चार राष्ट्रीय स्तर के टीएसपी को भारतनेट के बैंडविथ और डार्क फाइबर प्रावधान के लिए इकट्ठे 17.86 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है।

इस नेटवर्क के अन्य मुख्य उपभोक्ता राज्य सरकारें हैं जो विभिन्न नागरिक केंद्रीत सेवाओं के लिए नेटवर्क का उपयोग कर सकती हैं जैसे कि ई–स्वास्थ्य, ई–शिक्षा, ई–चिकित्सा इत्यादि। भारतनेट राज्यों की ग्रामीण क्षेत्रों में उनके सभी नागरिकों तक डिजिटल पहुंच प्रदान करने और डिजिटल अंतर को पाटने में सहायक होगा। कई राज्य (राज्य संचालित मोड के अंतर्गत चरण–2 में कार्यान्वयन करने वाले राज्यों सहित) ने राष्ट्रीय सम्मेलन में भारतनेट के उपयोग की रणनीति दर्शायी।

8.5 भारतनेट के निधियन के लिए यूएसओएफ के साथ करार

भारतनेट के लिए विशेष उद्देश्य साधन (एसपीवी) के रूप में बीबीएनएल ने यूनिवर्सल सर्विस आब्लीगेशन फंड (यूएसओएफ), दूरसंचार विभाग (डीओटी) के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किए। इस करार के अंतर्गत यूएसओएफ ने बीबीएनएल के पहले 5 वर्षों के लिए समूचे कैपेक्स और नेट औपेक्स (अर्थात राजस्व से निवल औपेक्स) हेतु निधियां प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की। इस प्रबंध को 2020 तक बढ़ाया गया है।

9. कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत अपेक्षित कारपोरेट अभिशासन रिपोर्ट, प्रबंधन विचार–विमर्श एवं विश्लेषण तथा अन्य सूचना

कारपोरेट अभिशासन रिपोर्टः

आपकी कंपनी सभी प्रतिभागियों के हितों की सुरक्षा में सभी स्तरों पर पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कारपोरेट अभिशासन के उच्च मानकों को बनाए रखने हेतु वचनबद्ध है। कंपनी, कंपनी अधिनियम के अंतर्गत यथा निर्धारित कारपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन करती है। बीबीएनएल ने सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई), भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा–निर्देशों का इष्टतम संभावित सीमा तक क्रियान्वयन किया है।

शर्तों के अनुपालन की पुष्टि करते हुए कंपनी सचिव के एक प्रमाण–पत्र के साथ दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए कॉरपोरेट अभिशासन संबंधी एक रिपोर्ट जो वार्षिक रिपोर्ट का भाग है, इस रिपोर्ट के अनुबंध–ख के साथ संलग्न है।

प्रबंधन का विचार–विमर्श और विश्लेषण रिपोर्टः

डीपीई द्वारा जारी सीपीएसई के लिए कारपोरेट अभिशासन संबंधी दिशा–निर्देशों के खंड 7.5 के अनुसार 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के संचालन और निष्पादन के संबंध में "प्रबंधन का विचार–विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट" **अनुबंध–ग** में संलग्न है।

10. निदेशक उत्तरदायित्व प्राक्कथन

अधिनियम की धारा 134(5) तथा प्रबंधन से प्राप्त अभ्यावेदनों के आधार पर निदेशक इस बात की पुष्टि करते है कि:

i) वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए वार्षिक लेखे तैयार करने में सभी लागू लेखन मानकों को वस्तुस्थिति से विचलन से संबंधित समुचित व्याख्या के साथ अपनाया गया है;

ii) उन्होंने ऐसी लेखन नीतियों का चयन किया है और उन्हें सतत् रूप से अपनाया है तथा ऐसे निर्णय और अनुमान लगाए हैं जो वित्तीय वर्ष को समाप्त अवधि के अनुसार कंपनी के मामलों और वित्तीय वर्ष को समाप्त अवधि के लिए लाभ एवं हानि खाते का सही और समुचित दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए समुचित एवं विवेकपूर्ण हैं;

iii) उन्होंने उनकी जानकारी और योग्यता के अनुसार अधिनियम के प्रावधानों के अनुसरण में पर्याप्त लेखन रिकॉर्ड रखने के लिए समुचित एवं पर्याप्त देखभाल की है। उन्होंने यह पुष्टि की है कि उनके पास कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं की रोकथाम करने एवं उनका पता लगाने के लिए पर्याप्त प्रणाली एवं नियंत्रण मौजूद है;

iv) उन्होंने जारी हितों के आधार पर वार्षिक लेखे तैयार किए है;

v) उन्होंने कंपनी द्वारा अनुसरण किए जाने के लिए आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं और ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त है तथा समुचित रूप से कार्य कर रहे हैं; और

vi) उन्होंने सभी लागू नियमों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रणाली तैयार की है और ऐसी प्रणाली पर्याप्त थी तथा प्रभावी रूप से कार्य कर रही थी।

11. सांविधिक लेखापरीक्षक

मै. रावला एंड कंपनी, सनदी लेखाकार, नई दिल्ली को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के अनुसार भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए आपकी कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। सांविधिक लेखापरीक्षकों ने 31 मार्च, 2017 को समाप्त अवधि के लिए कंपनी के वार्षिक लेखों की लेखापरीक्षा की है।

12. स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के वार्षिक लेखों की लेखापरीक्षक की रिपोर्ट तथा उस पर प्रबंधन के उत्तर तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(ख) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा 31 मार्च, 2017 को समाप्त अवधि के लिए वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियों के साथ उन पर प्रबंधन के उत्तर निदेशक की रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं।

13. सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) और कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 9 के अनुसरण में वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए कंपनी की सचिवालयी लेखापरीक्षा मैसर्स जे.के. गुप्ता एंड एसोसिएटस, कंपनी सचिव, नई दिल्ली द्वारा की गई है। सचिवालयी लेखापरीक्षा **अनुबंध–च** के रूप में इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

14. कंपनी सचिवों द्वारा उनकी रिपोर्ट में योग्यताओं, निहितार्थों अथवा प्रतिकूल टिप्पणियों अथवा अस्वीकरण के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(च) के अंतर्गत व्याख्या अथवा टिप्पणियां:

सचिवालयी लेखापरीक्षकों द्वारा उनकी रिपोर्टों में निम्नलिखित योग्यताएं, निहितार्थ अथवा प्रतिकूल टिप्पणियां थी और उन पर प्रबंधन का उत्तर नीचे दिया गया है:

लेखापरीक्षा पैरा संख्या	सचिवालयी लेखापरीक्षक की टिप्पणियां	प्रबंधन का उत्तर
(i)(1)	स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में हम यह सूचित करना चाहते हैं कि वर्ष के दौरान बोर्ड तथा उसकी उप–समितियों की संरचना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के प्रावधानों के अनुरूप नहीं हैं चूंकि कंपनी के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं है।	कंपनी ने कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए पहले ही दूरसंचार विभाग / सार्वजनिक उद्यम विभाग से संपर्क किया है।

अतिरिक्त, **अनुबंध–क** पर सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में सचिवालयी लेखापरीक्षक ने निम्नलिखित टिप्पणियां की है:–

लेखापरीक्षा पैरा संख्या	सचिवालयी लेखापरीक्षक की टिप्पणियां
अनुबंध–क – क्रम संख्या 3	हमने समीक्षाधीन अवधि के लिए मैसर्स ठाकुर, वैद्यनाथ अय्यर (सनदी लेखाकार) की आतंरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर भरोसा किया है, अतः हमने नमूना आधार पर सांविधिक/विधायी अनुपालनों की सटीकता की जांच की है। उनकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उल्लिखित योग्यताएं/टिप्पणियां भी इस रिपोर्ट का भाग है।
अनुबंध–क – क्रम संख्या 4	हमने समीक्षा अवधि के लिए मैसर्स रावला एंड कंपनी (सनदी लेखाकार) की सांविधिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर भरोसा किया है अतः हमने कंपनी के वित्तीय रिकॉर्ड और लेखा पुस्तकों की सटीकता की जांच नहीं की है। उनकी रिपोर्ट में उल्लिखित योग्यताएं/टिप्पियां इस रिपोर्ट का भाग हैं।

उपर्युक्त के संबंध में प्रबंधन का समेकित उत्तर पहले ही वार्षिक रिपोर्ट के साथ संलग्न प्रबंधकों के उत्तर के खंड में दिया गया है।

15. ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकीय समावेषण तथा शोध एवं विकास पर व्यय

कंपनी अधिनियम की धारा 134(3)(ड) के प्रावधानों तथा कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(3) के साथ पठित अनसुरण में ऊर्जा के संरक्षण के संबंध में सूचना नीचे दी गई है:

क) ऊर्जा संरक्षण

क) ऊर्जा के संरक्षण के लिए उठाए गए कदम अथवा प्रभाव:

कंपनी ने नेटवर्क ऑपरेशन केंद्र/कार्यालय में एलईडी ट्यूब लाइट/बल्बों को स्थापित कर दिया है।

ख) ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग के लिए कंपनी द्वारा उठाए गए कदम:

ग्राम पंचायतों में ऊर्जा के वैकल्पिक संसाधन के रूप में सौर ऊर्जा पहले ही स्थापित कर दी गई है।

ग) ऊर्जा संरक्षण उपकरण के संबंध में पूंजीगत निवेश:

कंपनी ने कार्यालय भवन में ऊर्जा संरक्षण उपकरण लगाए है।

ख) प्रौद्योगिकीय समावेषण, उन्हें अपनाना और नवाचार

क) प्रौद्योगिकीय समावेषण, उन्हें अपनाने और नवाचार के लिए उठाए गए संक्षेप में कदमः

जीपोन प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए एक प्रमुख योजना चलाई गई हैं। इस प्रमुख योजना के लिए जीपोन के लिए निविदा में अधिगम शामिल किया गया है जिसे अंतिम रूप दिया गया है।

ख) उपर्युक्त प्रयासों, उदाहरण उत्पाद सुधार, लागत में कमी, उत्पाद विकास, आयात प्रतिस्थापन इत्यादि के परिणामस्वरूप पहुंचे लाभ

जीपोन में स्वदेशी प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है।

ग) आयाती प्रौद्योगिकी के मामले में (वित्तीय वर्ष के आरंभ से शुरू करते हुए विगत पांच वर्षों के दौरान आयातित) निम्नलिखित सूचना दी जा सकती हैः

(क) आयातित प्रौद्योगिकी : शून्य

(ख) आयात का वर्ष : शून्य

(ग) क्या प्रौद्योगिकी पूरी तरह से समावेशित की गई है : शून्य

(घ) यदि पूरी तरह से समावेशित नहीं की गई है तो वे क्षेत्र जहां ऐसा नहीं हुआ है, इसके कारण तथा भविष्य की योजनाएं : शून्य

(ग) आरएंडडी पर व्यय (रूपए में)

क्र.सं.	विवरण	2016–17	2015–16
1.	पूंजी	शून्य	शून्य
2.	आवर्ती	शून्य	शून्य
3.	कुल	शून्य	शून्य
4.	कुल टर्नओवर के प्रतिशत के रूप में कुल आरएंडडी व्यय	शून्य	शून्य

16. विदेशी मुद्रा आय और व्यय

क्र. सं.	विदेशी मुद्रा आय/व्यय	राशि भारतीय रुपए में	
		31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए
1.	विदेशी मुद्रा आय	शून्य	शून्य
2.	विदेश यात्रा पर भुगतान पर हुआ व्यय	1,45,516	4,26,924
3.	अन्य	4,49,394	5,78,089
4.	सीआईएफ आधार पर आयात का मूल्य (अर्जन आधार पर)	शून्य	शून्य
5.	विदेशी मुद्रा वापसी, यदि कोई हो,	शून्य	शून्य

17. कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

आपकी कंपनी ने अब तक वाणिज्यक संचालन आरंभ नहीं किया है। हालांकि कंपनी अब कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के क्षेत्राधिकार/मापदंड के अंतर्गत शामिल है जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 में उल्लेख किया गया है। यद्यपि सीएसआर गतिविधियां संचालित नहीं की गई हैं परंतु कंपनी ने बोर्ड की एक सीएसआर उप–समिति गठित कर ली है और वह शीघ्र ही सीएसआर के अंतर्गत समुचित गतिविधियां संचालित करेगा।

18. लोगों से जमा

कंपनी ने लोगों से कोई जमा स्वीकार नहीं किया है और इस प्रकार लोगों से मूल अथवा जमा पर ब्याज के लिए कोई राशि तुलन–पत्र की तारीख के अनुसार बकाया नहीं थी।

19. निदेशक बोर्ड

19.1 31.03.2017 के अनुसार कंपनी का निदेशक मंडल निम्नानुसार हैः

क्र.सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	निम्न तिथि से कार्यग्रहण की अवधि
1.	श्री संजय सिंह@	अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक	18.03.2016 से
2.	श्री शशि रंजन कुमार	सरकारी नामिती निदेशक	06.11.2015 से
3.	श्री महमूद अहमद	सरकारी नामिती निदेशक	16.12.2016 से
4.	श्री बी.के. मित्तल*	निदेशक (प्रचालन)	29.07.2015 से
5.	श्री बी.के. मित्तल**	निदेशक (योजना)	01.01.2016 से
6.	श्री मनोज आनंद***	निदेशक (वित्त)	29.07.2016 से

@दूरसंचार विभाग के आदेश के अनुसरण में श्री संजय सिंह प्रशासक(यूएसओएफ), डीओटी को कंपनी के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था।

*दूरसंचार विभाग के आदेश के अनुसार श्री बी.के. मित्तल, सहालकार, डीओटी को कंपनी के निदेशक (प्रचालन) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था।

**दूरसंचार विभाग के आदेश के अनुसार श्री बी.के. मित्तल, सहालकार, डीओटी को कंपनी के निदेशक (योजना) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था।

***दूरसंचार विभाग के आदेश के अनुसार श्री मनोज आनन्द, सीजीएम (कराधान), बीबीएनएल को निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था।

19.2 निम्नलिखित व्यक्तियों को वर्ष के दौरान/पिछली एजीएम की तारीख से समीक्षाधीन तारीख तक निदेशक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) के रूप में नियुक्त किया गया था:

क्र.सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	नियुक्ति की तारीख
1.	श्री महमूद अहमद	सरकारी नामिती निदेशक	16.12.2016
2.	श्री मनोज आनंद	निदेशक (वित्त)	29.07.2016
3.	श्री एन.के. जोशी	निदेशक (प्रचालन)	15.11.2017
4.	श्री ए.के सक्सेना	निदेशक (योजना)	15.11.2017

19.3 निम्नलिखित व्यक्ति समीक्षाधीन वर्ष के दौरान/पिछली एजीएम से आज तक की तारीख तक निदेशक/केएमपी नहीं रहे

क्र.सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	नियुक्ति की तारीख	पद छोड़ने की तारीख
1.	श्रीमती अरूणधती पांडा	निदेशक (वित्त)	26.07.2012	25.07.2016
2.	श्री आईएस शास्त्री	सरकारी नामिति निदेशक	25.02.2012	16.12.2016
3.	श्री बी.के. मित्तल	निदेशक (प्रचालन)	29.07.2015	31.10.2017
4.	श्री बी.के. मित्तल	निदेशक (योजना)	01.01.2016	31.10.2017

19.4 निम्नलिखित व्यक्तियों को समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार केएमपी के रूप में पदनामित किया गया था:

क्र.सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	नियुक्ति की तारीख
1.	श्री संजय सिंह	अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक	18.03.2016
2.	श्री बी.के. मित्तल	निदेशक (प्रचालन)	29.07.2015
3.	श्री मनोज आनंद	निदेशक (वित्त)	29.07.2016
4.	श्री ए.सी. उपाध्याय	कंपनी सचिव और विधि प्रमुख	01.04.2014

19.5 बोर्ड की बैठकें

बोर्ड के सदस्यों की बोर्ड बैठक में उपस्थिति तथा अन्य विवरण कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट में दिया गया है। वर्ष 2016–17 के दौरान कंपनी के निदेशक बोर्ड की निम्न तारीखों को बारह (12) बैठकें हुई:

53वीं बोर्ड बैठक 12.04.2016	54वीं बोर्ड बैठक 30.05.2016	55वीं बोर्ड बैठक 09.06.2016	56वीं बोर्ड बैठक 28.06.2016
57वीं बोर्ड बैठक 08.07.2016	58वीं बोर्ड बैठक 21.07.2016	59वीं बोर्ड बैठक 28.07.2016	60वीं बोर्ड बैठक 05.08.2016
61वीं बोर्ड बैठक 23.08.2016	62वीं बोर्ड बैठक 05.10.2016	63वीं बोर्ड बैठक 15.11.2016	64वीं बोर्ड बैठक 28.01.2017

20. लेखापरीक्षा समिति

आरंभ में बोर्ड द्वारा 22.04.2013 को लेखापरीक्षा समिति का गठन किया गया है जिसमें दो सरकारी नामिती निदेशक तथा एक संचालन निदेशक शामिल हैं। कंपनी सचिव लेखापरीक्षा समिति का सचिव है। वर्ष के दौरान 6 (छः) लेखापरीक्षा समिति की बैठकों का आयोजन किया गया है।

16वीं लेखापरीक्षा समिति 12.04.2016	17वीं लेखापरीक्षा समिति 21.07.2016	18वीं लेखापरीक्षा समिति 23.08.2016
19वीं लेखापरीक्षा समिति 05.10.2016	20वीं लेखापरीक्षा समिति 15.11.2016	21वीं लेखापरीक्षा समिति 09.03.2017

इसके अतिरिक्त, कंपनी ने स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी)/सार्वजनिक उद्यम विभाग से संपर्क किया है, जो लंबित है। जैसे ही डीओटी/सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा बीबीएनएल के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति कर दी जाएगी, लेखापरीक्षा समिति का पुनर्गठन किया जाएगा।

31.03.2017 तक निदेशक बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के सदस्यों की संरचना और श्रेणी तथा 31.03.2017 तक बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार है:–

क्र. सं.	निदेशकों का नाम	पदनाम	श्रेणी	बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे
1.	श्री शशि रंजन कुमार	अध्यक्ष	सरकारी नामिती निदेशक	6
2.	श्री आई.एस. शास्त्री*	सदस्य	सरकारी नामिती निदेशक	5
3.	श्री बी.के. मित्तल**	सदस्य	निदेशक (प्रचालन)	6
4.	श्री महमूद अहमद***	सदस्य	सरकारी नामिती निदेशक	1

*श्री आईएस शास्त्री ने दिनांक 16.12.2016 को सरकारी नामिती निदेशक के पद से त्याग–पत्र दे दिया।

**डीओटी के आदेश के अनुसरण में श्री बी.के. मित्तल, सलाहकार, डीओटी को निदेशक (प्रचालन) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया गया था। इसके अतिरिक्त, श्री बी.के. मित्तल को दिनांक 01.01.2016 से निदेशक (योजना) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था।

***डीओटी के आदेश के अनुसरण में श्री महमूद अहमद को दिनांक 16.12.2016 से सरकारी नामिती निदेशक का प्रभार सौंपा गया है।

लेखापरीक्षा समिति का कार्यकाल कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी सीपीएसई के अभिशासन दिशा–निर्देशों के संबंध में 14 मई, 2010 के निर्देशों के अनुसार हैं। कार्यों की सूची में अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित शामिल है:

- **लेखापरीक्षकों के साथ आवधिक रूप से निम्न के बारे में विचार–विमर्श करना:**
  - आंतरिक नियंत्रण प्रणाली अनुपालन और उसकी सक्षमता
  - लेखापरीक्षकों की टिप्पणियों सहिति लेखापरीक्षा का कार्य क्षेत्र
  - बोर्ड को प्रस्तुत किए जाने से पहले त्रैमासिक, छमाही और वार्षिक वित्तीय विवरणों की समीक्षा
- **निम्नलिखित कार्य करना:**
  - कंपनी की वित्तीय सूचना के प्रकटन के लिए प्रणाली और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त और विश्वसनीय हैं
  - प्रबंधन के साथ वार्षिक वित्तीय विवरणों को बोर्ड को प्रस्तुत किए जाने से पहले विशेषकर निदेशक की जिम्मेदारी विवरण में शामिल किए जाने के लिए अपेक्षित मामलों के संदर्भ में, परिवर्तन, यदि कोई हो, लेखा नीतियों, प्रमुख लेखन प्रविष्टियों, महत्वपूर्ण समायोजनों और मसौदा लेखापरीक्षा रिपोर्ट में योग्य मतों के संदर्भ में समीक्षा करना।
  - बाह्य लेखापरीक्षकों की नियुक्ति और उन्हें हटाने की सिफारिश करना, लेखापरीक्षा फीस का निर्धारण करना और किसी अन्य सेवा के लिए भुगतान के अनुमोदन प्रदान करना।
  - लेखापरीक्षा समिति की सेवा शर्तों में उल्लिखित कोई अन्य कार्य करना।

20.1 कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177(9) के अंतर्गत विसल ब्लोअर नीति/सतर्कता तंत्र

कंपनी में समिति के माध्यम से एक स्थापित विसल ब्लोअर नीति/सतर्कता तंत्र है और यह निदेशकों और अन्य कर्मचारियों द्वारा व्यक्त सही चिंताओं की देखभाल करता है। कंपनी में उन कर्मचारियों और निदेशकों को प्रताड़ित करने के विरूद्ध समुचित रक्षोपाय किए हैं जो ऐसी चिंताएं व्यक्त करते हैं। कंपनी ने सह–कर्मचारियों तथा कंपनी के हितों के संबंध में मामले सूचित करने के संबंध में लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष तक सीधी पहुंच भी प्रदान की है।

कर्मचारियों को कंपनी की आचार संहिता के विरूद्ध गैर–नीतिगत व्यवहार, वास्तविक अथवा संभावित, धोखाधड़ी अथवा उल्लंघन की घटनाएं प्रबंधन को सूचित करने का अवसर प्रदान करने की नीति तैयार की गई है। वर्ष के दौरान, ऐसी कोई घटना सूचित नहीं की गई।

21. नामित एवं पारिश्रमिक समिति:

आरंभ में बोर्ड में वर्ष 2013 को पारिश्रमिक समिति का गठन किया था। डीपीई दिशा–निर्देशों के अनुसार अध्यक्ष को एक स्वतंत्र निदेशक होना चाहिए। तथापि, स्वतंत्र निदेशक की तैनाती अभी तक नहीं की गई है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 के साथ पठित कंपनी (बोर्ड की बैठक और इसके अधिकार) नियम, 2014 के नियम 6 के तहत यथा अपेक्षित नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों के अभाव में पुनर्गठन नहीं किया जा सका। समिति का दूरसंचार विभाग द्वारा स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति किए जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार गठन किया जाएगा। एक सीपीएसयू होने के नाते निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों और अन्य कर्मचारियों की योग्यताएं और पारिश्रमिक के मापदंड भारत सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते है और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने 05.06.2015 की अधिसूचना द्वारा छूट प्रदान की है। समिति का कार्यक्षेत्र डीपीई द्वारा जारी कॉरपोरेट अभिशासन दिशा–निर्देशों में दी गई परिभाषा के अनुसार सीमित है।

वर्ष के दौरान 27.06.2016 को पारश्रमिक समिति की 1 (एक) पांचवीं बैठक आयोजित की गई थी। निदेशक बोर्ड की पारिश्रमिक समिति के सदस्यों की वर्तमान संरचना और श्रेणी तथा बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार है:–

क्र.सं.	निदेशकों का नाम	पदनाम	श्रेणी	बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे
1.	'	स्वतंत्र निदेशक	गैर–अधिकारिक/अधिकारिक अंशकालीन निदेशक	.
2.	'	स्वतंत्र निदेशक	गैर–अधिकारिक/अधिकारिक अंशकालीन निदेशक	.
3.	श्री शशि रंजन कुमार	सदस्य	सरकारी नामिती निदेशक	1
4.	श्री आई.एस. शास्त्री**	सदस्य	सरकारी नामिती निदेशक	1
5.	श्री महमूद अहमद***	सदस्य	सरकारी नामिती निदेशक	लागू नहीं

*स्वतंत्र निदेशक का पद रिक्त है।

**श्री आई.एस. शास्त्री ने 16.12.2016 को सरकारी नामिती निदेशक के पद से त्याग–पत्र दे दिया है।

***डीओटी के आदेश के अनुसरण में श्री महमूद अहमद को दिनांक 16.12.2016 से सरकारी नामिती निदेशक का कार्यभार सौंपा गया है।

22. कार्यकारी समिति

वर्ष के दौरान कार्यकारी समिति की 13 (तेरह) बैठकें आयोजित की गईं

26वीं कार्यकारी समिति 02.05.2016	27वीं कार्यकारी समिति 09.07.2016	28वीं कार्यकारी समिति 03.08.2016	29वीं कार्यकारी समिति 27.08.2016
30वीं कार्यकारी समिति 06.09.2016	31वीं कार्यकारी समिति 28.09.2016	32वीं कार्यकारी समिति 20.10.2016	33वीं कार्यकारी समिति 30.11.2016
34वीं कार्यकारी समिति 10.12.2016	35वीं कार्यकारी समिति 16.12.2016	36वीं कार्यकारी समिति 06.02.2017	37वीं कार्यकारी समिति 15.02.2017
38वीं कार्यकारी समिति 15.03.2017			

निदेशक मंडल की कार्यकारी समिति के सदस्यों की संरचना और श्रेणी तथा बैठकों में उपस्थिति निम्नानुसार हैं:–

क्र.सं.	निदेशकों का नाम	पदनाम	श्रेणी	बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे
1.	श्री संजय सिंह	अध्यक्ष	अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक	13
2.	श्री बी.के. मित्तल@	सदस्य	निदेशक (प्रचालन) एवं (योजना)	13
3.	श्रीमती अरूणधती पांडा@@	सदस्य	निदेशक (वित्त)	2
4.	श्री मनोज आनन्द@@@	सदस्य	निदेशक (वित्त)	11

@डीओटी के आदेश के अनुसरण में श्री बी.के. मिततल को निदेशक (प्रचालन) और निदेशक (योजना) का पद भार सौंपा गया था।

@@ श्रीमती अरूणधती पांडा का बीबीएनएल में आरंभिक/अंतरिम निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यकाल 25.07.2016 को समाप्त हो गया, इसलिए उन्होंने 25.07.2016 (अपराह्न) से कंपनी के निदेशक (वित्त) के कार्यभार से त्यागपत्र दे दिया।

@@@डीओटी के आदेश के अनुसरण में श्री मनोज आनन्द, सीजीएम (कराधान), बीबीएनएल को निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया। श्री मनोज आनन्द ने 29.07.2016 को कार्यभार ग्रहण किया।

23. कंपनी की जोखिम प्रबंधन नीति के विकास और क्रियान्वयन के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(ढ) के अंतर्गत सूचना

समीक्षाधीन अवधि के दौरान दिनांक 15.11.2016 को एक बैठक (चौथी) का आयोजन किया गया था। निदेशक बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति के सदस्यों की संरचना और श्रेणी तथा 31.03.2017 तक बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार है:

क्र.सं.	निदेशकों का नाम	पदनाम	श्रेणी	बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे
1.	श्री आई.एस. शास्त्री*	अध्यक्ष	सरकारी नामिती निदेशक	1
2.	श्री बी.के. मित्तल**	सदस्य	निदेशक (प्रचालन) एवं (योजना)	1
3.	श्री महमूद अहमद ***	अध्यक्ष	सरकारी नामिती निदेशक	लागू नहीं

* श्री आईएस शास्त्री ने 16.12.2016 को सरकारी नामिति निदेशक के पद से त्याग पद दिया।

**डीओटी के आदेश के अनुसरण में श्री बी. के. मित्तल को निदेशक (प्रचालन) और निदेशक (योजना) का पद भार सौंपा गया।

** डीओटी के आदेश के अनुसरण में श्री महमूद अहमद को सरकारी नामिति निदेशक का 16.12.2016 को पद भार सौंपा गया।

24. कर्मचारियों के पारिश्रमिक के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5(2) के अंतर्गत सूचना

बीबीएनएल के एक सरकारी कंपनी होने के नाते कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 और संगत नियम कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 05.06.2015 की राजपत्रित अधिसूचना को देखते हुए लागू नहीं होंगे। संचालन निदेशकों की नियुक्ति की शर्तें और उपबंधों का निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया जाता है। बीबीएनएल के कंपनी सचिव, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति के वेतन और शर्तें कंपनी द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप है।

25. बोर्ड द्वारा अपने स्वयं के निष्पादन तथा उसकी समिति तथा व्यैक्तियों के निष्पादन के औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(त) के अंतर्गत प्रक्कथन

बीबीएनएल के एक सरकारी कंपनी होने के नाते कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(त) के प्रावधानों और संगत नियम कारपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 05.06.2015 की राजपत्रित अधिसूचना को देखते हुए लागू नहीं होंगे।

26. संबद्ध पक्ष लेनदेन

संबद्ध पक्षों के साथ कोई करार अथवा प्रबंध नहीं था जो समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 के तत्वाधान में आता।

27. फॉर्म संख्या एमजीटी 9 वार्षिक रिटर्न का उद्धरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान रिपोर्ट के लिए फॉर्म संख्या एमजीटी 9 में कंपनी की वार्षिक रिटर्न का कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) और कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के अनुसरण में रिपोर्ट **अनुबंध–क** में दी गई है।

28. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत ऋण, गारंटी अथवा किए गए निवेश का विवरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत निर्दिष्ट सीमाओं से अधिक कंपनी द्वारा कोई ऋण गारंटी अथवा निवेश नहीं किया गया और इस प्रकार उक्त प्रावधान लागू नहीं है।

29. अनारक्षित ऋण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कोई अनारक्षित ऋण नहीं है।

30. वित्तीय वर्ष के अंत जिससे वित्तीय विवरण संबद्ध है और रिपोर्ट की तारीख के बीच हुए कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले वास्तविक परिवर्तन और वचनबद्धताएं, यदि कोई हो:

वित्तीय वर्ष के अंत जिससे वित्तीय विवरण संबद्ध है और रिपोर्ट की तारीख के बीच हुए कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले कोई वास्तविक परिवर्तन और वचनबद्धताएं नहीं है।

31. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

आपकी कंपनी ने सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई), 2005 के अंतर्गत प्राप्त होने वाले अनुरोधों पर कार्रवाई करने के लिए समूचे संगठन में व्यापक तंत्र गठित किया है। नागरिकों को सूचना प्राप्त करने में सहायता और सुलभता प्रदान करने के लिए अधिनियम के अंतर्गत सूचना तक पहुंच और प्रथम अपील दायर करने की प्रक्रिया व्यक्त करते हुए बीबीएनएल की वेबसाइट पर विस्तृत दिशा–निर्देश डाले गए हैं।

सूचना की विभिन्न श्रेणियों का प्रसार करते हुए अधिनियम की धारा 4(1)(ख) के अनुरूप बीबीएनएल की वेबसाइट पर स्वतः प्रकटन किया गया है ताकि नागरिकों को सूचना प्राप्त करने के उद्देश्य से इस अधिनियम का उपयोग करने की न्यूनतम आवश्यकता हो।

32. राजभाषा (आधिकारिक भाषा)

आपकी कंपनी राजभाषा के प्रसार और संवर्धन के सटीक प्रयास करती है। राजभाषा नीति/अधिनियम/नियमों/भारत सरकार के आदेशों के अनुसरण में सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिक उपयोग के लिए प्रयास जारी हैं। वर्ष के दौरान इस संबंध में कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं अर्थात् कंपनी ने लेखन और बोलचाल में सरल शब्दों का प्रयोग करते हुए दिनोंदिन आधिकारिक पत्राचार में हिंदी के प्रयोग में वृद्धि करने हेतु हिंदी कार्यशालाओं और हिंदी दिवस का आयोजन किया। कंपनी ने www.bbnl.nic.in पर अपनी वेबसाइट हिन्दी में भी आरंभ की है।

33. सतर्कता

सीवीओ की तैनाती के साथ कंपनी में सितम्बर, 2015 में सतर्कता इकाई की पहले ही स्थापना कर दी गई है। वर्ष 2016–17 के दौरान सीवीसी के निदेशानुसार रोकथाम रूपी सतर्कता सहित विभिन्न सतर्कता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया। 2.00 लाख रूपए और उससे अधिक के अनुमानित मूल्य की निविदाएं टीसीआईएल के ई–पोर्टल का प्रयोग करते हुए आमंत्रित की जा रही है। सभी सतर्कता संबंधी शिकायतों की जांच की गई और समय से इनका निपटान किया गया। सीवीसी के निदेशानुसार 31.10.2016 से 05.11.2016 तक बीबीएनएल में सफलतापर्वूक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2016 मनाया गया।

34. शेयरधारकों के लिए सूचना

कंपनी के वित्तीय विवरण और संबद्ध विस्तृत सूचना कंपनी के हितधारकों को उपलब्ध करवाई जाएगी। ऐसी कोई सूचना की मांग करने वाला कोई भी हितधारक किसी भी समय कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्य घंटों के दौरान इसका निरीक्षण कर सकता है।

35. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के पर्याप्त होने के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(थ) के साथ पठित कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(5)(viii) के अंतर्गत सूचना

कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली वित्तीय सूचना और नियमों और विनियमों का अनुपालन करने में संचालन सक्षमता, संसाधनों के संरक्षण, सटीकता और तीव्रता सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई है। आंतरिक नियंत्रण प्रणाली विनियमों और प्रक्रियाओं के साथ इसकी प्रणालियों और प्रक्रियाओं तथा अनुपालन सहित कंपनी के आंतरिक नियंत्रण की सक्षमता और प्रभाविता की समीक्षा करने के लिए एक आंतरिक लेखापरीक्षा प्रक्रिया द्वारा समर्थित होती है। आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट के प्रबंधन के साथ विचार–विमर्श किया जाता है और उनकी बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षी की जाती है जो कंपनी में आंतरिक नियंत्रण की सक्षमता और प्रभावशीलता की भी समीक्षा करती है।

36. निदेशकों द्वारा सांविधिक प्रकटनः

आपकी कंपनी का कोई भी निदेशक कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 के प्रावधानों के अनुसार अयोग्य नहीं है।

आपकी निदेशकों ने कंपनी अधिनियम, 2013 के विभिन्न प्रावधानों के तहत यथा अपेक्षित आवश्यक प्रकटन किया है।

37. कारपोरेट अभिशासन के संबंध में दिशा–निर्देशों के अनुपालन के आधार पर ग्रेडिंग

वर्ष 2015–16 और 2016–17 में डीपीई ने वर्ष 2015–16 तथा 2016–17 के लिए कारपोरेट अभिशासन के संबंध में दिशा–निर्देशों के अनुपालन के आधार पर सीपीएसई की ग्रेडिंग को अंतिम रूप दिया है, बीबीएनएल को ''उत्कृष्ट'' आंका गया है।

38. स्वच्छ भारत अभियान

राष्ट्रवार स्वच्छ भारत अभियान के भाग के रूप में आपकी कंपनी ने वर्ष भर विभिन्न अवसरों पर स्वच्छ भारत पखवाड़े का आयोजन किया। आपकी कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश भर में और उसके आस–पास कार्यालय परिसरों में आयोजित विभिन्न सफाई कार्यक्रमों में भाग लेते हुए भारत सरकार के इस अभियान में अत्यधिक उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया दर्शायी।

39. आभार

निदेशक बोर्ड भारत सरकार, विशेषकर संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (दूरसंचार विभाग), सार्वजनिक उद्यम विभाग, वित्त मंत्रालय, यूनीवर्सल सर्विस ऑब्लीगेशन फंड, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नेशनल इंफॉरमेटिक्स सेंटर, बीएसएनएल, पीजीसीआईएल, रेलटेल, सी–डॉट, टीसीआईएल और सभी अन्य भागीदारों तथा विभिन्न राज्य सरकारों से प्राप्त सहयोग का हृदय से आभारी है।

निदेशक बोर्ड सीएंडएजी तथा सांविधिक लेखापरीक्षकों सचिवीय लेखापरीक्षकों तथा बैंकों से प्राप्त मूल्यवान सहयोग का धन्यवाद सहित आभार व्यक्त करता है। निदेशक मंडल इस अवसर पर प्रत्येक कर्मचारी का मूल्यवान सहयोग परिश्रम तथा समर्पण के लिए धन्यवाद देता है। बोर्ड को विश्वास है कि कर्मचारियों के सतत् एवं समर्पित प्रयासों से आपकी कंपनी नई चुनौतियों का सामना तथा बेहतर प्रदर्शन कर पाएगी।

40. अनुशेषः निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न हैः

40.1 कंपनी की "वार्षिक रिटर्न का उद्धरण" **अनुबंध–क** के रूप में इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

40.2. "कॉरपोरेट अभिशासन संबंधी रिपोर्ट" **अनुबंध–ख** के रूप में इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

40.3 "प्रबंधन का विचार–विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट" **अनुबंध–ग** के रूप में इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

40.4 "निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधकों के लिए आचार संहिता" **अनुबंध–घ** के रूप में इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

40.5 "कंपनी के मुख्य कार्यकारी/मुख्य वित्तीय अधिकारी द्वारा वित्तीय विवरणों के संबंध में प्रमाण–पत्र/घोषणा" **अनुबंध–ङ** के रूप में इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

40.6 कंपनी की "सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट" **अनुबंध–च** के रूप में इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड
कृते तथा की ओर से निदेशक बोर्ड

संजय सिंह
अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक
डीआईएन–07484614

दिनांकः 20.12.2017
स्थानः नई दिल्ली

अनुबंध–क

फॉर्म संख्या एमजीटी–9

वार्षिक विवरणी का उद्धरण

वित्तीय वर्ष 31.03.2017 को समाप्त होने की स्थिति के अनुसार

[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92(3) तथा कंपनी (प्रबंधन तथा प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 12(1) के अनुसरण में]

I. पंजीकरण तथा अन्य विवरणः

i.	सीआईएन	यू64100डीएल2012जीओआई232070
ii.	पंजीकरण की तारीख	25 फरवरी, 2012
iii.	कंपनी का नाम	भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड
iv.	कंपनी की श्रेणी/उप–श्रेणी	श्रेणी – शेयर द्वारा कंपनी लिमिटेड उपश्रेणी – केंद्र सरकार की कंपनी
v.	पंजीकृत कार्यालय का पता और संपर्क विवरण	कमरा संख्या 306, तीसरा तल, सी–डॉट कैम्पस, मांडी गांव रोड, महरोली, नई दिल्ली–110030
vi.	क्या यह सूचीबद्ध कंपनी है हां/ना	नहीं
vii.	रजिस्ट्रार तथा हस्तांतरण एजेंट, यदि कोई हो, का नाम, पता और संपर्क विवरण	कार्वी कम्प्यूटरशेयर प्राईवेट लिमिटेड 305, नई दिल्ली हाउस, तीसरी मंजिल, 27, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली–110001

II. कंपनी की प्रमुख व्यापार गतिविधि

कंपनी के कुल टर्नओवर के 10 प्रतिशत अथवा अधिक की सभी व्यापार गतिविधियां निम्न होंगीः–

क्र. सं.	मुख्य उत्पादों/सेवाओं का नाम तथा विवरण	उत्पाद/सेवा का एनआईसी कोड	कंपनी के कुल टर्नओवर का %
1	राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (एनओएफएन) की स्थापना, प्रबंधन और ऑपरेशन का कार्य करना जिसकी ग्राम पंचायतों को मौजूदा तथा भविष्य के ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क का विस्तार करके सभी ग्राम पंचायतों को त्वरित गति ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने की भारत सरकार द्वारा परिकल्पना की गई है।	9984222	100%

III. धारित, सब्सिडरी तथा एसोसिएट कंपनियों के विवरण

क्र. सं.	कंपनी का नाम और पता	सीआईएन/जीएलएन	होल्डिंग/सब्सिडरी/एसोशिएट	धारित शेयरों का प्रतिशत	लागू खंड
1	.....	.....	..... शून्य	.....	.....

IV) शेयरहोल्डिंग पद्धति (कुल इक्विटी का इक्विटी शेयर पूंजी विवरण कुल प्रतिशत)

i) *श्रेणी–वार शेयरहोल्डिंग*

अंशधारकों की श्रेणी	वर्ष के आरंभ में शेयरों की संख्या				वर्ष के अंत में शेयरों की संख्या				वर्ष के दौरान : परिवर्तन प्रतिशत में
	डीमेट	फिजिकल	कुल	कुल शेयरों का %	डीमेट	फिजिकल	कुल	कुल शेयरों का %	
क. प्रोमोटर	-	-	-	-	-	-	-	-	-
(1) भारतीय	-	-	-	-	-	-	-	-	-
क) व्यक्ति / एचयूएफ									
ख) केंद्र सरकार	शून्य	6,00,00,000	6,00,00,000	99.999995		6,00,00,000	6,00,00,000	99.999995	शून्य
ग) राज्य सरकारें	-	-	-	-	-	-	-	-	-
घ) निकाय निगम	शून्य	03	03	0.000005		03	03	0.000005	शून्य
ड) बैंक / एफआई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
च) कोई अन्य	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उप–योग (क) (1)	शून्य	**6,00,00,003**	**6,00,00,003**	**100**		**6,00,00,003**	**6,00,00,003**	**100**	शून्य
2) विदेशी									
क) एनआरआई–व्यक्तिगत	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) अन्य व्यक्तिगत	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) निकाय निगम	-	-	-	-	-	-	-	-	-
घ) बैंक / एफआई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ङ) कोई अन्य	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उप–योग (क)(2)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
प्रोमोटोर के कुल शेयर (क)=(क) (1)+(क)(2)	शून्य	**6,00,00,003**	**6,00,00,003**	**100**		**6,00,00,003**	**6,00,00,003**	**100**	शून्य
ख) सार्वजनिक शेयर होल्डिंग	-	-	-	-	-	-	-	-	-
1) संस्थाएं	-	-	-	-	-	-	-	-	-
क) म्युचुअल फंड	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) बैंक / एफआई	-	-	-	-	-	-	-	-	-

अंशधारकों की श्रेणी	वर्ष के आरंभ में शेयरों की संख्या				वर्ष के अंत में शेयरों की संख्या				वर्ष के दौरान : परिवर्तन प्रतिशत में
	डीमेट	फिजिकल	कुल	कुल शेयरों का %	डीमेट	फिजिकल	कुल	कुल शेयरों का %	
ग) केंद्र सरकार	-	-	-	-	-	-	-	-	-
घ) राज्य सरकारें	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ङ) वैंचर कैपिटल फंड	-	-	-	-	-	-	-	-	-
च) बीमा कंपनियां	-	-	-	-	-	-	-	-	-
छ) एफआईआई	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ज) विदेशी उद्यम पूंजी निधि	-	-	-	-	-	-	-	-	-
झ) अन्य (उल्लेख करें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उपयोग (ख) (1)	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
2) संस्थाएं	-	-	-	-	-	-	-	-	-
क) निकाय निगम	-	-	-	-	-	-	-	-	-
i) भारतीय	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ii) विदेशी	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ख) व्यक्तिगत	-	-	-	-	-	-	-	-	-
i) लाख रुपए तक आंशिक शेयर पूंजी धारक व्यक्तिगत शेयर होल्डर	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ii)लाख रुपए से अधिक आंशिक शेयरपूंजी धारक व्यक्तिगत शेयरहोल्डर	-	-	-	-	-	-	-	-	-
ग) अन्य (उल्लेख करें)	-	-	-	-	-	-	-	-	-
उप–योग (ख) (1)	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
कुल सार्वजनिक शेयर (ख) = (ख) (1)+(ख)(2)	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**
सकल योग (क+ख+ग)	**शून्य**	**6,00,00,003**	**6,00,00,003**	**100**		**6,00,00,003**	**6,00,00,003**	**100**	**शून्य**

ii) *प्रोमोटरों की शेयरहोल्डिंग*

क्र. सं.	अंशधारकों के नाम	वर्ष के आरंभ में शेयर			वर्ष के अन्त में शेयर			वर्ष के दौरान धारित शेयर में प्रतिशत परिवर्तन
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	कुल शेयरों में वचनबद्ध शेयरों / भारग्रस्त शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	कुल शेयरों में वचनबद्ध शेयरों / भारग्रस्त शेयरों का प्रतिशत	
1	भारत के राष्ट्रपति के माध्यम से श्री अमित यादव, संयुक्त सचिव (प्रशासन), डीओटी	5,99,99,994	99.999985	शून्य	5,99,99,994	99.999985	शून्य	शून्य
2	श्री आर.एम. चतुर्वेदी, उप महानिदेशक (सीएस), डीओटी	1	0.0000016	शून्य	1	0.0000016	शून्य	शून्य
3	श्री अश्विन सालवान, डीडीजी (बीबी), यूएसओएफ, डीओटी	1	0.0000016	शून्य	1	0.0000016	शून्य	शून्य
4	श्री रूपेंद्र कुमार, निदेशक (यूएसओएफ), डीओटी	1	0.0000016	शून्य	1	0.0000016	शून्य	शून्य
5	श्री राजीव कुमार, डीडीजी (बीएंडपीएफ), डीओटी	1	0.0000016	शून्य	1	0.0000016	शून्य	शून्य
6	श्री आर.एम. अग्रवाल, डीडीजी (एसयू), डीओटी	1	0.0000016	शून्य	1	0.0000016	शून्य	शून्य
7	श्री पवन गुप्ता, निदेशक (पीएसयू–1), डीओटी	1	0.0000016	शून्य	1	0.0000016	शून्य	शून्य
8	मैसर्स भारत संचार निगम लिमिटेड	1	0.0000016	शून्य	1	0.0000016	शून्य	शून्य
9	मैसर्स पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	1	0.0000016	शून्य	1	0.0000016	शून्य	शून्य
10	मैसर्स रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड	1	0.0000016	शून्य	1	0.0000016	शून्य	शून्य
	कुल	**6,00,00,003**	**100**	**शून्य**	**6,00,00,003**	**100**	**शून्य**	**शून्य**

टिप्पणी: क्रम संख्या 1 से 7 शेयर दूरसंचार विभाग के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति की ओर से धारित है।

iii) *प्रमोटरों / शेयरहोल्डिंग में परिवर्तन (यदि कोई परिवर्तन नहीं है तो कृपया उल्लेख करें)*

क्र. सं.		वर्ष के आरंभ में शेयरहोल्डिंग		वर्ष के दौरान संचयी शेयरहोल्डिंग	
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत
1	वर्ष के आरंभ में	6,00,00,003	100%	6,00,00,003	100%
2	वर्ष के दौरान प्रमोटरों के शेयरों में तिथि वार वृद्धि / कमी, वृद्धि / कमी के कारण बताएं (उदाहरण आबंटन / हस्तांतरण / बोनस / स्वेट इक्विटी इत्यादि)	.....	....कोई परिवर्तन नहीं....	.....	.....
3	वर्ष के अंत में	6,00,00,003	100%	6,00,00,003	100%

(iv) शीर्ष 10 शेयरधारकों की शेयर पद्धति (निदेशकों, प्रोमोटरों और जीडीआर तथा एडीआर धारकों से इतर):

क्र. सं.	सर्वोच्च 10 शेयरधारकों में से प्रत्येक के लिए	वर्ष के आरंभ में शेयरहोल्डिंग		वर्ष के दौरान संचयी शेयरहोल्डिंग	
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत
1	वर्ष के आरंभ में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2	वर्ष के दौरान प्रमोटरों के शेयरों में तिथि वार वृद्धि/कमी, वृद्धि/कमी के कारण बताएं (उदाहरण आबंटन/हस्तांतरण/बोनस/स्वीट इक्विटी इत्यादि)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
3	वर्ष के अंत में (अथवा पृथक्कीकरण की तारीख पर, यदि वर्ष के दौरान पृथक हुए हों)	शून्य	शून्य	शून्य	श्ज़ॅन्य

V. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के शेयर

क्र. सं.	प्रत्येक निदेशक और केएमपी के लिए	वर्ष के आरंभ में शेयरहोल्डिंग		वर्ष के दौरान संचयी शेयरहोल्डिंग	
		शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कंपनी के कुल शेयरों का प्रतिशत
1	वर्ष के आरंभ में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2	वर्ष के दौरान प्रमोटरों के शेयरों में तिथि वार वृद्धि/कमी, वृद्धि/कमी के कारण बताएं (उदाहरण आबंटन/हस्तांतरण/बोनस/स्वीट इक्विटी इत्यादि)	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
3	वर्ष के अंत में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

VI. ऋण

भुगतान के बकाया ब्याज/अर्जित परंतु देय नहीं सहित कंपनी का ऋण

	जमा को छोड़कर आरक्षित ऋण	अनारक्षित ऋण	जमा	कुल ऋण
वित्तीय वर्ष के आरंभ में ऋण i) प्रधान राशि ii) ब्याज देय परंतु जिसका भुगतान नहीं किया गया iii) ब्याज अर्जित परंतु देय नहीं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल (i+ii+iii)	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**
वित्तीय वर्ष के दौरान ऋण में परिवर्तन – जमा – कमी	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
निवल परिवर्तन	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
वित्तीय वर्ष के अन्त में ऋण i) प्रधान राशि ii) ब्याज देय परंतु जिसका भुगतान नहीं किया गया iii) ब्याज अर्जित परंतु देय नहीं	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल (i+ii+iii)	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**

VII. निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

क. प्रबंध निदेशक, पूर्णकालीन निदेशकों और/अथवा प्रबंधक का पारिश्रमिकः

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	एमडी/डब्ल्यूटीडी/प्रबंधक का नाम				कुल राशि
		श्री संजय सिंह, सीएमडी	श्री बी.के. मित्तल, निदेशक (प्र.)	श्रीमती अरूणधती पांडा, निदेशक (वित्त)	श्री मनोज आनन्द, निदेशक (वित्त)	
1.	सकल वेतन (क) आयकर, 1961 की धारा 17(1) में निहित प्रावधानों के अनुसार वेतन	शून्य	शून्य	15,59,257	15,50,072	31,09,329
	(ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अंतर्गत पूर्व अपेक्षित का मूल्य	शून्य	शून्य	4,56,936	4,67,627	9,24,563
	(ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अंतर्गत वेतन के लिए लाभ	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
2.	स्टॉक विक्लप	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
3.	स्वेट इक्विटी	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
4.	कमीशन					
	– लाभ के प्रतिशत के रूप में	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	– अन्य, उल्लेख करें	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
5.	अन्य, कृपया उल्लेख करें					
कुल (क)		शून्य	शून्य	20,16,193	20,17,699	40,33,892
अधिनियम के अनुसार सीमा		सरकारी कंपनी के लिए लागू नहीं				

ख. निदेशकों का पारिश्रमिकः

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	निदेशकों का नाम				कुल राशि
		.....	.....	.....	.....	
1	स्वतंत्र निदेशक • बोर्ड समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए फीस • कमीशन • अन्य, कृपया उल्लेख करें	नहीं वर्ष के दौरान बीबीएनएल के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था	नहीं वर्ष के दौरान बीबीएनएल के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था	नहीं वर्ष के दौरान बीबीएनएल के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था	नहीं वर्ष के दौरान बीबीएनएल के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था	नहीं
कुल (1)		**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**
2	अन्य गैर–कार्यकारी निदेशक • बोर्ड समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए फीस • कमीशन • अन्य, कृपया उल्लेख करें	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल (2)		**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**
कुल (ख)=(1+2)		**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**
कुल प्रबंधकीय पारिश्रमिक		**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**	**शून्य**
अधिनियम के अनुसार समग्र सीमा		**लागू नहीं**	**लागू नहीं**	**लागू नहीं**	**लागू नहीं**	**लागू नहीं**

ग. एमडी/प्रबंधक/डब्ल्यूटीडी से इतर प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिकः

क्र. सं.	पारिश्रमिक का विवरण	प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक			
		सीईओ	श्री ए.सी. उपाध्याय, कंपनी सचिव एवं प्रमुख विधि	सीएफओ के रूप में श्री मनोज आनन्द, निदेशक (वित्त) को पदनामित किया गया है	कुल
1.	सकल वेतन (क) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(1) में निहित प्रावधानों के अनुसार वेतन (ख) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के अंतर्गत पूर्व अपेक्षित का मूल्य (ग) आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(3) के अंतर्गत वेतन के लिए लाभ	शून्य	17,02,414 3,07,018 -	15,50,072 4,67,627 -	32,52,486 7,74,645 -
2.	स्टॉक विकल्प	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
3.	स्वेट इक्विटी	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
4.	कमीशन –लाभ के प्रतिशत के रूप में – अन्य, उल्लेख करें	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
5.	अन्य, कृपया उल्लेख करें	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कुल			**20,09,432**	**20,17,699**	**40,27,131**

VIII. दंड/सजा/अपराध कम्पाउंडिंग

श्रेणी	कंपनी अधिनियम की धारा	संक्षिप्त विवरण	लगाए गए दंड/सजा/कंपाउंडिंग फीस का विवरण	प्राधिकरण/आरडी/एनसीएलएटी/न्यायालय,	की गई अपील, यदि कोई हो (विवरण प्रदान करें)
क. कंपनी					
दंड	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
सजा	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कंपाउंडिंग	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ख. निदेशक					
दंड	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
सजा	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कंपाउंडिंग	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
ग. अन्य अधिकारी					
दंड	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
सजा	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
कंपाउंडिंग	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

अनुबंध–ख

कॉरपोरेट अभिशासन के संबंध में कंपनी की रिपोर्ट

1. कॉरपोरेट गवर्नेंस के दिशा–निर्देशों के संबंध में कंपनी के दर्शन पर एक संक्षिप्त विवरण

कंपनी के लक्ष्य/दृष्टिकोण में भागीदारों के मूल्य में वृद्धि करना शामिल है। कारपोरेट अभिशासन में मूल्यों के प्रति ठोस वचनबद्धता और शेयरधारकों के मूल्यों को अधिकतम बनाने के लिए सतत आधार पर व्यापार के संचालन की मजबूत बचनबद्धता के साथ कंपनी के प्रशासन का अभिशासन करने वाले नियमों, विनियमों और नीतियों के नैतिक ढांचे पर जोर दिया गया है। इसका उद्देश्य शेयरधारकों, निवेशकों, उपभोक्ताओं, वेंडरों, विनियामकों और बड़े स्तर पर समुदाय तथा सरकार को शामिल करते हुए प्रत्येक भागीदारी के हित की सुरक्षा करना है। भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय, डीपीई द्वारा 14 मई, 2010 के पत्र सं. 18 (8)/2005–जीएम द्वारा दिशा–निर्देश जारी करते हुए केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए कॉरपोरेट अभिशासन संबंधी दिशा–निर्देश जारी किए हैं जो सभी सीपीएसई के लिए आवश्यक अनुपालन का अध्यादेश देते हैं। कंपनी का दृढ़ विश्वास है कि केवल कॉरपोरेट अभिशासन अपने सभी हितधारकों के लिए सतत आधार पर मूल्य सृजित करेगा। कॉरपोरेट अभिशासन मुख्यतः पारदर्शिता, वास्तविक तथ्यों का पूर्ण प्रकटन, बोर्ड की स्वतंत्रता और सभी भागीदारों के लिए निष्पक्षता पर ध्यान केंद्रित करता है।

समय–समय पर सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी कॉरपोरेट अभिशासन के दिशा–निर्देशों के अनुपालन के कदम उठाए जा रहे हैं।

2. निदेशक बोर्डः बोर्ड की संरचना

बीबीएनएल के पीएसयू होने के नाते, निदेशकों की नियुक्ति/नामांकन संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है। 31 मार्च 2017 तक बीबीएनएल के बोर्ड में पांच सदस्य हैं, जिनमें से तीन कार्यरत निदेशक (अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक सहित) हैं, दो भारत सरकार के नीमिती हैं। इस समय कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं हैं। कंपनी ने कारपोरेट गवर्नेंस के अनुपालन के लिए स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति हेतु प्रशासनिक मंत्रालय/सार्वजनिक उद्यम विभाग से संपर्क किया है।

2.1 आयोजित बोर्ड बैठकों की संख्या, तिथि जब आयोजित की गईः

बोर्ड के सदस्यों की बोर्ड बैठक में उपस्थिति तथा अन्य विवरण कॉरपोरेट अभिशासन रिपोर्ट में दिया गया है। वर्ष के दौरान, कंपनी निदेशक मंडल की बारह (12) बैठकें आयोजित की गई हैः

53वीं बोर्ड बैठक 12.04.2016	54वीं बोर्ड बैठक 30.05.2016	55वीं बोर्ड बैठक 09.06.2016	56वीं बोर्ड बैठक 28.06.2016
57वीं बोर्ड बैठक 08.07.2016	58वीं बोर्ड बैठक 21.07.2016	59वीं बोर्ड बैठक 28.07.2016	60वीं बोर्ड बैठक 05.08.2016
61वीं बोर्ड बैठक 23.08.2016	62वीं बोर्ड बैठक 05.10.2016	63वीं बोर्ड बैठक 15.11.2016	64वीं बोर्ड बैठक 28.01.2017

2.2 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार बोर्ड की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति और अन्य निदेशकों एवं समिति सदस्यता, अध्यक्षता की संख्या निम्नानुसार हैः

निदेशक का नाम	श्रेणी	2016–17 के दौरान बोर्ड की बैठक में उपस्थिति	पिछली वार्षिक आम बैठक में उपस्थिति	निदेशक की अन्य कंपनियों में संख्या	समितियों की संख्या (बीबीएनएल) सहित)	
					सदस्य	अध्यक्ष
श्री संजय सिंह	अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक	12	हां	_	_	1
श्री शशि रंजन कुमार	सरकारी नामिती निदेशक	11	हां	1	_	2
श्री आई.एस. शास्त्री@	सरकारी नामिती निदेशक	11	हां	_	2	1
श्री महमूद अहमद@@	सरकारी नामिती निदेशक	1	लागू नहीं	_	2	1
श्रीमती अरूणधती पांडा@@@	निदेशक (वित्त)	6	लागू नहीं	_	1	_
श्री बी.के. मित्तल	निदेशक (प्रचालन) एवं (योजना)	12	हां	–	2	–
श्री मनोज आनंद	निदेशक (वित्त)	5	हां	–	1	–

@आईएस शास्त्री ने 16.12.2016 को सरकारी नामिती निदेशक के पद से त्यागपत्र दे दिया।

@@दूरसंचार विभाग के आदेश के अनुसरण में श्री महमूद अहमद को 16.12.2016 से सरकारी नामिति निदेशक का कार्यभार सौंपा गया।

@@@श्रीमती अरूणधती पांडा का बीबीएनएल में आरंभिक/अंतरिम निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यकाल 25.07.2016 को समाप्त हो गया, इसलिए उन्होंने दिनांक 25.07.2016 (अपराह्न) से कंपनी के निदेशक (वित्त) के प्रभार से त्याग–पत्र दे दिया।

टिप्पणी:

1. बोर्ड का कोई भी निदेशक 10 (दस) समितियों से अधिक का सदस्य नहीं है अथवा सभी कंपनियों में पांच (5) से अधिक समितियों का अध्यक्ष नहीं है जिनमें वह निदेशक है। सभी निदेशकों ने अन्य कंपनियों में धारित निदेशक/समिति के पदों के संबंध में अपेक्षित प्रकटन किया है। निदेशकों का संक्षिप्त वृत्त–चित्र इस रिपोर्ट की क्रम सं. 2.4 में दिया गया है।
2. सभी बैठकों में अपेक्षित कोरम उपस्थित था।
3. बोर्ड की दो बैठकों के बीच अधिकतम समय अंतराल 3 माह से अधिक नहीं था।

2.3 निदेशकों की आयु–सीमा और कार्यकाल

अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक और अन्य पूर्णकालीन संचालन निदेशकों की आयु सीमा 60 (साठ) वर्ष है। सामान्यतः अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक और अन्य पूर्णकालीन संचालन निदेशकों की नियुक्ति कार्य ग्रहण करने की तारीख से 5 (पांच) वर्षों के लिए अथवा पदधारी की सेवानिवृत्ति की तारीख तक अथवा भारत सरकार से आगे अनुदेशों तक, जो भी पहले हो, की जाती है। अंशकालीन अधिकारिक निदेशक (सरकारी नामिती) बोर्ड से मंत्रालय के अधिकारी का पद छोड़ने पर सेवानिवृत्त हो जाते हैं। भारत सरकार द्वारा स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की जाती है।

2.4 मौजूदा निदेशकों और वर्ष के दौरान नियुक्त किए गए नए निदेशकों का संक्षिप्त वृत चित्र

क्र. सं.	निदेशक का नाम	पदनाम	नियुक्ति की तारीख	विशिष्ट संचालन क्षेत्रों में विशेषज्ञता की प्रकृति	उन कंपनियों के नाम जिनमें व्यक्ति ने निदेशक और बोर्ड की समितियों के सदस्य के पद धारित किए हों
1.	श्री संजय सिंह	अध्यक्ष–सह–प्रबंध	18.03.2016	नीचे दिया गया है	शून्य
2.	श्री शशि रंजन कुमार	सरकारी नामिती निदेशक	06.11.2015	नीचे दिया गया है	टेलीकम्यूनिकेशन कंसलटेंट इंडिया लि.
3.	श्री महमूद अहमद	सरकारी नामिती निदेशक	16.12.2016	नीचे दिया गया है	शून्य
4.	श्री बी. के. मित्तल	निदेशक (प्रचालन) एवं (योजना)	29.07.2015 01.01.2016	नीचे दिया गया है	शून्य
5.	श्री मनोज आनंद	निदेशक (वित्त)	29.07.2016	नीचे दिया गया है	शून्य

संक्षिप्त प्रोफाइल:–

1. श्री संजय सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1987 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के अधिकारी हैं। वे प्रधान सचिव, विधि एवं विधायी कार्य विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग, भोपाल, मध्य प्रदेश सरकार के पद पर आसीन थे। वर्तमान में, श्री सिंह, प्रशासक (यूएसओएफ) दूरसंचार विभाग, भारत सरकार ने दिनांक 18.03.2016 को अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बीबीएनएल का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया है।
2. श्री शशि रंजन कुमार वर्ष 1989 में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में आईआईटी दिल्ली से स्नातक हुए। संक्षिप्त कार्यकाल के दौरान इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में भारतीय रेलवे में काम करने के पश्चात् उन्होंने वर्ष 1992 में भारतीय प्रशासनिक सेवा ज्वाइन की। उन्होंने उप–प्रभागीय अधिकारी, जिलाधीश एवं कलेक्टर इत्यादि जैसे विभिन्न प्रशासनिक पदों पर त्रिपुरा राज्य में कार्य किया। उन्होंने झारखंड राज्य में भी कार्य किया जहां वे गुमला जिले के उपायुक्त और निगम आयुक्त, रांची नगर निगम थे। उन्होंने औद्योगिक नीति एवं संवर्धन, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार में 2006–2011 की अवधि के दौरान

निदेशक पद पर कार्य किया। वे त्रिपुरा सरकार में सचिव, ऊर्जा विभाग, योजना विभाग इत्यादि भी थे। वर्तमान में वे दूसंचार विभाग, संचार मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

3. श्री महमूद अहमद आईपी एंड टीएएफएस के 1993 बैच से संबद्ध हैं। हिन्दू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर पूर्ण करने के पश्चात 1992 की सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से उनका चयन हुआ था। उन्होंने अप्रैल, 2015 से संयुक्त प्रशासक (वित्त), यूएसओएफ का कार्यभार ग्रहण किया। इससे पहले उन्होंने 2010 से 2015 तक शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार में निदेशक के रूप में कार्य किया। उन्होंने 2005 से 2010 तक इस्पात एवं खनन विभाग, उड़ीसा सरकार में भी कार्य किया। दो दशकों से अधिक के कैरियर में उनका दूरसंचार विभाग तथा अन्यत्र विभिन्न क्षमताओं में गहन और विविध क्षेत्रों का अनुभव है।

4. श्री बी.के. मित्तल ने 29 जुलाई, 2015 को भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड के निदेशक (प्रचालन) का कार्यभार ग्रहण किया। वे दूरसंचार के क्षेत्र में 34 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ दूरसंचार उद्योग अग्रणी व्यक्ति है। श्री मित्तल 1979 बैच के एक भारतीय दूरसंचार सेवा अधिकारी है। वे आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग स्नातक है। श्री मित्तल निदेशक (योजना) का अतिरिक्त प्रभार भी धारण कर रहे हैं।

5. श्री मनोज आनंद ने दिनांक 29 जुलाई, 2016 को निदेशक (वित्त), भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल) के रूप में कार्य ग्रहण किया। श्री आनंद आईसीएआई एवं आईसीएसआई के सदस्य है। बीबीएनएल में उनके कार्य ग्रहण करने से पहले उन्होंने विभिन्न क्षमताओं में एमटीएनएल, बीएसएनएल और डीओटी में कार्य किया है। वे भारतीय पीएंडटी लेखा एवं वित्तीय सेवा के वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड के अधिकारी हैं। उनके पास विशेषकर बजटिंग, कॉस्टिंग, टैरिफ, प्रोजेक्ट्स इत्यादि जैसे क्षेत्रों में सरकारी वित्तीय प्रबंधन प्रणाली में लगभग 27 से अधिक वर्षों का गहन एवं विविध क्षेत्रों का अनुभव है।

2.5 निदेशक बोर्ड के समक्ष रखी गई सूचना

निदेशक बोर्ड को कंपनी के भीतर सूचना तक संपूर्ण पहुंच प्राप्त है जिसमें वार्षिक राजस्व और पूंजीगत बजट, कंपनी के वित्तीय परिणाम दर्शाने वाले आवधिक लेखा विवरण, कंपनी की वित्तीय योजनाएं, लेखापरीक्षा समितियों सहित विभिन्न समितियों की बैठकों के कार्यवृत, वार्षिक रिपोर्ट, निदेशक की रिपोर्ट इत्यादि, लागू कानूनों के अनुपालन संबंधी आवधिक रिपोर्ट तथा अन्य कंपनियों में उनके द्वारा धारित पदों के संबंध में निदेशकों द्वारा हित संबंधी प्रकटन और अन्य वास्तविक महत्वपूर्ण सूचना तक पहुंच प्राप्त है।

2.6 बोर्ड की बैठक आयोजित करने के पश्चात् प्रक्रिया

कंपनी का सचिव शासन प्रक्रिया के भाग के रूप में आवश्यक अनुमोदनों और प्रभागों और क्षेत्रों के प्रमुखों को प्रदत्त अनुमोदन/प्राधिकरण के साथ बोर्ड के परिणाम का प्रसार करता है और ऐसा बैठक–पश्चात् अनुपालन तंत्र मौजूद है जिसके द्वारा बोर्ड/समितियों द्वारा इस प्रकार प्रदत्त अनुमोदन के संबंध में कृत कार्रवाई/लंबित कार्रवाई के लिए आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई, समीक्षा और रिपोर्टिंग की जाती है।

2.7 निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों का पारिश्रमिक

एक सरकरी कंपनी होने के नाते निम्नलिखित पूर्णकालीन संचालनरत निदेशकों और प्रमुख अन्य प्रबंधकीय कार्मिकों का दिनांक 31.03.2017 के अनुसार पारिश्रमिक का निर्णय लागू अनुसार भारत सरकार/बोर्ड द्वारा लिया जाता है। भारत सरकार द्वारा स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति की जानी अभी बाकी है।

राशि रुपए में

क्र. सं.	नाम	पदनाम	आयकर, 1961 की धारा 17(1) में निहित प्रावधानों के अनुसार वेतन	आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 17(2) के तहत परक्यूसिट का मूल्य	कुल
1.	श्री संजय सिंह	अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक	शून्य	शून्य	शून्य
2.	श्री शशि रंजन कुमार	सरकारी नामिती निदेशक	शून्य	शून्य	शून्य
3.	श्री आई.एस. शास्त्री	सरकारी नामिती निदेशक	शून्य	शून्य	शून्य
4.	श्रीमती अरूणधती पांडा*	निदेशक (वित्त)	15,59,257	4,56,936	20,16,193
5.	श्री बी.के. मित्तल	निदेशक (प्रचालन) और निदेशक (योजना)	शून्य	शून्य	शून्य
6.	श्री मनोज आनन्द**	निदेशक (वित्त)	15,50,072	4,67,627	20,17,699
7.	श्री ए.सी. उपाध्याय	सी. एस. एवं विधि प्रमुख	17,02,414	3,07,018	20,09,432

*श्रीमती अरूणधती पांडा का बीबीएनएल में आरंभिक/अंतरिम निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यकाल 25.07.2016 को समाप्त हो गया, इसलिए उन्होंने दिनांक 25.07.2016 (अपराह्न) से कंपनी के निदेशक (वित्त) के प्रभार से त्याग–पत्र दे दिया।

** दूरसंचार विभाग के आदेश के अनुसार श्री मनोज आनन्द, सीजीएम (कराधान), बीबीएनएल को निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। श्री मनोज आनन्द ने 29.07.2016 को कार्यभार ग्रहण किया।

2.8 वर्ष 2016–17 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों को सिटिंग फीस का भुगतान

वर्ष 2016–17 के दौरान बीबीएनएल के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं था। स्वतंत्र निदेशक का पद रिक्त है। कंपनी ने दूरसंचार विभाग को कंपनी में स्वतंत्र निदेशकों की आवश्यकता के बारे में सूचित किया है।

2.9 अंशकालीन अधिकारिक निदेशकों/सरकारी नामिती निदेशकों को सिटिंग फीस का भुगतानः

अंशकालीन अधिकारिक निदेशकों/सरकारी नामिती निदेशकों को कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाता है।

3. बोर्ड की समितियां

कंपनी में निम्नलिखित चार (4) बोर्ड स्तरीय समितियां हैं:

1. लेखापरीक्षा समिति
2. नामांकन और पारिश्रमिक समिति
3. जोखिम प्रबंधन समिति
4. कार्यकारी समिति

4. लेखापरीक्षा समिति

4.1 शर्तों का संक्षिप्त विवरण

लेखापरीक्षा समिति की शर्तें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा जारी सीपीएसई के कॉर्पोरेट अभिशासन के संबंध में 14 मई, 2010 के दिशा–निर्देशों के अनुरूप है।

4.2 लेखापरीक्षा समिति का कार्य क्षेत्र

लेखापरीक्षा समिति प्रबंधन, सांविधिक तथा आंतरिक लेखापरीक्षकों और निदेशक बोर्ड के बीच सेतु का कार्य करती है। इसके कार्यों की सूची में अन्य बातों के साथ–साथ निम्न शामिल है:

- **लेखापरीक्षकों के साथ आवधिक रूप से निम्न के बारे में विचार–विमर्श करनाः**
  - आंतरिक नियंत्रण प्रणाली अनुपालन और उसकी सक्षमता
  - लेखापरीक्षकों की टिप्पणियों सहिति लेखापरीक्षा का कार्य क्षेत्र
  - बोर्ड को प्रस्तुत किए जाने से पहले त्रैमासिक, छमाही और वार्षिक वित्तीय विवरणों की समीक्षा
- **निम्नलिखित कार्य करनाः**
  - कंपनी की वित्तीय सूचना के प्रकटन के लिए प्रणाली और वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वित्तीय विवरण सही, पर्याप्त और विश्वसनीय है।
  - प्रबंधन के साथ वार्षिक वित्तीय विवरणों को बोर्ड को प्रस्तुत किए जाने से पहले विशेषकर निदेशक की जिम्मेदारी विवरण में शामिल किए जाने के लिए अपेक्षित मामलों के संदर्भ में, परिवर्तन, यदि कोई हो, लेखा नीतियों, प्रमुख लेखन प्रविष्टियों, महत्वपूर्ण समायोजनों और मसौदा लेखापरीक्षा रिपोर्ट में योग्य मतों के संदर्भ में समीक्षा करना।
  - लेखापरीक्षकों की नियुक्ति और उन्हें हटाने की सिफारिश करना, लेखापरीक्षा फीस का निर्धारण करना और किसी अन्य सेवा के लिए भुगतान के अनुमोदन प्रदान करना।
  - लेखापरीक्षा समिति की सेवा शर्तों में उल्लिखित कोई अन्य कार्य करना।
  - सीईओ/सीएफओ विवरण तथा प्रबंधन विचार–विमर्श तथा विश्लेषण रिपोर्ट की समीक्षा करना।

4.3 सदस्यों और अध्यक्ष की संरचना, संघटन

लेखापरीक्षा समिति जिसका बोर्ड द्वारा 22.04.2013 को गठन किया गया है जिसमें दो सरकारी नामिति निदेशक और एक कार्यशील निदेशक हैं। कंपनी सचिव लेखापरीक्षा समिति का सचिव होता है। वर्ष के दौरान लेखापरीक्षा समिति की 6 (छः) बैठकें आयोजित की गई थीं।

16वीं लेखा परीक्षा समिति 12.04.2016	17वीं लेखा परीक्षा समिति 21.07.2016	18वीं लेखा परीक्षा समिति 23.08.2016
19वीं लेखा परीक्षा समिति 05.10.2016	20वीं लेखा परीक्षा समिति 15.11.2016	21वीं लेखा परीक्षा समिति 09.03.2017

इसके अतिरिक्त, कंपनी ने स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए दूरसंचार विभाग/सार्वजनिक उद्यम विभाग से संपर्क किया है जो लंबित है। जैसे ही मंत्रालय/सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा बीबीएनएल के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति कर दी जाती है तो तत्काल लेखापरीक्षा समिति का पुर्नगठन कर दिया जाएगा। निदेशक मंडल की लेखापरीक्षा समिति के सदस्यों की संरचना और श्रेणी तथा बैठक में उपस्थिति 31.03.2017 की स्थिति के अनुसार नीचे दी गई है:–

क्र.सं.	निदेशकों का नाम	पदनाम	श्रेणी	बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे
1.	श्री शशि रंजन कुमार	अध्यक्ष	सरकारी नामिती निदेशक	6
2.	श्री आई.एस. शास्त्री*	सदस्य	सरकारी नामिती निदेशक	5
3.	श्री बी.के. मित्तल**	सदस्य	निदेशक (प्रचालन)	6
4.	श्री महमूद अहमद***	सदस्य	सरकारी नामिती निदेशक	1

* आईएस शास्त्री ने 16.12.2016 को सरकारी नामिती निदेशक के पद से त्यागपत्र दे दिया।

**डीओटी के आदेश के अनुसरण में श्री बी.के. मित्तल, सलाहकार, डीओटी को निदेशक (प्रचालन) का अतिरिक्त भार सौंपा गया था। इसके अतिरिक्त श्री बी.के. मित्तल को 01.01.2016 से निदेशक (योजना) का अतिरिक्त भार सौंपा गया था!

***दूरसंचार विभाग के आदेश के अनुसरण में श्री महमूद अहमद को 16.12.2016 से सरकारी नामिति निदेशक का कार्यभार सौंपा गया।

5. नामांकन और पारिश्रमिक समिति

आरंभ में बोर्ड में वर्ष 2013 को पारिश्रमिक समिति का गठन किया था। डीपीई दिशा–निर्देशों के अनुसार अध्यक्ष को एक स्वतंत्र निदेशक होना चाहिए। तथापि, स्वतंत्र निदेशक की तैनाती अभी तक नहीं की गई है। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 के साथ पठित कंपनी (बोर्ड की बैठक और इसके अधिकार) नियम, 2014 के नियम 6 के तहत यथा अपेक्षित नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति का समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों के अभाव में पुनर्गठन नहीं किया जा सका। समिति का दूरसंचार विभाग द्वारा स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति किए जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार गठन किया जाएगा। एक सीपीएसयू होने के नाते निदेशकों, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों और अन्य कर्मचारियों की योग्यताएं और पारिश्रमिक के मापदंड भारत सरकार द्वारा निर्धारित किए जाते है और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने 05.06.2015 की अधिसूचना द्वारा छूट प्रदान की है। समिति का कार्यक्षेत्र डीपीई द्वारा जारी कॉरपोरेट अभिशासन दिशा–निर्देशों में दी गई परिभाषा के अनुसार सीमित है।

वर्ष के दौरान 01 (एक) बैठक (पांचवीं) दिनांक 27.06.2016 को आयोजित की गई थी। निदेशक बोर्ड की पारिश्रमिक समिति के सदस्यों की वर्तमान संरचना और श्रेणी तथा बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार है:–

क्र.सं.	निदेशकों का नाम	पदनाम	श्रेणी	बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे
1.	*	स्वतंत्र निदेशक	गैर–अधिकारिक/अधिकारिक अंशकालीन निदेशक	–
2.	*	स्वतंत्र निदेशक	गैर–अधिकारिक/अधिकारिक अंशकालीन निदेशक	–
3.	श्री शशि रंजन कुमार	सदस्य	सरकारी नामिती निदेशक	1
4.	श्री आई.एस. शास्त्री**	सदस्य	सरकारी नामिती निदेशक	1
5.	श्री महमूद अहमद***	सदस्य	सरकारी नामिती निदेशक	लागू नहीं

*स्वतंत्र निदेशक का पद रिक्त है।

*श्री आईएस शास्त्री ने दिनांक 16.12.2016 को सरकारी नामिती निदेशक के पद से त्याग–पत्र दे दिया।

**डीओटी के आदेश के अनुसरण में श्री महमूद अहमद को दिनांक 16.12.2016 से कंपनी के सरकारी नामिती निदेशक का कार्यभार सौंपा गया।

6. जोखिम प्रबंधन समिति

आपकी कंपनी ने स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के लिए दूरसंचार विभाग/सार्वजनिक उद्यम विभाग से संपर्क किया है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान दिनांक 15.11.2016 को एक बैठक (चौथी) का आयोजन किया गया था। निदेशक बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति के सदस्यों की संरचना और श्रेणी तथा 31.03.2017 तक बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार है:

क्र.सं.	निदेशकों का नाम	पदनाम	श्रेणी	बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे
1.	श्री महमूद अहमद*	अध्यक्ष	सरकारी नामिती निदेशक	लागू नहीं
2.	श्री आई.एस. शास्त्री**	अध्यक्ष	सरकारी नामिती निदेशक	1
3.	श्री बी.के. मित्तल ***	सदस्य	निदेशक (प्रचालन)	1
4.	श्री बी.के. मित्तल ***	सदस्य	निदेशक (योजना)	1

*डीओटी के आदेश के अनुसरण में श्री महमूद अहमद को दिनांक 16.12.2016 से कंपनी के सरकारी नामिती निदेशक का कार्यभार सौंपा गया।

**श्री आईएस शास्त्री ने दिनांक 16.12.2016 को सरकारी नामिती निदेशक के पद से त्याग–पत्र दे दिया।

***डीओटी के आदेश के अनुसरण में श्री बी.के. मित्तल को निदेशक (प्रचालन) और निदेशक (योजना) का पद भार सौंपा गया था।

7. कार्यकारी समिति

वर्ष के दौरान, कार्यकारी समिति की 13 (तेरह) बैठकें आयोजित की गई।

26वीं कार्यकारी समिति 02.05.2016	27वीं कार्यकारी समिति 09.07.2016	28वीं कार्यकारी समिति 03.08.2016	29वीं कार्यकारी समिति 27.08.2016
30वीं कार्यकारी समिति 06.09.2016	31वीं कार्यकारी समिति 28.09.2016	32वीं कार्यकारी समिति 20.10.2016	33वीं कार्यकारी समिति 30.11.2016
34वीं कार्यकारी समिति 10.12.2016	35वीं कार्यकारी समिति 16.12.2016	36वीं कार्यकारी समिति 06.02.2017	37वीं कार्यकारी समिति 15.02.2017
38वीं कार्यकारी समिति 15.03.2017			

निदेशक मंडल की कार्यकारी समिति के सदस्यों की संरचना और श्रेणी तथा बैठकों में उपस्थिति निम्नानुसार हैं:–

क्र.सं.	निदेशकों का नाम	पदनाम	श्रेणी	बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित थे
1.	श्री संजय सिंह	अध्यक्ष	अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक	13
2.	श्री बी.के. मित्तल@	सदस्य	निदेशक (योजना एवं प्रचालन)	13
3.	श्रीमती अरूणधती पांडा@@	सदस्य	निदेशक (वित्त)	2
4.	श्री मनोज आनन्द@@@	सदस्य	निदेशक (वित्त)	11

@डीओटी के आदेश के अनुसरण में श्री बी.के. मित्तल को निदेशक (प्रचालन) और निदेशक (योजना) का पद भार सौंपा गया था।

@@ श्रीमती अरूणधती पांडा का बीबीएनएल में आरंभिक/अंतरिम निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यकाल 25.07.2016 को समाप्त हो गया, इसलिए उन्होंने 25.07.2016 (अपराह्न) से कंपनी के निदेशक (वित्त) के कार्यभार से त्यागपत्र दे दिया।

@@@डीओटी के आदेश के अनुसरण में श्री मनोज आनन्द, सीजीएम (कराधान), बीबीएनएल को निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया। श्री मनोज आनन्द ने 29.07.2016 को कार्यभार ग्रहण किया।

8. सांविधिक लेखापरीक्षक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) ने वर्ष 2016–17 के लिए कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में निम्नलिखित सनदी लेखाकार फर्मों की नियुक्ति की है:

रावला एंड कंपनी
फर्म पंजीकरण संख्या 001661एन
सनदी लेखाकार
नई दिल्ली

वर्ष 2016–17 के लिए सांविधिक लेखापरीक्षक को 4,62,500/– रुपए (चार लाख बासठ हजार पांच सौ) का भुगतान किया गया था।

9. वार्षिक आम बैठक (एजीएम):

कंपनी की पिछली 3 वार्षिक आम बैठकों का विवरण निम्नानुसार है:–

एजीएम की संख्या	वित्तीय वर्ष	दिनांक	समय	स्थान	पारित विशेष संकल्प
चौथी वार्षिक आम बैठक	01.04.2015 से 31.03.2016	29.11.2016	16:00 बजे	कॉन्फ्रेंस हाल, 13वां तल, संचार भवन, नई दिल्ली–110001	शून्य
तीसरी वार्षिक आम बैठक	01.04.2014 से 31.03.2015	28.09.2015	16:00 बजे	कॉन्फ्रेंस हाल, 13वां तल, संचार भवन, नई दिल्ली–110001	शून्य
दूसरी वार्षिक आम बैठक	01.04.2013 से 31.03.2014	30.09.2014	11:30 बजे	कॉन्फ्रेंस हाल, 13वां तल, संचार भवन, नई दिल्ली–110001	हां (एमओए तथा एओए में संशोधन हेतु दो विशेष संकल्प पारित किए गए)

10. प्रकटन

(i) वास्तविक रूप से सम्बन्धित पार्टी संबंधित लेन–देन का प्रकटन:

कंपनी ने निदेशकों अथवा वरिष्ठ प्रबंधन अथवा उनके संबंधियों के साथ 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए ऐसा कोई वास्तविक वित्तीय अथवा वाणिज्यिक लेनदेन नहीं किया है। कम्पनी के हित के विरुद्ध हो।

वर्ष 2016–17 के लिए लेखों का भाग बनने वाले पार्टी लेनदेन से संबंधित लेखन मानक 18 के अंतर्गत आवश्यक प्रकटन किए गए हैं।

(ii) यह पुनः पुष्टि की जाती है कि किसी भी सांविधिक निकाय द्वारा कोई दंड, आदेश नहीं लगाया गया है।

(iii) अन्य बातों के साथ–साथ एक विसल ब्लोअर तंत्र की एक उत्साही मापदंड के रूप में स्थापना करते हुए सीजी मानदंडों के अनुपालन के समावेशन के लिए डीपीई के समझौता ज्ञापन कार्यबल के अधिदेश के परिणामस्वरूप कंपनी ने विसल ब्लोअर नीति/सतर्कता तंत्र स्थापित किया है जिसका बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया था।

(iv) कंपनी दूरसंचार विभाग तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग द्व ारा समय–समय पर जारी राष्ट्रपतिय निर्देशों और अन्य दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करती रही है।

(v) वर्ष के दौरान, पुस्तकों तथा लेखों में ऐसे किसी व्यय को डेबिट नहीं किया गया है जो बिजनेस व्यय के उद्देश्य के लिए न किए गए हों और व्यक्तिगत स्वरूप के किसी भी व्यय को निदेशक बोर्ड तथा शीर्ष प्रबंधन के लिए खर्च किया गया हो।

(vi) लेखे कार्रवाई का प्रकटन: कंपनी वित्तीय विवरण तैयार करने में भारत के सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानकों का अनुसरण करती है। कंपनी ने किसी भी लेखा मानक में निर्धारित मानक से भिन्न व्यवहार नहीं अपनाया है।

(vii) लेखा पुस्तकों/अन्य व्यय में लिए गए व्यय की मदों तथा प्रशासनिक एवं अन्य वित्तीय व्यय के ब्यौरे वित्तीय विवरण तथा लेखा टिप्पणियों में दिए गए हैं।

(viii) वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष का भाषण भी उन शेयरधारकों को वितरित किया जाता है जो कंपनी की वार्षिक आम बैठक में भाग लेते है और इसे कंपनी की वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया जाता है।

(ix) प्रबधन का विचार–विमर्श तथा विश्लेषण रिपोर्ट निदेशक की रिपोर्ट 2016–17 का भाग है।

(x) डीपीआई दिशा–निर्देशों के अनुसरण में कंपनी की 'व्यापार आचार संहिता और बोर्ड सदस्यों तथा वरिष्ठ प्रबंधन की नीति' बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई है और बीबीएनएल द्वारा इसका कार्यान्वयन किया गया है। उक्त कोड़ को संबद्ध पक्षों को परिचालित किया गया है और इसे कंपनी की वेबसाइट पर डाला गया है। कंपनी के बोर्ड सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंध कार्मिकों ने 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए उक्त आचार संहिता के प्रावधानों के अनुपालन की पुष्टि करता है। इस संबंध में कंपनी के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक की घोषणा रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

11. संचार के माध्यम

वार्षिक वित्तीय विवरण, नई विज्ञप्ति, निविदा तथा कैरियर संभावनाएं इत्यादि कंपनी के वेबसाइट में डाली जाती हैं।

सूचना को कंपनी की वेबसाइट पर डाला जाना:– कंपनी की वेबसाइट www.bbnl.nic.in एक उपभोक्ता सुकर साइट है जिसमें सभी नवीनतम घटनाक्रम शामिल हैं।

अन्य बातों के साथ–साथ लेखापरीक्षित लेखे, निदेशक की रिपोर्ट, स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट तथा इन पर प्रबंधन का उत्तर भारत के सीएंडएजी की टिप्पणियां और समीक्षा को शामिल करते हुए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट सभी सदस्यों और पात्र व्यक्तियों को, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 में उल्लेख किया गया है, को परिचालित की जाती है तथा इसे संसद के सदनों के पटल पर भी रखा जाता हैं।

12. सदस्य बोर्ड का प्रशिक्षण

नए निदेशकों को कंपनी के दृष्टिकोण नीति, वित्तीय मामलों, बिजनेस ऑपरेशन, जोखिम मामलों सहित प्रमुख मूल्यों के संबंध में उन्मुखीकरण और इंडक्शन प्रदान किया जाता है। सामान्य प्रक्रिया पुस्तिका ब्राउजर्स, वार्षिक रिपोर्ट, प्रशासनिक मंत्रालय के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन, कंपनी का संगम ज्ञापन, कॉरपोरेट अभिशासन पर दिशा–निर्देश इत्यादि प्रदान करना है।

13. निदेशकों द्वारा शेयरहोल्डिंग और स्टॉक विकल्पः

लगभग सौ प्रतिशत सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी होने के नाते 99.99 प्रतिशत शेयर संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति द्वारा धारित है। निदेशकों को किसी योग्यता शेयर रखने की आवश्यकता नहीं है।

कंपनी ने अपने निदेशकों/कर्मचारियों के लिए कोई स्टॉक विकल्प जारी नहीं किए हैं।

14. कॉरपोरेट गवर्नेंस के अनुपालन संबंधी प्रमाण–पत्र

सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) ने केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम के लिए लागू कॉरपोरेट अभिशासन दिशा–निर्देश जारी किए हैं जिन्हें मई, 2010 से अनिवार्य बनाया गया है।

सामान्यतः, कंपनी ने बोर्ड के स्वतंत्र निदेशकों की न्यूनतम संख्या की आवश्यकता को छोड़कर सार्वजनिक उद्यम विभाग के दिशा–निर्देशों में यथानिर्धारित कॉरपोरेट अभिशासन मानदंडों की शर्तों का अनुपालन किया है। कंपनी ने इस मामले को नियुक्ति प्राधिकरण अर्थात् भारत सरकार के साथ उठाया है। स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति भारत सरकार के विचाराधीन है। इस संबंध में मैसर्स सुरेश कुमार एंड एसोशिएट्स, कंपनी सचिव से एक प्रमाण–पत्र प्राप्त किया गया है जो इस रिपोर्ट का भाग हैं।

कॉरपोरेट अभिशासन मानदंडों के अनुपालन संबंधी प्रमाण–पत्र

सेवा में,

सदस्य,

मैसर्स भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड,
कमरा संख्या 306, तीसरा तल, सी–डॉट कैंपस,
मांडी गांव रोड, महरोली,
नई दिल्ली–110030

हमने दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा यथा उल्लिखित केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिए कॉरपोरेट अभिशासन मानदंडों के संबंध में दिशा–निर्देशों में यथा निर्धारित अनुसार मैसर्स भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड द्वारा कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन के संबंध में संगत पुस्तकों, रिकॉर्ड और विवरणों की जांच की है।

कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जांच दिशा–निर्देशों में यथा निर्धारित कॉरपोरेट अभिशासन की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया और उनके क्रियान्वयन तक सीमित है। हमारी रिपोर्ट/प्रमाण–पत्र न तो लेखापरीक्षा और न ही वह कंपनी के वित्तीय विवरणों पर विचारों की अभिव्यक्ति है।

हमारे विचार से तथा हमारी सूचना के अनुसार और हमें दी गई व्याख्याओं के अनुसार हम यह प्रमाणित करते है कि कंपनी ने बोर्ड के स्वतंत्र निदेशकों की संख्या, जो डीपीई के दिशा–निर्देशों में यथा अपेक्षित बोर्ड की कुल संख्या के आधे से कम थी, को छोड़कर डीपीई के दिशा–निर्देशों में यथा निर्धारित कॉरपोरेट अभिशासन के मानदंडों की शर्तों का अनुपालन किया है।

हम यह भी उल्लेख करते है कि यह अनुपालन न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता का और न ही प्रभाविता की सक्षमता का आश्वासन है जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के कार्यों का संचालन किया है।

कृते सुरेश कुमार एंड एसोशिएट्स
कंपनी सेक्रेटरी

Suresh Kumar

सुरेश कुमार
एम सं. 7840
सीपी सं. 8789

दिनांकः 30.11.2017
स्थानः नई दिल्ली

अनुबंध–ग

प्रबंधन का विचार–विमर्श और विश्लेषण रिपोर्ट

i) उद्योग अवसंरचना और विकास

देश के ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड सेवाओं के विस्तार को एक प्रमुख आर्थिक वृद्धि का साधन माना जाता है। विश्व भर में और भारत में किए गए कई अध्ययनों से ब्रॉडबैंड सघनता और ग्रामीण लोगों की अर्थव्यवस्था में सुधार के बीच में मजबूत संबंध देखा गया है। ऑप्टिकल फाइबर ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए प्राथमिक संचार माध्यम है। चाहे यह 4जी डाटा सेवाएं, केबल टीवी सेवाएं हों अथवा ई–स्वास्थ्य, ई–शिक्षा इत्यादि हो, असीमित बैंडविथ ले जाने की अपनी क्षमता के जरिए ऑप्टिकल फाइबर डिजीटल सिग्नल के प्रवाह के लिए अत्यधिक व्यवहार्य माध्यम प्रदान करता है।

उद्योग जगत से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण यह सुझाते है कि ऑप्टिकल फाइबर जिला तथा ब्लॉक स्तर तक पहुंच गया है। ब्लॉक स्तर पर यह मुख्यतः सीपीएसयू है और मुख्यतः इसकी सबसे बड़ी उपस्थिति है, जबकि अधिकांश निजी ईकाइयां जिला स्तर पर उपस्थित है। ग्रामीण क्षेत्र अधिकांशतः ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी से वंचित है। निजी संचालकों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापार मामलों के अभाव के कारण ग्रामीण क्षेत्रों तक ब्रॉडबैंड सेवाएं ले जाने में शायद ही कोई निवेश किया गया है।

देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच डिजीटल डिवाइड को पाटने के लिए सरकार का हस्तक्षेप आवश्यक था। इस संदर्भ में एनओएफएन (अब भारतनेट) की अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी सृजित करने तथा उनकी सेवाओं को ग्रामीण उपभोक्ताओं तक विस्तार करने के लिए सरकार और निजी क्षेत्र दोनों में सेवा प्रदाताओं को योग्य बनाने हेतु देश में 2,50,000 ग्राम पंचायतों तक छूट गए ओएफसी नेटवर्क प्रदान करने हेतु स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। नेटवर्क तक सभी सेवा प्रदाताओं के लिए गैर भेदकारी पहुंच परियोजना का एक प्रमुख घटक है।

ii) एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण

बीबीएनएल का एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण नीचे दिया गया है:

दृढ़ता:

- मजबूत वचनबद्धता तथा सरकार से निधियन।
- सरकारी पूल से अत्यधिक अनुभवी और तकनीकी रूप से सक्षम श्रमिकों की उपलब्धता।
- ओएफसी नेटवर्क बिछाने के लिए सुस्थापित प्रक्रियाओं और विनिर्देशनों की उपलब्धता।
- निःशुल्क आरओडब्ल्यू तथा ग्राम पंचायतों की अवसंरचना के रूप में राज्य सरकारों का मजबूत सहयोग।
- चरण–II के कार्यान्वयन में राज्यों की भागीदारी

कमजोरियां:

- पॉवर, चोरी और कनेक्टिविटी जैसी ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं से नेटवर्क के प्रदर्शन पर प्रभाव।
- कुछ क्षेत्रों में मौजूदा खराब फाइबर नेटवर्क एसएलए पर प्रभाव डाल सकता है।
- बहु–एजेंसी क्रियान्वयन मॉडल से विशेषकर उस भूगोल के संबंध में सहयोग संबंधी मुद्दे उठ सकते हैं जिन्हें एनओएफएन के अंतर्गत शामिल किया जाना है।
- वृहत भूगोलीय प्रसार और बहु एजेंसियों के साथ समन्वय के कारण ओएंडएम चुनौतियां।
- बीबीएनएल के एक नए संगठन होने के नाते संगठनात्मक स्थापना अभी पूरी तरह से स्थापित नहीं की गई है।
- लौसी फाइबर

संभावनाएं

- अल्प ब्रॉडबैंड सघनता अर्थात् रोकी न जाने वाली मांग।
- डाटा और वीडियों की बढ़ती हुई मांग से उच्च बैंडविथ की मांग में अत्यधिक वृद्धि होगी।
- डिजीटल इंडिया पहल के कारण जी2सी और बी2सी सेवाओं के लिए अधिक मांग संभावित।
- ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापार संभावनाएं बी2सी और बी2बी सेवाओं के प्रसार का पक्ष लेंगी।
- ब्रॉडबैंड के सेवा डिलीवरी हेतु मूल अवंसरचना के रूप में सरकार का दृष्टिकोण।

खतरे

- ग्रामीण पर्यावरण प्रणाली समग्र नहीं है जिसमें अल्प अपटेक हो सकता है जिसके कारण परियोजना की व्यवहार्यता में प्रभाव पड़ सकता है।
- जिले से ब्लॉक क्षेत्र तक वहनीय बैंडविथ का उपलब्ध अंतर।
- डिजीटल साक्षरता, वहनीय उपकरणों और स्थानीय भाषा में पर्याप्त विषय–वस्तु का अभाव।
- ग्रामीण क्षेत्रों में अल्प क्रय शक्ति अनिश्चित मांग के कारण राजस्व पर दबाव बना सकती है।

iii) क्षेत्र–वार अथवा उत्पाद–वार प्रदर्शन

बीबीएनएल केवल एक बाजार क्षेत्र में कार्य कर रही है अर्थात अपने नेटवर्क से बैंडविथ और डार्क फाइबर प्रदान करना। बीबीएनएल द्वारा भारतनेट परियोजना के अंतर्गत बाजार को किए जाने वाले प्रस्ताव गैर–भेदभावपूर्ण आधार पर सेवा प्रदाताओं को प्रदान किए जाने वाली होलसेल बैंडविथ की परियोजना है। बैंडविथ बाजार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उचित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रस्तावित की जा रही हैं। बीबीएनएल लीज पर विभिन्न सेवा प्रदाताओं एवं भागीदारों के लिए बिछायी जा रही इंक्रीमेंटल केबल पर भारतनेट फाइबर भी प्रदान कर रही है। इस फाइबर का सेवा प्रदाताओं द्वारा

अपने नेटवर्क में कनेक्टिविटी अंतराल को भरने के लिए उपयोग किया जा सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बीएसएनएल की व्यापक पहुंच को देखते हुए और बीएसएनएल के बीबीएनएल नेटवर्क की ओएंडएम एजेंसी होने के नाते बीएसएनएल के साथ राजस्व शेयरिंग करार (आरएसए) किया गया है जिसमें बीएसएनएल भारतनेट का प्रयोग करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में भारतनेट की सेवाओं का विपणन करेगी और अर्जित राजस्व को बीएसएनएल तथा बीबीएनएल के बीच बांटा जाएगा।

बीबीएनएल एलसीओ, एमएसओ इत्यादि की आवश्यकताओं को समझने के लिए अपने विपणन कार्यों को मजबूत बना रही है और उनकी आवश्यकताओं के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर रही है।

iv) परिदृश्य

क) वर्तमान में कंपनी परियोजना निष्पादन पद्धति के अधीन है। परियोजना के लिए कार्य क्षेत्र को भारतनेट के पहले चरण में अतिरिक्त कार्य क्षेत्र द्वारा 1,00,000 ग्राम पंचायतों से बढ़ाकर 1,25,000 ग्राम पंचायत किया गया है। चरण–II में अंडरग्राउंड ओएफसी, एरियल ओएफसी, मौजूदा और नए टॉवर का प्रयोग करते हुए रेडियो मीडिया और साथ ही सैटेलाइट मीडिया के ईष्टतम मिश्रण की भारतनेट के दूसरे चरण में 1,25,000 ग्राम पंचायतों तक कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए परिकल्पना की गई है। रिंग वास्तुकला के कार्यान्वयन द्वारा नेटवर्क की भविष्य का निर्धारण सरकार के अनुमोदन से चरण–II पूरा होने के पश्चात किया जाएगा। सरकारी संस्थाओं में क्षैतिज कनेक्टिविटी राज्य सरकारों द्वारा उनकी स्वयं की निधियों द्वारा प्रदान की जानी अपेक्षित है।

ख) प्रत्येक ग्राम पंचायत में वाई–फाई में हॉट–स्पॉट प्रदान किया जाएगा और सेवा प्रदाताओं द्वारा अन्य गांव में कनेक्टिविटी विस्तार योग्य होगी। इसका निधियन यूएसओएफ द्वारा व्यवहार्यता अंतराल निधियन (वीजीएफ) के माध्यम से किया जाएगा।

ग) बीएसएनएल बीबीएनएल के साथ राजस्व शेयरिंग करार के अंतर्गत बाजार ब्राडबैंड सेवाओं और डार्क फाइबर के लिए भारतनेट की अवसंरचना का उपयोग करेगा।

v) जोखिम और चिंताएं

जोखिम प्रबंधन कंपनी की व्यापार नीति का एक समेकित भाग है। जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया का उद्यम जोखिम प्रबंधन अवसंरचना द्वारा अभिशासन किया जाता है। जोखिम प्रबंधन परिदृश्य ढांचे में बोर्ड की समितियां वरिष्ठ प्रबंधन समितियां शामिल है। बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति ("आरएमसी") जोखिम नीतियों के अनुपालन की समीक्षा करती है, जोखिम वहनीयता सीमाओं की निगरानी करती है, विशिष्ट मुद्दों से संबंधित जोखिम प्रदर्शन की समीक्षा तथा विश्लेषण करती है और संगठन में जोखिम का परिदृश्य प्रदान करती है। आरएमसी कंपनी में एक मजबूत जोखिम प्रबंधन संस्कृति का समावेशन करने के लिए एक स्वस्थ तथा स्वतंत्र जोखिम प्रबंधन संचालन का पोषण करती है। बीबीएनएल के बोर्ड द्वारा इन मुद्दों को हल करने के लिए एक जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। समिति ने बीबीएनएल के लिए एक जोखिम प्रबंधन नीति ढांचा तैयार किया है।

vi) आंतरिक नियंत्रण प्रणाली तथा उनकी पर्याप्तता

कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली वित्तीय सूचना देने और नियमों और विनियमों के अनुपालन में संचालन सक्षमता, संसाधनों के संरक्षण, सटीकता और तीव्रता के लिए तैयार की गई है। आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की सहायता इसकी प्रणाली तथा प्रक्रिया और विनियमों तथा प्रक्रिया के साथ अनुपालन सहित कंपनी के आंतरिक नियंत्रण की सटीकता और सक्षमता की समीक्षा के लिए एक आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा की जाती है। आंतरिक लेखापरीक्षा की रिपोर्ट पर प्रबंधन में विचार–विमर्श किया जाता है और बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति द्वारा इसकी समीक्षा की जाती है जो कंपनी में आंतरिक नियंत्रण की सटीकता तथा प्रभाविता की भी समीक्षा करती है।

vii) संचालनात्मक प्रदर्शन के संबंध में वित्तीय प्रदर्शन पर विचार–विमर्श

संक्षिप्त वित्तीय परिणाम नीचे दिए गए है:–

विवरण	राशि (भारतीय रुपए में)	
	31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लिए
संचालन से राजस्व	32,24,500	41,33,354
अन्य आय	1,06,00,61,543	12,89,45,157
कुल राजस्व	**1,06,32,86,043**	**13,30,78,511**
कर्मचारियों की पारिश्रमिक तथा भत्ते	4,64,86,754	2,42,42,488
वित्तीय लागत	43,07,166	29,20,761
अवमूल्यों तथा परिशोधन व्यय	50,01,242	5,70,12,102
प्रशासनिक, संचालन तथा अन्य व्यय	72,29,72,554	8,55,43,903
कुल व्यय	**77,87,67,716**	**16,97,19,254**
पूर्व अवधि मद और कर से पूर्व लाभ/(हानि)	28,45,18,327	(3,66,40,743)
पूर्व अवधि मदें	(34,31,885)	(1,99,56,412)
कर से पूर्व लाभ/(हानि) कर	28,10,86,442	(5,65,97,155)
कर व्यय:		
चालू वर्ष के लिए कर व्यय	7,91,15,040	-
पूर्व अवधि से संबंधित चालू कर व्यय	-	16,40,967
डेफर्ड कर	(2,65,09,084)	2,60,73,766
कर पश्चात लाभ/(हानि)	**22,84,80,486**	**(8,43,11,888)**
प्रति शेयर अर्जन:		
मूल	3.81	(1.41)
सरलीकृत	3.81	(1.41)
सामान्य आरक्षित में हस्तांतरित	**5,00,00,000**	**-**

viii) नियुक्त व्यक्तियों की संख्या सहित मानव संसाधन, औद्योगिक संबंध में वास्तविक विकास

आज की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आपकी कंपनी को संगठित तथा समुचित रूप से स्थापित किया गया है। निर्देशी सिद्धांत संगठन को इच्छुक बनाए रखना है। संगठन तीन शाखाओं में बना है – वित्त, योजना तथा प्रचालन। संशोधित संगठनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संगठन की पुनर्संरचना और पुनः–इंजीनियरिंग प्रक्रिया के लिए आईआईएम, अहमदाबाद का चयन किया गया है। हालांकि रिपोर्ट में विलंब हुआ है परंतु इसके शीघ्र प्राप्त होने की आशा है। बीबीएनएल का संगठनात्मक चार्ट निम्नानुसार है:



बीबीएनएल एक नया संगठन है और यह आवश्यकता अनुसार बढ़ रहा है। 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार आपकी कंपनी में नीचे दिए गए विवरण के अनुसार कर्मचारियों की संख्या थी।

स्तर	कार्यरत (कुल)	एससी/एसटी	ओबीसी	सामान्य	महिलाएं	एससी/एसटी	ओबीसी	सामान्य
स्तर–1	85	12	0	73	2	0	0	2
स्तर–2	31	3	7	21	7	2	0	5
कुल	**116**	**15**	**7**	**94**	**9**	**2**	**0**	**7**

ix) पर्यावरण सुरक्षा तथा संरक्षण

बीबीएनएल पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति अपनी वचनबद्धता की पुष्टि करता है।

x) उपलब्धियां

भारतनेट एक गहन एवं जटिल परियोजना है। दूरसंचार आयोग द्वारा अनुमोदित कार्यान्वयन नीति के अनुसार मार्च, 2017 तक 1,00,000 ग्राम पंचायतों को रोशन करने का लक्ष्य था। तथापि, कुछ अपरिहार्य कारणों जिनमें जीपोन उपकरण की आपूर्ति में चूक शामिल है, के कारण लक्ष्य पूरी तरह से पूर्ण नहीं किए जा सके। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए विकेंद्रीकृत प्रापण प्रक्रिया के माध्यम से 25000 ग्राम पंचायतों का अतिरिक्त कार्य किया गया था। परियोजना की प्रगति में तेजी लाने के लिए 2016 में कई कदम उठाए गए हैं जैसे कि विकेंद्रीकृत संसाधन प्रापण, विकेंद्रीकृत निर्णय–निर्धारण और मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से निगरानी इत्यादि।

चरण–I की उपलब्धियां: वर्तमान में चरण–1 की प्रगति में समर्पित टीमों के गठन और विकेंद्रीकरण के माध्यम से प्रापण की प्रक्रिया में तेजी लाने और मुद्दों को हल करने से पिछले दो वर्षों में तेजी आई है। वर्तमान में चरण–1 में लिए गए 1,25,000 ग्राम पंचायतों (25,000 ग्राम पंचायतों के अतिरिक्त कार्य सहित) में से 1,13,469 ग्राम पंचायतों में डक्ट/पाइप पहले ही बिछा दी गयी हैं, 1,08,237 ग्राम पंचायतों में ओएफसी बिछाया गया है (25,0197 किलोमीटर), 1,00,364 ग्राम पंचायतों में उपकरण स्थापित किए गए हैं, 96,039 ग्राम पंचायतों में सेवा तैयार है ओर 59,124 ग्राम पंचायतों में सेवा खोल दी गई है। केरल, कर्नाटक, चंडीगढ़ और पुद्दुचेरी की चरण–I का पूर्णता कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया है।

निगरानी: इस परियोजना की भारत सरकार में उच्चतम स्तर पर निरंतर निगरानी की जाती है। संचार (स्वतंत्र प्रभार) और रेलवे राज्य मंत्री ने कई अवसरों पर परियोजना की समीक्षा की है। संचार लेखा नियंत्रक, डीओटी की एक इकाई को भारतनेट की मॉनीटरिंग प्राधिकरण के रूप में निर्दिष्ट किया है। बीबीएनएल ने परियोजना के निष्पादन में शामिल विभिन्न गतिविधियों को अत्याआधुनिक मॉनीटरिंग के लिए एक मोबाइल एप तैयार की है। बीबीएनएल और बीएसएनएल की राज्य स्तरीय समितियां, प्रशासक यूएसओएफ की अध्यक्षता में अनुवीक्षण समिति, सचिव (दूरसंचार) की अध्यक्षता में अधिकार प्राप्त समिति की त्वरित कार्यान्वयन सुनिश्चति करने के लिए पिछले वर्ष में बैठकें हुईं।

भारतनेट चरण–II: चरण–I की कमियों को दूर करने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 19.07.2017 को एक संशोधित कार्यान्वयन नीति अनुमोदित की गई। बीबीएनएल ने इस पर अन्थक रूप से कार्य किया और अनुमोदन की तारीख से लगभग ड़ेढ माह में 7 राज्यों के डीपीआर का मूल्यांकन किया। 4 राज्यों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं और दो राज्यों को आरंभिक निधियां प्रदान की गई है। राज्यों के लिए 15.12.2017 को बीबीएनएल निविदा जारी की गई है। 10 राज्यों में सीपीएसयू संचालित मॉडल के कार्यान्वयन के लिए बीएसएनएल और पीजीसीआईएल के साथ कई बैठकें आयोजित की गई हैं और इन प्रबंधों को शीघ्र ही अंतिम रूप दिये जाने की आशा है।

निधियन प्रबंधन: यूएसओएफ के साथ मौजूदा निधियन प्रबंधन को 2020 तक तीन वर्ष के लिए बढा दिया गया है।

वहनीय टैरिफ: भारतनेट की संपत्ति की मांग में तेजी लाने और

उसके उपयोग के लिए बीबीएनएल ने ब्लॉक से ग्राम पंचायत तक अपने नेटवर्कों में डार्क फाइबर और बैंडविथ दोनों के लिए काफी वहनीय टैरिफ प्रदान किए हैं।

नेटवर्क का उपयोग: 13.11.2017 को विज्ञान भवन में भारतनेट के उपयोग के संबंध में एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजन किया गया। जिसमें चार राष्ट्रीय स्तर की टीएसपी ने बीबीएनएल की सेवाओं के लिए लगभग 18 करोड़ रूपए की प्रतिबद्धता दी।

ओएंडएम प्रबंधन: बीएसएनएल के साथ प्रबंध को अंतिम रूप दिया गया। रेलटेल और पीजीसीआईएल के कार्य क्षेत्र के लिए प्रबंधन को शीघ्र ही अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है।

एफटीटीएच कनेक्शन: बीबीएनएल ने वहनीय टैरिफ पर ग्रामीण उपभोक्ताओं को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए बीएसएनएल के साथ करार किया है। किसी ग्राम पंचायत को रोशन किए जाने के पश्चात, 6 माह के लिए निःशुक्ल इंटरनेट सेवा बीएसएनएल से एफटीटीएच कनेक्शन के जरिए प्रदान की जाती है।

वाई–फाई हॉट्स्पोट्स: बीबीएनएल ने ग्राम पंचायतों में वाई–फाई सेवाएं प्रदान करने के लिए सीएससी एसपीवी के साथ भी सहयोग किया है।

भारतनेट का प्रभाव मूल्यांकन: केरल राज्य में आईआईएम–कोझीकोड के जरिए भारतनेट का प्रभाव मूल्यांकन ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों के जीवन पर इस परियोजना का सकारात्मक प्रभाव दर्शाता है।

संसदीय समितियों द्वारा परियोजना की समीक्षा: सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति, सार्वजनिक उपक्रम समिति (सीओपीयू) और सरकारी आश्वासन संबंधी (लोक सभा) ने दिल्ली, मुम्बई, तिरूवनंतपुरम, शिमला इत्यादि सहित अपनी बैठकों के दौरान भारतनेट की प्रगति की समीक्षा की।

xi) प्रौद्योगिकी विकास पहल

जारी प्रौद्योगिकी विकास में शामिल प्रमुख पहल है:

- दिल्ली में प्रमुख डाटा केंद्र का विकास और आईटी अवसंरचना तथा नेटवर्क ऑपरेशन केंद्र के लिए बंगलुरू में डीआर डाटा केंद्र।
- संपूर्ण एनओएफएन नेटवर्क की निगरानी के लिए सीडॉट द्वारा नेटवर्क प्रबंधन प्रणाली (एनएमएस) का विकास। मुख्य डीआर डाटा केंद्रों के साथ भूगोलीय उच्च उपलब्धता वास्तु कला में एनएमएस प्रणाली तैनात की गई थी। एनएमएस प्रणाली ने फॉल्ट मैनेजमेंट, ट्रवल टिकटिंग, निष्पादन प्रबंधन, संपत्ति सूची प्रबंधन, जीआईएस मानचित्र पर इलेक्ट्रॉनिक्स की सजीव निगरानी के लिए जीआईएस प्रणाली के साथ समेकन सहित सेवा क्षमताएं।
- जीपोन नेटवर्क के लिए सीडॉट द्वारा आयोजना उपकरण का विकास।
- मैप्स ऑफ इंडिया से खरीदी गई लगभग 5400 सीट का उपयोग करते हुए एनआईसी द्वारा केंद्रीयकृत भूगोलीय सूचना प्रणाली का विकास। जारी फाइबर नेटवर्क एवं जीपोन प्रणाली के लिए जीआईएस प्रणाली बाह्य संयंत्र लक्षणों तथा निर्मित रचनाओं के भंडारण का विवरण इकट्ठा कर रही है।
- परियोजना गतिविधियों की आयोजना एवं प्रबंधन में सहायता हेतु परियोजना प्रबंधन प्रणाली के लिए मोबाइल एप का विकास।
- सीडॉट द्वारा फाइबर फॉल्ट लोकेलाइजेशन प्रणाली का विकास।
- आईआईटी मुम्बई द्वारा रेडियो/सेटेलाइट आधारित संचार का विकास।
- विभिन्न राज्यों को उनके द्वारा ऐरियल ओएफसी बिछाने के लिए इलैक्ट्रिसिटी पोल के सर्वेक्षण हेतु अतिरिक्त निधियन।

xii) नवीकरणीय ऊर्जा विकास

बीबीएनएल ग्रामीण क्षेत्रों से काम करता है और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग की आवश्यकता को समझता है। ग्राम पंचायतों में सभी ओएनटी के लिए सौर ऊर्जा प्रणाली का प्रयोग करने का निर्णय लिया गया है।

xiii) विदेशी मुद्रा संरक्षण

बीबीएनएल सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार वरीयता विपणन पहुंच को अपनाते हुए विदेशी मुद्रा का संरक्षण करने में सहायता कर रहा है।

xiv) कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर)

आपकी कंपनी ने अभिसंचालन आरंभ नहीं किया है। तथापि, कंपनी अब, कंपनी अधिनियम, 2013 में उल्लिखित कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के क्षेत्र/मापदंड के अंतर्गत शामिल है। यद्यपि, सीएसआर गतिविधियां संचालित नहीं की गई हैं परंतु कंपनी ने बोर्ड की एक सीएसआर उप–समिति का गठन किया गया है और वह शीघ्र ही सीएसआर के अंतर्गत समुचित गतिविधियां आरंभ करेगी।

अनुबंध–घ

आचार संहिता के अनुपालन संबंधी घोषणा

मैं यह घोषित करता हूं कि कंपनी ने 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के संबंध में निदेशकों और वरिष्ठ प्रबंधकों कार्मिकों के लिए कंपनी की व्यापार आचार संहिता और नीति के अनुपालन के बारे में निदेशक मंडल और वरिष्ठ प्रबंधक कार्मिकों से पुष्टि प्राप्त की है।

कृत तथा की ओर से निदेशक मंडल
भारतब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड

संजय सिंह
अध्यक्ष–सह–प्रबंधक निदेशक
डीआईएन–07484614

दिनांक: 20.12.2017
स्थान: नई दिल्ली

अनुबंध–ड

कंपनी के चीफ एक्जीक्यूटिव/मुख्य वित्तीय अधिकारी द्वारा वित्तीय विवरणों से संबंधित प्रमाणपत्र/घोषणा

हम भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड के संजय कुमार सिंह, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक और मनोज आनन्द, निदेशक (वित्त) और सीएफओ 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के संबंध में निम्नलिखित प्रमाणित करते हैं:

(1) हमने वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों की समीक्षा की है और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार:

i. इन विवरणों में ऐसी कोई वास्तविक गलत विवरण नहीं है अथवा किसी वास्तविक तथ्य को हटाया नहीं गया है अथवा इनमें ऐसे विवरण नहीं हैं जोकि भ्रामक हों; तथा

ii. ये विवरण कंपनी के मामलों की सही और निष्पक्ष तस्वीर प्रस्तुत करते हैं और ये मौजूदा लेखन मानकों, लागू नियमों और विनियमों के अनुसार हैं।

(2) हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा ऐसा कोई लेनदेन नहीं किया गया है जो धोखाधड़ीपूर्ण, गैर–कानूनी अथवा कंपनी की आचार–संहिता का उल्लघंन हों।

(3) हम वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने और उन्हें बनाये रखने की जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं और हमने वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रभाविता का मूल्यांकन किया है और हमने लेखापरीक्षकों और लेखापरीक्षक समिति को आंतरिक नियंत्रण के डिजायन अथवा संचालन में खामियां, यदि कोई हो, जिनके प्रति हम अवगत हैं के बारे में सूचित किया है तथा इनमें संशोधन करने के लिए उठाये गए कदमों अथवा उठाये जाने के लिए प्रस्तावित कदमों के बारे में सूचित किया है।

(4) जहां लागू हों हमने लेखापरीक्षकों और लेखापरीक्षक समिति को निम्न सूचित किए हैं:

क. वर्ष के दौरान वित्तीय रिपार्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण परिवर्तन, यदि कोई हों;

ख. वर्ष के दौरान लेखन नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन, यदि कोई हो और इसे वित्तीय विवरणों की टिप्पणी में प्रकट किया गया है; और

ग. महत्वपूर्ण धोखाधड़ी की घटनाएं, यदि कोई हों, जिनमें कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में प्रबंधन अथवा किसी कर्मचारी की महत्वपूर्ण भूमिका हो।

	संजय सिंह	मनोज आनंद
दिनांकः 20.12.2017	अध्यक्ष–सह–प्रबंध	निदेशक निदेशक (वित्त)
स्थानः नई दिल्ली	डीआईएन–07484614	डीआईएन–07583289

फॉर्म संख्या एमआर–3 अनुबंध–च

सचिवालयी लेखापरीक्षा रिपोर्ट
31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

ख्कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204(1) और कंपनी (नियुक्ति एवं पारिश्रमिक कार्मिक) नियम, 2014 के नियम संख्या 9 के अनुसरण में

सेवा में,

सदस्य

भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड
कमरा संख्या 306, तीसरा तल, सी–डॉट कैम्पस
मंडी गांव रोड, महरोली,
नई दिल्ली–110030

हमने, **भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड** (जिसे आगे कंपनी कहा गया है) द्वारा अपनाई गई लागू सांविधिक प्रावधानों के अनुपालन और अच्छी कारपोरेट पद्धतियों के अनुपालन की सचिवालयी लेखापरीक्षा की है। सचिवालयी लेखापरीक्षा इस प्रकार की गई थी जो कारपोरेट व्यवहार/सांविधिक अनुपालन और उन पर हमारे मत को व्यक्त करने के लिए समुचित आधार है।

भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड की पुस्तकों, कागजों, कार्यवृत पुस्तकों, फॉर्म और दायर रिटर्न तथा कंपनी द्वारा रखे गए अन्य रिकॉर्डों एवं कंपनी, इसके अधिकारियों, एजेंटों और प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा सचिवालीय लेखापरीक्षा के संचालन के दौरान हमारी जांच के आधार पर हम यह सूचित करते हैं कि हमारे विचार से कंपनी ने 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष को शामिल करते हुए लेखापरीक्षा की अवधि के दौरान नीचे सूचीबद्ध सांविधिक प्रावधानों का अनुपालन किया है और यह भी सूचित करते है कि कंपनी में उस तरीके से तथा यहां सूचित के अधीन समुचित वृहत प्रक्रिया और अनुपालन तंत्र मौजूद है।

हमने, **भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड** ("कंपनी") की 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए निम्नलिखित प्रावधानों के अनुसार पुस्तकों, कागजों, कार्यवृत्त पुस्तको और दायर रिटर्न और रखे गए अन्य रिकॉर्डों की जांच की है:

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) और उसके तहत बनाए गए नियम;

(ii) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश एवं बाह्य वाणिज्यिक ऋणों की सीमा के तहत बनाए गए नियम और विनियम;
(लेखापरीक्षा अवधि के दौरान कंपनी के लिए लागू नहीं)

(iii) अन्य लागू अधिनियम:

(क) मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936 तथा उसके तहत बनाए गए नियम;

(ख) कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 तथा उसके तहत बनाए गए नियम;

(ग) कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 तथा उसके तहत बनाए गए नियम;

(घ) ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 तथा उसके तहत बनाए गए नियम;

(ड.) अनुबंध श्रमिक (विनियम और निषेध) अधिनियम, 1970;

(च) भारत का दूरसंचार एवं विनियम अधिनियम, 1997;

(छ) मातृत्व लाभ अधिनियम, 1981; और

(ज) सेवा कर और आयकर अधिनियम

हमने निम्नलिखित के लागू धाराओं/दिशा–निर्देशों के अनुपालन की भी जांच की है।

1. **डीपीई दिशा–निर्देश**

2. **भारत के कंपनी सक्रेटरी संस्थान द्वारा जारी सचिवालयी मानक**

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कंपनी ने निम्नलिखित टिप्पणियों के अधीन ऊपर उल्लिखित अधिनियम, नियमों, विनियमों, दिशा–निर्देशों, मानकों इत्यादि के प्रावधानों का अनुपालन किया है:

स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में हम यह सूचित करना चाहते हैं कि वर्ष के दौरान बोर्ड और इसकी उप–समितियों की संरचना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के प्रावधानों के अनुरूप नहीं हैं चूंकि कंपनी के बोर्ड में कोई स्वतंत्र निदेशक नहीं है।

हम आगे यह सूचित करते है कि

कंपनी के निदेशक मंडल का गठन हमारी स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति न किए जाने से संबंधित उपरोक्त टिप्पणी के अधीन कार्यकारी निदेशकों और गैर–कार्यकारी निदेशकों के समुचित संतुलन के साथ किया गया है। निदेशक बोर्ड की संरचना में परिवर्तन जो समीक्षाधीन अवधि के दौरान हुआ था, को अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप किया गया है।

सभी निदेशकों को बोर्ड की बैठकों की समय–सूची, एजेंडा और एजेंडा के संबंध में विस्तृत टिप्पणियों के पर्याप्त नोटिस न्यूनतम सात दिन अग्रिम भेजे गए थे और बैठक से पहले तथा बैठक में अर्थपूर्ण भागीदारी के लिए एजेंडा के संबंध में आगे कोई अन्य सूचना तथा स्पष्टीकरण प्राप्त करने की प्रणाली मौजूद है।

अधिकांश निर्णय विरोधी सदस्यो के विचारों को ध्यान में रखते हुए और उन्हें कार्यवृतों के भाग के रूप में दर्ज करते हुए लिए जाते है।

हम आगे यह सूचित करते है कि कंपनी के आकार और संचालन के अनुरूप कंपनी में लागू कानूनों, नियमों, विनियमों और दिशा–निर्देशों की निगरानी और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रणाली और प्रक्रिया मौजूद है।

टिप्पणी: इस रिपोर्ट को हमारे समसंख्यक दिनांक के पत्र जो **"अनुबंध–क"** के रूप में संलग्न है, तथा इस रिपोर्ट का समेकित भाग है, के साथ पढ़ा जाना चाहिए।

कृते जे.के. गुप्ता एंड एसोशिएट्स

जितेश गुप्ता
एफसीएस संख्या 3978
सीपी संख्या:2448

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 30.11.2017

'अनुबंध–क'

सेवा में,

सदस्य

भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड
कमरा संख्या 306, तीसरा तल, सी–डॉट कैम्पस
मांडी गांव रोड, महरोली,
नई दिल्ली–110030

हमारी समसंख्यक तारीख की रिपोर्ट इस पत्र के साथ पढ़ी जानी चाहिए

1. सचिवालयी रिकॉर्ड का अनुरक्षण कंपनी के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर इन सचिवालयी रिकॉर्ड पर मत व्यक्त करना है।

2. हमने सचिवालय रिकॉर्ड की विषय–वस्तु की सटीकता के संबंध में समुचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए यथा उचित लेखापरीक्षा पद्ध ति और प्रक्रिया का अनुपालन किया है। यह जांच यह सुनिश्चित करने के लिए परीक्षण आधार पर की गई थी कि सचिवालयी रिकॉर्डों में सही तथ्य प्रदर्शित किए गए है। हमारा विश्वास है कि हमारे द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया और पद्धति हमारे मत के लिए समुचित आधार पर प्रदान करती है।

3. हमने समीक्षाधीन अवधि के लिए मैसर्स **ठाकुर, वैद्यनाथ अय्यर (सनदी लेखाकार)** की आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर भरोसा किया है, अतः हमने नमूना आधार पर सांविधिकधविधायी अनुपालन की सटीकता की जांच की है। उनकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उल्लिखित योग्यताएं/टिप्पणियां भी इस रिपोर्ट का भाग है।

4. हमने समीक्षाधीन अवधि के लिए **मैसर्स रावला एंड कंपनी (सनदी लेखाकार)** की सांविधिक लेखापरीक्षा पर भरोसा किया है, अतः, हमने कंपनी के लेखों के वित्तीय रिकॉर्ड और पुस्तकों की सटीकता की जांच नहीं की है। उनकी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उल्लिखित योग्यताएं/टिप्पणियां भी इस रिपोर्ट का भाग है।

5. जहां भी आवश्यक हो हमने कानून, नियमों और विनियमों के अनुपालन तथा घटनाओं इत्यादि के संबंध में प्रबंधन का अभ्यावेदन प्राप्त किया है।

6. कारपोरेट एवं अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों, मानकों के प्रावधानों का अनुपालन प्रबंधकों की जिम्मेदारी है। हमारी परीक्षा परीक्षण आधार पर पद्धतियों की जांच तक सीमित थी।

7. सचिवालयी लेखापरीक्षा न तो कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता का आश्वासन है और न ही ऐसी प्रभावित अथवा सक्षमता है जिसके साथ प्रबंधन ने कंपनी के मामलों का संचालन किया है।

कृते जे.के. गुप्ता एवं एसोसिएट्स

जितेश गुप्ता
एफसीएस संख्या 3978
सीपी संख्या:2448

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 30.11.2017

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में,

सदस्य

भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड के सदस्यगण

वित्तीय विवरणों के संबंध में रिपोर्ट

हमने भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (''कंपनी'') के संलग्न वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा की है जिनमें दिनांक 31 मार्च, 2017 की स्थिति के अनुसार कंपनी के तुलन–पत्र और उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए लाभ एवं हानि विवरण तथा कैश एवं फ्लो विवरण और महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का सार और अन्य व्याख्यात्मक सूचना शामिल है।

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

कंपनी का निदेशक मंडल इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जिम्मेदार है जो कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 134(5) में कथित मामलों के लिए और भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धातों के अंतर्गत अधिसूचित लेखन मानकों के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय निष्पादन नकदी प्रवाह की सही और निष्पक्ष तस्वीर प्रस्तुत करते है तथा इसमें समय–समय पर इसके तहत जारी संगत नियमों के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत उल्लिखित लेखन मानक शामिल है। इस जिम्मेदारी में कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा पता लगाने के लिए प्रावधानों के अनुसरण में समुचित लेखन रिकॉर्ड का रखरखाव, समुचित लेखा नीतियों का चयन और प्रयोगय ऐसे निर्णय लेना और अनुमान लगाना जो कि सही है; और पर्याप्त आंतिरक वित्तीय नियंत्रण का क्रियान्वयन तथा अनुरक्षण करना जो कि लेखा रिकॉर्ड की सटीकता तथा संपूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर रहे थे जो ऐसे वित्तीय विवरण तैयार करने तथा प्रस्तुत करने से संगत हों जो कि एक सही दृष्टिकोण प्रदान करते है और वास्तविक दुर्कथन से मुक्त हैं जहां भी वे धोखाधड़ी अथवा भूल के कारण हों, भी शामिल हैं।

लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी, हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर विचार व्यक्त करना है।

हमने अधिनियिम के प्रावधानों, लेखन एवं लेखापरीक्षा मानकों तथा उन मामलों को ध्यान में लिया है जिन्हें अधिनियम तथा उसके तहत बनाए गए नियमों के अंतर्गत लेखापरीक्षा रिपोर्ट में शामिल किया जाना अपेक्षित होता है।

हमने, हमारी लेखापरीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखापरीक्षा मानकों, जैसा कि अधिनियम की धारा 143(10) के तहत उल्लेख किया गया है, के अनुसार की है। इन मानकों में यह अपेक्षा होती है कि हम नीतिगत आवश्यकताओं और योजनाओं का अनुपालन करें तथा यह समुचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा करें कि क्या वित्तीय विवरण वास्तविक दुर्कथन से मुक्त है।

किसी लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों में मात्रा और प्रकटनों के बारे में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने हेतु निष्पादन प्रक्रिया शामिल होती है। चयनित प्रक्रिया वित्तीय विवरणों के वास्तवकि दुर्कथन, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो अथवा चूक के कारण हो, के जोखिम के मूल्यांकन सहित लेखापरीक्षकों के निर्णय पर निर्भर करती है। ऐसे जोखिम मूल्यांकन करते हुए लेखापरीक्षक कंपनी से संगत आंतरिक नियंत्रण पर विचार करते है और ऐसी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को तैयार करने में जो परिस्थितियों से संगत है किंतु कंपनी के आंतरिक नियंत्रण की प्रभाविता पर विचार व्यक्त करने के उद्देश्य से नहीं है, के लिए वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने पर विचार करता है। किसी लेखापरीक्षा में प्रयुक्त लेखन नीतियों के औचित्य का मूल्यांकन और कंपनी के निदेशकों द्वारा किए गए लेखन अनुमानों का औचित्य तथा वित्तीय विवरणों के समग्र प्रस्तुतीकरण मूल्यांकन शामिल होता है।

हमारा विश्वास है कि हमारे द्वारा प्राप्त किए गए लेखापरीक्षा साक्ष्य हमारे योग्य लेखापरीक्षा मत के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त तथा समुचित है।

मत

हमारे विचार से और हमारे सर्वोत्तम जानकारी तथा हमें दी गई व्याख्या के अनुसार उपरोक्त वित्तीय विवरण अपेक्षित तरीके से और निम्नलिखित योग्यताओं के अधीन अधिनियम द्वारा अपेक्षित सूचना को 31 मार्च, 2017 के अनुसार कंपनी के मामलों, उक्त तिथि को समाप्त वर्ष के लिए उसके लाभ एवं नकद प्रवाह के बारे में भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुरूप सही परिदृश्य प्रदान करते हैं।

मामले का जोर

हम निम्नलिखित वित्तीय विवरण टिप्पणियों पर ध्यान आकर्षित करते हैं जो वित्तीय विवरणों के संबंध में प्रभाव प्रदर्शित करते हैं। हमारे विचार इन मामलों के संबंध में अर्हक नहीं हैं।

क) सदंर्भ टिप्पणी 9 (ii)

कार्यकारी एजेंसियों से अंतिम बल प्राप्त नहीं किए हैं और पूंजीकरण कंपनी के पास उपलब्ध सूचना के आधार पर किया गया है। किसी अंतर के मामले में इसे अंतिम समायोजन के वर्ष में समायोजित किया जाएगा।

ख) सदंर्भ टिप्पणी 10 (iii)

परिसंपत्तियों के पूंजीकरण के लिए ली गई ओवर हेड लागत

का प्रतिशत वेतन और प्रशासनिक व्यय में भविष्य की वृद्धि को ध्यान में रखते हुए व्यय की मौजूदा प्रवृत्ति के आधार पर कैपेक्स के तीन प्रतिशत के रूप में लिया गया है।

ग) संदर्भ टिप्पणी 17

बीबीएनएल ने अपने नेटवर्क के बेहतर उपयोग के लिए बीएसएनएल के साथ राजस्व शेयरिंग करार (आरएसए) भी किया है। वर्तमान में बीबीएनएल के राजस्व शेयर निर्धारणीय नहीं हैं चूंकि बीबीएनएल के बिलिंग सॉफ्टवेयर में समुचित कोड अभी नहीं बनाये गए हैं। इस राजस्व को निपटान/प्राप्ति के वर्ष में लिया जाएगा।

घ) संदर्भ टिप्पणी 18

कंपनी ने शुरूआत से 100.41 करोड़ रूपए की अन्य आय राशि (21.46 करोड़ रूपए दिनांक 31.03.2016 तक ओर 78.95 करोड़ रूपए वित्तीय वर्ष 2016–17 के लिए) ली है जो 19.07.2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित भारतनेट की संशोधित कार्यान्वयन नीति के अनुसार राजस्व के निवल संपूर्ण ऑपरेटिंग व्यय (निवल ओपेक्स) प्रदर्शित करती है।

ड) संदर्भ टिप्पणी 35

विभिन्न प्राप्ति योग्य शीर्ष व्यापार, देय व्यापार, जमा, ऋण और तीसरे पक्ष को अथवा उससे देय अग्रिम के अंतर्गत बकाया राशि पुष्टि और पुर्नमिलान के अधीन है।

ऐसे समायोजन जो विभिन्न उपभोक्ताओं, आपूर्तिकर्ताओं तथा अन्यों के साथ उनके बकाया के रूप में अंतिम लेखा विवरण पर हो सकते हैं, वे पुर्नमिलान और पुष्टि के अधीन हैं।

आय, व्यय, संपत्ति और देनदारी से संबंधित उपरोक्त मामलों के प्रभाव का निर्धारण नहीं किया जा सकता है।

अन्य मामले

भारतनेट के सृजन के उद्देश्य कंपनी द्वारा प्राप्त संपत्ति सूची सीपीएसयू को प्रदान कर दी गई है। एक्जीक्यूटिंग एजेंसी सीपीएसयू से उपभोग/उपयोग/कस्टडी रिपोर्ट/प्रमाणपत्रों का विवरण प्राप्त नहीं हुआ है।

कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा की गई खरीद का विवरण प्रदान नहीं किया गया है।

अन्य विधि एवं विनियामक आवश्यकताओं संबंधी रिपोर्ट

1. जैसा कि अधिनियम की धारा 143 की उपधारा (11) के रूप में केंद्रीय भारत सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखापरीक्षक रिपोर्ट) आदेश 2016 (आदेश) में अपेक्षा की गई है और कंपनी के पुस्तकों और रिकॉर्डों की ऐसी जांच के आधार पर हमें दी गई सूचना और व्याख्या के अनुसार इसे उचित पाया है, हमनें आदेश के अनुच्छेद 3 ओर 4 में निर्दिष्ट मामलों के संबंध में **अनुबंध–1** एक विवरण दिया गया है।

2. हम कंपनी की पुस्तकों और रिकॉर्डों की ऐसी जांच जिसे हमने उचित समझा और हमें दी गई जानकारी और व्याख्या के अनुसार अधिनियम की धारा 143 (5) के अनुरूप हमारी रिपोर्ट भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के संबंध में अनबंध–2 में संलग्न कर रहे हैं जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से आवश्यक थी।

3. जैसा कि अधिनियम की धारा 143 (3) द्वारा अपेक्षित है हम यह सूचित करते हैं कि:

   क. हमने वह सारी सूचना और व्याख्या प्राप्त की है जो हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के उद्देश्य से आवश्यक थी

   ख. हमारे विचार से कंपनी द्वारा विधि द्वारा यथा अपेक्षित समुचित लेखा पुस्तकें रखी गई हैं जहां तक वे इन पुस्तकों की हमारी जांच से प्रतीत होता है

   ग. इस रिपोर्ट में दिए गए तुलनपत्र, लाभ एवं हानि विवरण और कैश फ्लो विवरण लेखापुस्तकों के अनुरूप हैं

   घ. हमारे विचार से तुलनपत्र, लाभ एवं हानि विवरण और कैश फ्लो विवरण कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्दिष्ट लेखन मानकों के अनुरूप हैं

   ङ. एक सरकारी कंपनी होने के नाते भारत सरकार द्वारा जारी दिनांक 5 जून, 2015 की अधिसूचना सं. जीएसआर 463 (ई) के अनुसरण में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उप–धारा (2) के प्रावधान कंपनी के लिए लागू नहीं हैं

   च. *कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की सक्षमता और इन नियंत्रणों की संचालन प्रभाविता के संबंध में हमें दी गई जानकारी और वयाख्या के अनुसार कंपनी ने भारत के सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा के संबंध में दिशा–निर्देशी टिप्पणी में कथित आंतरिक नियंत्रण के अनिवार्य घटकों पर विचार करते हुए अथवा उस पर आधारित मापदंडों पर वित्तीय रिपोर्टिंग के संबंध में अपने आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित नहीं किए हैं इस कारण से हम हमारे विचार का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने में अक्षम हैं कि क्या कंपनी ने वित्तीय रिपोर्टिंग*

पर पर्याप्तक आंतिरक वित्तीय नियंत्रण हैं और क्या ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च, 2017 के अनुसार प्रभावी रूप से संचालित थे। हमने कंपनी के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा–परीक्षा में लागू लेखापरीक्षा परीक्षणों की प्रकृति, समय और सीमा के निर्धारण में उपरोक्त सूचित अस्वीकरण पर विचार किया है और यह अस्वीकरण कंपनी के वित्तीय विवरणों पर हमारे मत को प्रभावित नहीं करता है।

छ. कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखापरीक्षक) नियम 2014 के नियम 11 के अनुसरण में लेखापरीक्षा रिपोर्ट में शामिल अन्य मामलों के संबंध में और हमारी जानकारी तथा हमें दी गई व्याख्या के अनुसार

i. कंपनी ने आकस्मिक देनदारी और पूंजीगत वचनबद्धता के संबंध में अपने वित्तीय विवरणों में बकाया कानूनी विवाद प्रकट किए हैं संदर्भ टिप्पणी 28.1 से 28.2

ii. कंपनी ने कानून के अंतर्गत लागू अथवा लेखन मानकों के अनुसार हमारी रिपोर्ट में ऊपर कथित को छोड़कर डेरिवेटिव करारों सहित दीर्घावधि करार के संबंध में वास्तविक घाटे (यदि कोई हो) के लिए प्रावधान किया है।

iii. कंपनी को 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के दौरान किसी राशि को निवेशक शिक्षा एवं संरक्षा निधि में अंतरित करने की आवश्यकता नहीं है।

iv. कंपनी ने 8 नवम्बर, 2016 से 30 दिसम्बर, 2016 तक की अवधि के दौरान विशिष्ट बैंक टिप्पणियों में होल्डिंहग और डीलिंग के बारे में अपने वित्तीय विवरणों में अपेक्षित प्रकटन प्रदान किया है और ये कंपनी द्वारा अनुरक्षित लेखापुस्तकों के अनुरूप में हैं–संदर्भ वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 34.

कृते रावला एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 001661एन

सीए राजाराम गुप्ता
पार्टनर
एम. सं. 081279

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 15 नवम्बर, 2017

अनुबंध–1: 31 मार्च, 2017 को समाप्ति वर्ष के लिए स्वतंत्र लेखापरीक्षा रिपोर्ट से संबंधित

[हमारी समान तारीख की रिपोर्ट के शीर्षक ''अन्य विधि एवं विनियामक आवश्यकताओं से संबंधित रिपोर्ट'' के अंतर्गत स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के अनुच्छेद 1 में संदर्भित],

I. क. कंपनी अचल संपत्तियों के मात्रात्मक विवरण और स्थिति दशार्ते हुए अचल संपत्ति रजिस्टर रखती है

ख. वर्ष के दौरान संपत्तियों की वास्त्विक जांच नहीं की गई है। तथापि, यह सूचित किया जाता है कि डीओटी के अधिकारियों (संचार लेखा नियंत्रकों) को भारतनेट के लिए मानिटरिंग प्राधिकरण के रूप में निर्दिष्ट किया गया है वे भारतनेट की संपत्तियों की 10 प्रतिशत की नियमित वास्तविक जांच कर रहे हैं तथापि संपत्तियों की जांच के प्रभाव का कंपनी के प्रबंधन द्वारा लेखों में विचार नहीं किया गया है। कारपोरेट कार्यालय के लिए संपत्तियों की वास्तविक जांच की आवधिक प्रणाली का अनुसरण किया जा रहा है परंतु कोई नीतिगत दस्तावेज हमें उपलब्ध नहीं कराया गया है।

ग. जैसा कि हमें स्पष्ट किया गया है कंपनी की अपनी कोई स्वयं की अचल संपत्ति नहीं है।

II. कंपनी द्वारा भारतनेट के सृजन के उद्देश्य से प्रापण की गई संपत्ति सूची को सीपीएसयू को दिया गया है कार्यकारी एजेंसी सीपीएसयू से उपभोग/उपयोगरु/कस्टडी रिपोर्ट/प्रमाणपत्रों का विवरण प्राप्त नहीं हुआ है।

कार्यान्वययन एजेंसियों द्वारा की गई खरीद का विवरण प्रदान नहीं किया गया है।

III. कंपनी ने अधिनियम की धारा 189 के अंतर्गत रखें गए रजिस्ट्रर में किसी कंपनी, फर्म, सीमित देनदारी भागीदारी अथवा अन्य पक्षों को आरक्षित अथवा अनारक्षित ऋण प्रदान नहीं किए हैं।

IV. कंपनी ने कंपनी अधिनियम की धारा 185/186 के प्रावधानों के अनुसार कोई ऋण, गारंटी ओर प्रतिभूति प्रदान नहीं की है।

V. कंपनी ने जनता से कोई डिपोजिट स्वीकार नहीं किया है, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा–निर्देश और कंपनी अधिनियम की धारा 73 से 76 के प्रावधान अथवा अन्य संगत प्रावधान और उनके तहत बनाये गए नियम लागू नहीं हैं।

VI. केंद्र सरकार ने कंपनी अधिनियम की धारा 148 की उप–धारा 1 के अंतर्गत लागत रिकॉर्डों के अनुरक्षण निर्धारित नहीं किए हैं।

